वाराणसी, गुरुवार 26 दिसम्बर, 2024

पौष, कृष्ण पक्ष 11, वर्ष 13, अंक 318, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : टेस्ट रैंकिंग में बुमराह का जलवा



अन्दर : संविधान के 75 साल: हम कहां हैं

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## संसद के पास आत्महत्या की कोशिश

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। नये संसद भवन के पास एक शख्स ने खुद को आग लगाकर जान देने की कोशिश की। दिल्ली पुलिस ने बताया कि व्यक्ति यूपी के बागपत का रहने वाला है। इस घटना में वह गंभीर रूप से झुलस गया है। घटना के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। घटनास्थल से पेट्रोल बरामद किया गया है। शख्स की हालत नाजुक बताई जा रही है। दिल्ली अग्निशमन विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि विभाग को अपराह्न करीब 3.35 बजे सूचना मिली कि संसद भवन के सामने रेल भवन के पास एक शख्स ने खुद पर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली है। इसके बाद दमकल विभाग की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। हालांकि संसद के पास तैनात सुरक्षाकर्मी उसे राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जा चुके थे। दिल्ली पुलिस ने बताया शख्स यूपी के बागपत का रहने वाला है। उसका नाम जितेंद्र है। उसने रेल भवन के गोल चक्कर में खुद को आग लगा ली। उसकी उम्र 30 से 35 साल बताई जा रही है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
ठठेरी बाजार : 8318650589
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा •अर्दली बाजार •चौक(ठठेरी बाजार) वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# आग का गोला बना विमान,42 की मौत

## कजाकिस्तान में लैंडिंग के समय प्लेन क्रैश, 25 को बचाया गया



### प्लेन क्रैश के कई वीडियो आए सामने

प्लेन क्रैश के कई वीडियो सामने आए हैं। एक वीडियो में ये विमान हवा में लहराता नजर आता है। इसकी ऊंचाई तेजी से कम होती चली जाती है। कुछ ही सेकंड के भीतर ये जमीन से टकराता है और इसमें भयंकर आग लग जाती है। एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें जमीन से टकराने के बाद विमान में लगी आग को बुझाया जाता है। इस दौरान कुछ यात्री जहां विमान से बाहर निकलते नजर आते हैं, वहीं रेस्क्यू टीम विमान में फंसे दूसरे यात्रियों को वहां से निकालती दिखती है। ये यात्री दहशत में हैं और जो घायल हैं वो तकलीफ में नजर आते हैं। तीसरे वीडियो में क्रैश होने से पहले विमान एक बार ऊंचाई पर जाने की कोशिश करता दिखता है। लेकिन उसकी ये कोशिश नाकाम हो जाती है और उसका रुख नीचे की ओर हो जाता है। और फिर यहां से वो जमीन की तरफ आता है जहां टकराने के बाद उसमें आग लग जाती है।

**हादसा**

### इंजन से टकराए पक्षी, फिर फट गया ऑक्सीजन टैंक

नई दिल्ली। कजाकिस्तान में बुधवार को बड़ा विमान हादसा हो गया। यहां अजरबैजान एयरलाइंस का यात्री विमान लैंडिंग के वक्त क्रैश हो गया। अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर ए190 अफ विमान बाकू से रूस के चेचन्या जा रहा था। विमान में 67 लोग सवार थे, जिनमें से 42 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 25 लोग बचने में सफल रहे। स्थानीय अधिकारियों और घटनास्थल से प्राप्त वीडियो के मुताबिक, कैस्पियन सागर तट पर कजाकिस्तान के अक्तौ शहर के पास हुए विमान हादसे में पहले बचावकर्मियों की तत्परता से कई लोगों को बचा लिया गया। स्थानीय मीडिया ने घटनास्थल से जिंदा बचे लोगों को दिखाते हुए फुटेज जारी की है। एक महिला सदमे की हालत में दिख रही है और उसे कोई बड़ी चोट नहीं है। उसे विमान के टेल (पिछला हिस्सा) से बाहर निकाला गया और वह दर्द से चिल्लााती नजर आ रही है। क्लिप में एक आदमी भी दिख रहा है जो लंगड़ाकर चल रहा था, लेकिन उसे कोई और चोट नहीं दिख रही थी। घटनास्थल से दूसरे धुंधले वीडियो में दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के शव दिखाई दिए।

हादसे के तुरंत बाद दो टुकड़ों में बंट चुके प्लेन से कुछ लोग घायल हालत में बाहर आते नजर आए। उनके चेहरे पर हादसे की दहशत साफ नजर आ रही थी। फायर और रेस्क्यू टीम ने मोर्चा संभाला और विमान में लगी आग को बुझाया। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। शुरूआती जांच का हवाला देते हुए स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह हादसा पक्षी के टकराने के कारण हुआ है। समाचार आउटलेट ऑर्डा ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि विमान के एक इंजन से पक्षी टकराए, जिससे ऑक्सीजन सिलेंडर फट गया। विमान क्रैश से पहले ही कई यात्री बेहोश हो गए।

# उत्तराखंड में बस खाई में गिरी, चार की मौत

## 1500 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 27 लोग थे सवार

**दु:खद**

### मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा

**भीमताल।** उत्तराखंड में भीमताल के पास बस एक्सीडेंट की खबर सामने आई। बस में करीब 27 लोग सवार थे। हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ की टीम राहत कार्य में जुट गई थी। कई लोगों को बचा लिया गया है, लेकिन इस हादसे में 4 लोगों के मरने की खबर सामने आई है। इसमें एक बच्चा, एक महिला सहित 4 लोग हैं। भीमताल के पास हुए रोडवेज बस में 27 लोग सवार बताये गए हैं। रोडवेज की यह बस भीमताल से हल्द्वानी की ओर जा रही थी। हादसे के बाद बस लगभग 1500 फीट गहरी खाई में जा गिरी थी। इस हादसे में तीन लोगों के मरने की खबर सामने आई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। इसमें 23 लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। इस हादसे पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी



दुख प्रकट किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भीमताल के निकट बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। स्थानीय प्रशासन को त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए निर्देशित किया है। बाबा केदार से सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं। हादसे पर पुलिस का आधिकारिक बयान सामने आया है। नैनीताल के एसएसपी प्रहलाद मीना ने बताया कि नैनीताल के भीमताल में रोडवेज बस के खाई में गिरने से कई लोग घायल हो गए। राहत दल को मौके पर भेजा जा रहा है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। स्थानीय लोगों और एसडीआरएफ की मदद से राहत और बचाव कार्य किया गया। लोगों को रस्सियों की मदद से खाई से ऊपर लाया गया। लोगों को बचाने और सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने के लिए हल्द्वानी से 15 एंबुलेंस भी मंगवाई गई थीं। ताकी घायलों को समय पर इलाज मुहैया कराया जा सके। सीएम धामी ने कहा कि बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। इसमें उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा पांच लाख, जबकि सड़क सुरक्षा निधि से दो लाख और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से तीन लाख रुपए दिए जाएंगे। इसी प्रकार गंभीर रूप से घायल लोगों को तीन लाख एवं सामान्य रूप से घायल व्यक्तियों को 15-25 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## अखिलेश ने महाकुंभ की तैयारियों पर उठाए सवाल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने महाकुंभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की तैयारियों पर सवाल उठाए और कुप्रबंधन का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विपक्षी नेता ने प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था, स्थानीय समस्या और प्रशासन से संबंधित कई मुद्दों को उठाया और सरकार से तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की। अखिलेश ने पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार में 'प्रयागराज महाकुंभ 2025' की तैयारियों की यही सच्चाई है, कम से कम पुलिस विभाग का काम बहुत पहले पूरा हो जाना चाहिए था, क्योंकि सुरक्षा चक्र का प्रबंधन आखिरी दिन का इंतजार नहीं करता। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासियों और मेला क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में कथित देरी की ओर भी ध्यान आकर्षित किया और कहा कि प्रयागराज में लोग सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठा रहे हैं। प्रयागराज के पीड़ित लोग पूछ रहे हैं कि भाजपा सरकार ने महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा हटाने में बहुत तत्परता दिखाई, लेकिन प्रशासनिक प्रबंधन के लिए वही तत्परता क्यों नहीं दिखाई जा रही है? अखिलेश यादव ने महाकुंभ क्षेत्र के आसपास परिवहन और आवाजाही जैसे स्थानीय मुद्दों की उपेक्षा के बारे में शिकायतों को उजागर किया।

# पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**लाठीचार्ज**

### बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ आतंकियों जैसा व्यवहार क्यों- पप्पू यादव



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर बुधवार को लाठीचार्ज किया गया। पुलिसकर्मियों ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) कार्यालय का घेराव करने पहुंचे अभ्यर्थियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। कुछ महिला अभ्यर्थियों पर भी लाठियां बरसाई गईं। इसके बाद अभ्यर्थियों में भारी रोष है। हाल ही में हुई बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक सिविल सेवा परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर कई दिनों से छात्र आंदोलन कर रहे हैं। बुधवार को वे आयोग के कार्यालय का घेराव करने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। जानकारी के अनुसार गर्दनीबाग पर धरना दे रहे बीपीएससी अभ्यर्थी बुधवार दोपहर में आयोग के कार्यालय को घेरने पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें वापस जाने को कहा। जब वे नहीं माने तो उनपर बल प्रयोग किया गया। लाठीचार्ज में कुछ अभ्यर्थियों के घायल होने की सूचना है। लाठीचार्ज के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, इसमें पुलिसकर्मी छात्र-छात्राओं को दौड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। धरने में शामिल एक अभ्यर्थी ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा कि वे लोग आठ दिन से अनशन पर हैं। बहुत सलीके से बीपीएससी कार्यालय में जाकर अपनी बात रखना चाह रहे थे। पुलिसवालों ने उन पर बेवजह लाठीचार्ज किया। पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा की है। उन्होंने बिहार सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर अभ्यर्थियों के साथ ऐसी क्या दुश्मनी है कि उनके साथ आतंकियों और क्रूर अपराधियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। अपने लिए न्याय मांगने वालों पर लाठियों से प्रहार बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बुधवार रात को पुनः धरने पर बैठने का ऐलान किया है।

# केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से यूपी के किसानों को मिलेगी सिंचाई की बेहतर सुविधा

**योगी ने जताया आभार**

### अटल की 100वीं जयंती पर मोदी ने आधारशिला रखी

**लखनऊ।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना 'केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना' की आज आधारशिला रखी। इस मौके पर कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी का आभार भी जताया और कहा कि इस लोक-कल्याणकारी परियोजना के माध्यम से प्रदेश के किसान परिवारों को सिंचाई और पेयजल की सुविधा मिलेगी तथा हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा एवं



रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने पोस्ट में लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के पावन अवसर पर उनके विजन के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना 'केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना' की आज आधारशिला रखी है। इस लोक कल्याणकारी परियोजना के जरिए यूपी के लाखों किसान परिवारों को सिंचाई और पेयजल की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा एवं रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अभिनंदनीय उपहार हेतु उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई एवं श्रद्धेय अटल जी के आदर्शों को साकार करते इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया।

## मुरादाबाद में वर्षों से बंद पड़े जैन मंदिर को बनाया जाएगा लाइब्रेरी

**मुरादाबाद।** यूपी के संभल, काशी, बुलंदशहर और अलीगढ़ के बाद अब मुरादाबाद में बरसों पुराना मंदिर मिला है। रतनपुर कला गांव में स्थित सालों से बंद जैन मंदिर को अब लाइब्रेरी में तब्दील करने की तैयारी है। जिला प्रशासन इसके लिए जैन संगठन से सहमति पत्र लेगा। फिलहाल मंदिर की साफ सफाई करवाने का आदेश दिया गया है। पूर्व में इस मंदिर का निर्माण एक जैन परिवार ने करवाया था। अब इस मंदिर मे पूजा पाठ करने वाला कोई नहीं है। मुरादाबाद जिले की बिलारी तहसील में पड़ने वाले रतनपुर कला गांव में जैन मंदिर की देखरेख नहीं हो पा रही है। मंदिर के आसपास मुस्लिम बस्ती है। यहां किसी तरह का विवाद नहीं है लेकिन मंदिर की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। जिस परिवार ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था वह परिवार बरसों पहले यहां से जा चुका है।

# क्रिसमस पर भी दहला मणिपुर, दो जिलों के गांवों में फायरिंग से तनाव

**इंफाल।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर आज क्रिसमस के दिन भी भारी गोलीबारी से दहल उठा। सुरक्षा बल के सूत्रों ने बताया कि क्रिसमस के दिन राज्य की राजधानी इंफाल से सटे पहाड़ी जिलों इंफाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों के बीच अंतर-जिला सीमावर्ती दो गांवों में भारी गोलीबारी हुई है। हालांकि, इस गोलीबारी में कितने लोग हताहत हुए हैं, उसकी सटीक जानकारी नहीं मिल सकी है लेकिन इस घटना से इलाके में भारी तनाव है, जिसे देखते हुए प्रभावित गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल भेजे गए हैं। दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक पुल के नीचे से 3.6 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया है। सेना के एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि असम राइफल्स

**सुरक्षाबल तैनात**

### सुरक्षा बलों ने एक पुल के नीचे से 3 l6 किलोग्राम विस्फोटक किया बरामद



और मणिपुर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में इंफाल-चुराचांदपुर मार्ग पर स्थित लीसांग गांव से विस्फोटक जब्त किया। स्पीयर कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के लीसांग गांव में आईईडी होने की विशिष्ट खुफिया सूचना मिली और इसके आधार पर कार्रवाई करते हुए स्पीयर कोर तथा मणिपुर पुलिस के नेतृत्व में असम राइफल्स ने एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। टीम ने इंफाल-चुराचांदपुर मार्ग पर एक पुल के नीचे से 3.6 किलोग्राम विस्फोटक, डेटोनेटर, कॉर्डटेक्स और अन्य सामान बरामद किया। उन्होंने बताया कि विस्फोटकों को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते को तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने मंगलवार को चुराचांदपुर जिले के मोलजोल गांव से एक एम-16 राइफल और उसकी मैगजीन, चार एसबीबीएल देसी बंदूक, एक रिवॉल्वर सहित सात आग्नेयास्त्र और कारतूस जब्त किए।

## यूपी में बारिश से ठंड ने पकड़ी रफ्तार

**लखनऊ।** पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बारिश से बुधवार को पूरे उत्तर प्रदेश में कोहरा नहीं पड़ा। सोमवार और मंगलवार को हुई बूंदाबांदी से तापमान में पिछले 48 घंटे में गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठंड बढ़ गई है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार दोपहर को मौसम साफ हो गया और 27 दिसंबर से दोबारा बारिश शुरू होने से पहले यह स्थिति बने रहने की संभावना है। बुधवार को लखनऊ में 0 .5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जिससे दिन के तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। दोपहर में धूप निकलने के चलते इस नगर में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जिससे क्रिसमस के लिए मौसम खुशगवार रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रात के तापमान में हल्की वृद्धि के साथ 27 और 28 दिसंबर से तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। वहीं, कुछ जिलों में बारिश होने के अनुमान हैं।

# भारत रहा चुप तो उठाएंगे कड़ा कदम

**बांग्लादेश की गीदड़ भभकी**

### शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** पड़ोसी देश बांग्लादेश अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के अपने अनुरोध का नई दिल्ली से जवाब मिलने का इंतजार कर रहा है लेकिन भारत ने इस संबंध में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस बीच, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस संबंध में भारत से जवाब मिलने का इंतजार किया जा रहा है और अगर नई दिल्ली की तरफ से कोई जवाब नहीं मिलता है तो कड़ा कदम उठाते हुए 'नोट ऑफ अर्जेन्सी' जारी किया जाएगा। हालांकि, बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद रफीकुल आलम ने इस बात को स्वीकार किया कि बांग्लादेश और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि में जवाब देने के लिए कोई समय-सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि भारत उचित समय अवधि के भीतर जवाब नहीं देता है तो ढाका अगला कदम उठाने के लिए तैयार है। एक प्रेस वार्ता के दौरान, बांग्लादेश विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद रफीकुल आलम ने कहा, ह्लसोमवार को राजनयिक नोट भेजा गया था। जहां तक मुझे पता है, सरकारी चैनल में भारत की ओर से कोई जवाब नहीं आया है। हम अभी इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। बल्कि, हम भारत के जवाब का इंतजार करेंगे। हमारी अगली कार्रवाई उस जवाब के आधार पर तय की जाएगी। उन्होंने आगे कहा, जहां तक मुझे याद है, प्रत्यर्पण संधि में कोई समय सीमा नहीं है। इसलिए हमें भारत सरकार के जवाब का इंतजार करना होगा। हम



एक निश्चित समय तक इंतजार करेंगे। किसी भी चीज का जवाब देने का एक स्वाभाविक समय होता है। अगर हमें उस समय के भीतर कोई जवाब नहीं मिलता है, तो हम तात्कालिकता पत्र (नोट ऑफ अर्जेन्सी) भेजेंगे। हम उन्हें बता देंगे कि हम इस संबंध में जवाब की उम्मीद कर रहे हैं। नोट दो दिन पहले ही दिया गया है। इसलिए अभी अगले कदम के बारे में बात करना मुश्किल है। इस बीच, अंतरिम सरकार के प्रमुख सहयोगी महफूज आलम की टिप्पणी पर भारत में हो रहे कड़े विरोध पर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार के उप प्रेस सचिव अपूर्वा जहांगीर ने कहा कि महफूज द्वारा फेसबुक पोस्ट पूरी तरह से उनकी निजी राय थी। महफूज आलम ने एक पोस्ट में कहा था कि कुछ भारतीय क्षेत्रों को बांग्लादेश का हिस्सा होना चाहिए और भारत को उस विद्रोह को मान्यता देनी चाहिए जिसने हसीना को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया था। बाद में उस पोस्ट को हटा दिया गया। अपूर्वा जहांगीर ने कहा कि उन्होंने बाद में एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया है। साथ ही ये भी कहा कि टिप्पणियां सरकार की स्थिति को नहीं दर्शाती हैं।

## संभल हिंसा में सात और आरोपी गिरफ्तार

**संभल।** संभल में नंबर में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस ने सात और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ अब तक कुल 47 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। संभल में 24 नवंबर 2024 को जब शाही जामा मस्जिद का सर्वे चल रहा था। उस दौरान कुछ शरारती तत्वों ने पुलिस पर पथराव किया था और कई वाहनों में आग लगा दी थी। इस मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। संभल के एएसपी श्रीश चन्द्र ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने पिछले महीने हुई हिंसा के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान शोएब, जियाउद्दीन, जावेद, मुस्तफा, अजहरुद्दीन, शाहब और मो. आजम के रूप में हुई है। अभी तक इस प्रकरण में कुल 47 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# कांग्रेस के उठाये मुद्दों पर न उलझें

**बोले अमित शाह**

### आंबेडकर विवाद के बीच एनडीए की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के अवसर पर बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर पर बैठक की। बैठक में अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उठाए मुद्दे जैसे आंबेडकर या अन्य में ना उलझें बल्कि सकारात्मक काम करें। बैठक में यह भी बताया कि कैसे कांग्रेस और उसकी सरकारों ने संविधान का उल्लंघन किया है। इस बैठक में एनडीए और बेहतर समन्वय पर चर्चा हुई है। इस बात पर भी चर्चा हुई कि एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री विभिन्न सांसदों के साथ



समन्वय करके उनके मुद्दे या किसी भी आवश्यक सहायता का समाधान कैसे करेंगे। राजग की यह बैठक ऐसे समय में हुई जब गठबंधन एक साथ चुनाव कराने पर जोर दे रहा है और सभी घटक दल इस प्रस्ताव का समर्थन कर रहे हैं। ह्यएक राष्ट्र एक चुनावह्न संबंधी दो विधेयकों की जांच के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति की बैठक आठ जनवरी को होने की उम्मीद है।

इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, जनता दल यूनाइटेड (जदयू)नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और जनता दल(सेक्युलर) के नेता और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी मौजूद रहे। बिहार के हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एस) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा और भारत धर्म जन सेना के अध्यक्ष तुषार वेल्लापल्ली भी बैठक का हिस्सा रहे।

# न्यायिक अधिकारियों ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**जायजा**

### अधिकारियों ने जाना ठंड में बंदियों के लिए क्या है व्यवस्था



**वाराणसी।** जिला कारागार में मंगलवार को चंदौली एवं वाराणसी के न्यायिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। करीब एक घंटे चले निरीक्षण में अधिकारियों ने बैरकों के अतिरिक्त अस्पताल और भोजनालय जाकर व्यवस्था का जायजा लिया, और जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

एसीजेएम प्रथम वाराणसी एवं जेजे बोर्ड चन्दौली दोपहर बाद जेल पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचने पर कारागार अधीक्षक आचार्य डॉ. उमेश सिंह के साथ वह बैरकों में गये जहां पर बंदियों से मुलाकात की। अधिकारियों ने पूछा कि अगर किसी भी बंदी को अपने न्यायिक कार्य को आगे बढ़ाने में कोई दिक्कत आ रही हो तो उन्हें अवगत करायें। इस दौरान बंदियों ने अधिकारियों को अपने आवेदन पत्र सौंपे। न्यायिक अधिकारियों ने ठंड को देखते हुए बंदियों के लिए किस तरह की व्यवस्था है उसका जायजा लिया। अधीक्षक डॉ. उमेश सिंह ने उन्हें बताया कि इस मौसम से बंदियों को बचाने के लिए उन्होंने क्या-क्या कदम उठाया है तथा किस तरह की व्यवस्था की है। घंटेभर के निरीक्षण के बाद न्यायिक अधिकारी लौट गये। निरीक्षण के दौरान जेल के अन्य अधिकारी व जेलकर्मी मौजूद रहे।

## अटल जी के जन्मशती पर यात्रियों को तोहफा

**वाराणसी।** वातानुकूलित बस सेवाओं को जनोपयोगी बनाने के उद्देश्य से परिवहन निगम भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मशती के अवसर पर प्रदेश की जनता को कम किराये का सौगात दह है। शीतकाल में अधिक से अधिक यात्रियों को वातानुकूलित आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से किराये में कमी की जा रही है। इससे यात्रियों को कम किराया पर शीतकाल में आरामदायक यात्रा करने का लाभ मिलेगा। साथ ही निगम की एसी बसों का लोड फैक्टर भी बढ़ेगा, जिससे आय में वृद्धि होगी।यात्री किराये में लगभग 20 प्रतिशत तक की कमी की गयी है। वातानुकूलित 32 जनरथ/शताब्दी बस का किराया 25 दिसम्बर से 1.63 रुपए प्रति किमी प्रति यात्री की जगह 1.45 रुपए प्रति यात्री प्रति किमी तक होगा। इसके अलावा 22 जनरथ बस सेवा का किराया 1.93 रुपए प्रति किमी की जगह 1.60 रुपए यात्री प्रति किमी होगा।

# अध्यापकों से मारपीट अभिभावक गिरफ्तार

**चौबेपुर।** स्थानीय सुभाष इंटर कालेज में मंगलवार को क्लास में पढ़ाने जा रहे अध्यापकों के ऊपर पत्थर चलाये जाने के बाद अध्यापकों द्वारों कुछ छात्रों की पिटाई कर दी गयीं। जिससे छात्रों की शिकायत पर अभिवावकों ने विद्यालय परिसर में आकर स्कूल की दीवार व गेट उखाड़ कर अंदर घुसने के बाद मारपीट व तोड़फोड़ की। मौके पर पहुंची पुलिस ने बारह लोगो को हिरासत में ले लिया। बाद में चार अभिभावकों को जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सुभाष इंटर कालेज के अधयापक संजय सिंह,राजीव सिंह, राघवेंद्र, सुशील आदि अपने कक्ष में पढ़ाने मंदिर की ओर जा रहे थे। तभी कुछ शरारती छात्रों ने अध्यापकों के ऊपर पत्थर फेंकने लगे किसी तरह भाग कर जान बचाई। फिर अध्यापकों ने कुछ छात्रों को पीट दिया। जिसपर छात्रों ने फोन पर परिजनों को बुला लिया। स्कूल पहुचे अभिभावकों ने स्कूल का बन्द गेट व पीछे की दीवार तोड़कर अंदर घुसकर मारपीट अध्यापकों से करने फिर स्कूल का पंखा फर्नीचर, कुर्सी आदि तोड़ने लगे। इसकी जानकारी स्कूल से सटे चौबेपुर थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों को हुई तो मौके पर पहुच कर मोर्चा संभाला इस दौरान बारह लोगों को पुलिस हिरासत में ले लिया।इस सम्बंध में सुभाष इंटर कालेज के प्रधानाचार्य भानु प्रताप ने दस लोगों के विरुद्ध मारपीट, तोड़फोड़ कर फर्नीचर, कुर्सी, दीवाल गेट तोड़ने की तहरीर दी है।अतिरिक्त थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि अध्यापकों के साथ मारपीट तोड़फोड़ करने के आरोप में अमित कुमार प्रजापति 34 वर्ष मुरीदपुर, शिवबचन प्रजापति 26वर्ष,रामबचन 27 वर्ष गरथौली, विकास प्रजापति 20 वर्ष,अनिल कुमार प्रजापति 27 वर्ष मुरीदपुर को गिरफ्तार किया गया है।शेष अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।नाबालिग बच्चों को छोड़ दिया गया। शिवबचन प्रजापति का कहना था कि मेरे भाई को अध्यापकों में बुरी तरह से पीटा था।मैं कुछ लोगो के साथ शिकायत करने आया था।

## संक्षेप

### खड़े ट्रक से स्टेपनी चोरी

**रामनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के साहित्य नाका मोड़ पर देशी शराब ठेके के बाहर पास से मंगलवार की भोर में चोर खड़ी मिनी ट्रक से स्टेपनी चुरा ले भागे। स्टेपनी चोरी होने की जानकारी सीहाबीर निवासी ट्रक के मालिक विजय यादव को तब हुई जब वह सुबह मिनी ट्रक के पास पहुँचा। उसने बताया कि रात में मिनी ट्रक खड़ी करके वह घर चला गया था। चोरी गई स्टेपनी की कीमत लगभग चालीस हजार रुपए बताई जा रही है। इस सम्बन्ध में विजय ने थाने में तहरीर दी।

### गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

**रामनगर।** मंगलवार को स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को 64 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की प्रसव पूर्व जांच की गई। आशा कर्मियों के सहयोग से बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने इस मौके का लाभ उठाया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ गिरीश चंद्र द्विवेदी ने बताया कि अब हर माह की एक, नौ,16 और 24 तारीख को यह आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पोषण एवम् उनकी स्वास्थ्य जांच है जिससे जच्चा और बच्चा सुरक्षित रहे। इस अवसर पर डॉ नीलिमा,डॉ आर के गुप्ता, डॉ मीनाक्षी,श्वेत कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**चोलापुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भाग ले जाने के मामले में मंगलवार को अभियुक्त सचिन निषाद को थाना क्षेत्र के चंदापुर नहर हाईवे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार एक गांव की नाबालिग छात्रा कक्षा 9 में पढ़ने वाली घर से विद्यालय में पढ़ने गई गई थी घर वापस न आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद चोलापुर पुलिस को 112 नंबर की सूचना के बाद अपहरण की तकरीर दी जिस पर चोलापुर इंस्पेक्टर राकेश कुमार गौतम के द्वारा संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने पर अभियुक्त सचिन निषाद उम्र 24 वर्ष सादात बिंदुवली नवाबाद थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर पास्को सहित सुसंगत धाराओं में जेल भेजा गया वहीं पूछताछ में सचिन निषाद ने बताया कि विगत 3 महीने से मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे शादी करने की नीयत से भगाकर ले जा रहे थे रास्ते में पकड़ लिया गया।

### जानलेवा हमले के आरोपी की जमानत मंजूर

**वाराणसी।** जिला जज संजीव पाण्डेय की अदालत ने जान लेवा हमले के मामले में आरोपी इस्तियाक अहमद उर्फ शेरू की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद मंजूर कर ली। जबकि इसी मामले एक अन्य आरोपी इम्तियाज की अग्रिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली। आरोपी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल सिंह, मो मोहिउद्दीन, शाकिब, फैजुद्दीन ने पैरवी की। प्रकरण के अनुसार मायाकुंड सिगरा निवासी सलीम खान ने सिगरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था। आरोप था कि कारखाना के पुरानी रंजिश के लेकर आरोपियों ने रॉड और कैची से हमला किया । आरोपियों के हमले से वादी और उसके पुत्रों को गंभीर चोटे आई थी। वादी ने थाने में मुकदमा दर्ज

### एक आरोपी को ढाई साल की सजा

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम शैलेंद्र सिंह की कोर्ट ने जानलेवा हमले में आरोपी लल्लापुर सिगरा निवासी शाहबाज को दोषी पाए हुए ढाई साल की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर छः हजार रुपए की जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन की ओर से एडीजीसी रोहित मौर्य ने पैरवी किया है अभियोजन कथानक के अनुसार 8 मई 10 को वादी मुकदमा मुमताज के लड़के रईस अहमद को शाहबाज अपने दो साथियों के साथ मिलकर मुस्लिम स्कूल के पीछे ले जाकर जान से मारने की नीयत से चाकू से वार करने घायल कर दिया था। इस मामले वादी ने सिगरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था।

# रेलवे बोर्ड के सदस्य ने किया निरीक्षण



**वाराणसी।** रेलवे बोर्ड अतिरिक्त सदस्य वाराणसी जंक्शन (कैंट स्टेशन) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से सुविधाओं को फीडबैक भी लिया। कैंट स्टेशन पर सफाई व्यवस्था को देख उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों की सराहना की।

सोमवार को वाराणसी पहुंचे अतिरिक्त सदस्य रेलवे बोर्ड राजेश पाठक ने अपने निरीक्षण के क्रम में यात्री आश्रय हॉल पहुंचे जहां बने आरक्षण व जनरल टिकट कांउटर पर लाइन में लगे यात्रियों से कैंट स्टेशन पर मिल रहे यात्री सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने आधा दर्जन से यात्रियों से संवाद किया। इसके बाद अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने प्लेटफॉर्म संख्या चार/पांच, प्रथम एवं द्वितीय प्रवेश द्वार पर बन रहे होल्डिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय, आईआरसीटीसी रिटायरिंग रूम, आईआरसीटीसी खान पान गृह, ओएसओपी स्टाल, सकुर्लेटिंग एरिया एवं उस में स्थित ईएमआर का भी निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उनके द्वारा वाराणसी जंक्शन पर किये जा रहे सफाई के प्रति सभी को बधाई दी। आने वाले महाकुंभ को देखते हुए यात्रियों से संवाद किया गया एवं यात्री सुविधा हेतु नए एटीवीएम लगवाने तथा यात्रियों में यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देश भी दिया गया।

# अध्यक्ष बने कृपाशंकर व महामंत्री सुधीर

**पिंडरा।** तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वार्षिक चुनाव में कृपाशंकर पटेल अध्यक्ष तथा सुधीर कुमार सिंह महामंत्री तथा छोटेलाल कनिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किये गए। चुनाव कमेटी द्वारा घोषणा होते बैंड बाजे के जीत का जश्न मनाने के लिए पूरे तहसील में भ्रमण कर वकीलों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सोमवार को हुए मतदान के बाद मंगलवार को मतगणना सुबह 11 बजे से 2 बजे तक चली। एल्डर्स कमेटी के बच्चालाल यादव, प्रेमकुमार सिंह, जटाशंकर मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव ने मतगणना के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमे अध्यक्ष पद पर कृपाशंकर पटेल 251 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी सन्तोष कुमार सिंह को 159 मत मिले। महामंत्री पद पर सुधीर कुमार सिंह को एकतरफा 350 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी रविशंकर यादव को 61मत मिले। वही कनिष्ठ उपाध्यक्ष में छोटेलाल को 221 व प्रतिद्वंद्वी देवेंद्र कुमार मिश्रा को 186 मत मिले। कनिष्ठ पद के लिए कांटे की लड़ाई रही। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई। निर्वाचन कमेटी द्वारा घोषणा होते ही प्रत्याशी के समर्थक उन्हें कंधे



पर बैठाकर तहसील परिसर स्थित मौनी बाबा आश्रम ले गए। जहाँ से पूजन अर्चन के बाद डीजे व बैंड बाजे के साथ तहसील परिसर का भ्रमण कर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान अबीर गुलाल भी खूब उड़े। मतगणना के अंत तक पुलिस बल भी पर्याप्त संख्या में तैनात रही। इस दौरान पूर्व बार अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, पंधारी यादव, जवाहरलाल वर्मा, राजेश पटेल, श्रीनाथ गोंड़, अश्वनी मिश्रा, जगदम्बा मिश्रा, अरुण दुबे,उमेश सिंह, श्याम सिंह, अश्वनी सिंह, सतीश पांडेय, दीपक सैनी, अनिल यादव , तेजबहादुर वर्मा, अविनाश बोस समेत अनेक लोग रहे।।

### ये पदाधिकारी हुए निर्विरोध निर्वाचित

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए मुहम्मद जुवैद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (10 वर्ष से कम) के लिए अमरनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष के लिए सन्तोष कुमार सिंह, स0 सचिव प्रशासन आशुतोष कुमार सिंह, पुस्तकालय सचिव के लिए श्यामसुंदर पटेल व ऑडिटर पद के लिए दिनेश कुमार यादव समेत प्रबंध समिति के 11 सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

# कायाकल्प टीम ने चिकित्सीय सेवा का जाना हाल

**सीएचसी हाथी बाजार**

### टीम ने स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण के मानकों पर परखा



**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कायाकल्प कार्यक्रम के तहत सोमवार को कायाकल्प टीम ने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौकाघाट तथा मंगलवार को ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी बाजार का निरीक्षण किया। इस क्रम में आगामी दिनों में टीम बुधवार को ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिसिरपुर तथा गुरुवार को शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गाकुंड का निरीक्षण करेगी इस दौरान टीम ने स्वास्थ्य केंद्र की स्वच्छता, कर्मचारियों के कार्यों की तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की सराहना की।

स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ करण गौतम* ने बताया कि राज्य स्तर से आई दो सदस्यीय टीम डॉ प्रीती सिंह एवं डॉ. मयंक राय को पूरे चिकित्सालय का भ्रमण कराया गयो उन्होंने चिकित्सालय में दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी, तथा इसके पश्चात विभागवार किए जा रहे कार्यों एवं रोगियों द्वारा भरे गये संतुष्टि प्रपत्रों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ वाईबी पाठक* ने बताया कि चिकित्सा इकाईयों और स्वास्थ्य केन्द्रों का नामांकन आंतरिक, सहकर्मी एवं बाहरी मूल्यांकन के अंतर्गत तीन चरणों में किया जाता है। इन चरणों के माध्यम से सभी बिन्दुओं जैसे - स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, समर्थन तथा स्वच्छता को बढ़ावा देना, मरीजों के साथ स्टाफ का सकारात्मक व्यवहार आदि पर स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया जाता है। इसमें आंतरिक मूल्यांकन का निरीक्षण स्थानीय टीम दवारा तथा वाह्य मूल्यांकन का निरीक्षण राज्य स्तरीय टीम द्वारा किया जाता है।

### विवाहिता के मिले शव के मामले में मुकदमा

**जंस।** जंसा थाना क्षेत्र के परमपुर छावनी गांव निवासिनी विवाहिता मोनी पटेल पुत्री प्रभु नारायण पटेल उम्र 22वर्ष की सोमवार को मिजार्मुराद क्षेत्र के करधना गांव के एक तालाब में लाश मिली थी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। वही इस मामले में पिता की तहरीर पर रोहनिया के बैरवन गांव निवासी विवाहिता के पति किशन कुमार, ससुर राजेश कुमार ,सास फूल कुमारी, देवर अंकित के खिलाफ दहेज हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू किया था। वही मंगलवार को पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दे कि इस मामले में विवाहिता के पिता के तहरीर पर 15 दिसंबर को जंसा में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। मायके वालों का आरोप था कि पति किशन कुमार शराब पीकर आए दिन मोनी को मारता पीटता था। आप बीती मोनी ने अपने भाई को फोन कर बताई थी । जिस पर मृतिका का भाई उसके ससुराल गया और13 दिसंबर को वह अपने मायके आई थी 14 दिसंबर को उसका पति गांव के एक महाविद्यालय के पास मिलने पहुंचा था तब से विवाहिता गायब थी जिसकी खोजबीन की गई लेकिन वह नहीं मिल सकी थी।

# एआरएम विजय को कैंट का अतिरिक्त प्रभार

**वाराणसी।** परिवहन निगम के प्रदेश भर में 18 अधिकारियों का तबादला कर कई को नये पद पर भेजा गया है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने 18 अधिकारियों स्थानांतरण कर दिया। इनमें लखनऊ क्षेत्र केसाथ ही वाराणसी परिक्षेत्र के कई अधिकारी शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में सोमवार को बड़े स्तर पर तबादले किए गए हैं। चारबाग डिपो के एआरएम जितेन्द्र प्रसाद को हटाकर वाराणसी के कैंट डिपो में तैनात गौतम कुमार को नया एआरएम बनाया गया है। जितेंद्र प्रसाद को परिवहन निगम मुख्यालय भेजा गया है। इनके अलावा परिवहन निगम मुख्यालय में तैनात सहायक क्षेत्रीय लेखाधिकारी सुरेश कुमार श्रीवास्तव को वाराणसी क्षेत्र का सहायक क्षेत्रीय लेखाधिकारी बनाया गया है। वाराणसी डिपो में तैनात प्रभारी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विजय कुमार श्रीवास्तव को अब कैंट डिपो का सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक का अतिरिक्त पदभार सौंपा गया है। अतिरिक्त प्रभार मिलने के बाद एआरएम विजय श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यालय के आदेश का पूरा पालन किया जायेगा। बताया कि जो जिम्मेदारी दी गयी है उसे कर्तव्यनिष्ठा से पूरा किया जायेगा।

### चोरी की बाइक लेकर भागने वाला गिरफ्तार

**रोहनिया।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक लेकर भागने वाले अजय मौर्य , बेनीपुर थाना मिर्जामुराद को मंगलवार की शाम लठियां बाईपास स्थित तिराहे से औढ़े की तरफ जाते समय गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपित अजय मौर्य ने बताया कि यह हीरो स्पेलेण्डर मोटर साइकिल मुन्ना लाल की है, जिसको मैंने उनके कारखाने से उनके भाई के साले को बाइक पर बैठाकर बच्छांव गया जहां पान की दुकान पर उतारकर बाइक लेकर भाग गया था।

पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना संख्या-254/2024
रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, यात्रियों की सुविधा हेतु कुम्भ मेला स्पेशल गाड़ियां निम्नलिखित समय पर चलाई जाएगी।



गाड़ी सं. 07701/07702 गुंटूर-आजमगढ़-गुंटूर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी
(1) गाड़ी संख्या 07701 गुंटूर से- शुक्रवार, दिनांक 24.01.25- 01 फेरा
(2) गाड़ी संख्या 07702 आजमगढ़ से- रविवार, दिनांक 26.01.25- 01 फेरा

| गाड़ी संख्या 07701 गुंटूर - आजमगढ़ | | | गाड़ी संख्या 07702 आजमगढ़ - गुंटूर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:00 | गुंटूर | 09:00 | --- |
| 00:20 | 00:30 | विजयवाड़ा | 06:10 | 06:20 |
| 01:58 | 02:00 | खम्मम | 03:43 | 03:45 |
| 03:28 | 03:30 | वारंगल | 02:18 | 02:20 |
| 04:58 | 05:00 | रामागुंडम | 00:53 | 00:55 |
| 05:13 | 05:15 | मंचीर्याल | 00:33 | 00:35 |
| 06:20 | 06:22 | सिरपुर कागज नगर | 00:03 | 00:05 |
| 08:55 | 09:00 | बल्हारशाह | 23:40 | 23:45 |
| 09:15 | 09:17 | चंद्रपुर | 22:45 | 22:47 |
| 12:15 | 12:20 | नागपुर | 19:30 | 19:35 |
| 15:08 | 15:10 | बेतुल | 17:30 | 17:32 |
| 17:40 | 17:50 | इटारसी | 15:40 | 15:50 |
| 18:43 | 18:45 | पिपरिया | 14:08 | 14:10 |
| 21:08 | 21:10 | नरसिंहपुर | 13:08 | 13:10 |
| 23:58 | 00:10 | जबलपुर | 11:50 | 12:00 |
| 01:20 | 01:25 | कटनी | 10:15 | 10:20 |
| 02:18 | 02:20 | मैहर | 09:18 | 09:20 |
| 02:50 | 02:55 | सतना | 08:45 | 08:50 |
| 04:18 | 04:20 | मानिकपुर | 06:38 | 06:40 |
| 06:20 | 06:30 | प्रयागराज छिवकी | 04:00 | 04:10 |
| 07:25 | 07:27 | मिर्जापुर | 01:18 | 01:20 |
| 12:00 | 12:10 | बनारस | 23:20 | 23:30 |
| 15:20 | 15:35 | शाहगंज | 20:50 | 21:00 |
| 17:15 | --- | आजमगढ़ | --- | 19:45 |

रेक संरचना–एलएसएलआर/डी-01, जनरेटर सह लगेज यान-01,स्लीपर श्रेणी-09, एसी तृतीय श्रेणी-08, एसी द्वितीय श्रेणी-01, सामान्य द्वितीय श्रेणी-02 = 22 कोच

गाड़ी सं. 07707/07708 मौला अलि -आजमगढ़- मौला अलि कुम्भ मेला विशेष गाड़ी
(1) गाड़ी संख्या 07707 मौला अलि से- शनिवार, दिनांक 18.01.25- 01 फेरा
(2) गाड़ी संख्या 07708 आजमगढ़ से- सोमवार, दिनांक 20.01.25- 01 फेरा

| गाड़ी संख्या 07707 मौला अलि - आजमगढ़ | | | गाड़ी संख्या 07708 आजमगढ़ - मौला अलि | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | मौला अलि | 07:30 | --- |
| 00:03 | 00:05 | चर्लपल्ली | 04:20 | 04:22 |
| 01:05 | 01:07 | जनगांव | 03:13 | 03:15 |
| 02:08 | 02:10 | काजीपेट | 02:18 | 02:20 |
| 03:10 | 03:12 | पेद्दपल्ली | 01:18 | 01:20 |
| 03:48 | 03:50 | मंचिर्याल | 00:50 | 00:52 |
| 04:40 | 04:42 | बेल्लमपल्ली | 00:28 | 00:30 |
| 05:50 | 05:52 | सिरपुर कागज नगर | 00:03 | 00:05 |
| 08:55 | 09:00 | बल्हारशाह | 23:40 | 23:45 |
| 09:15 | 09:17 | चंद्रपुर | 22:45 | 22:47 |
| 12:15 | 12:20 | नागपुर | 19:30 | 19:35 |
| 17:40 | 17:50 | इटारसी | 15:40 | 15:50 |
| 18:43 | 18:45 | पिपरिया | 14:08 | 14:10 |
| 21:08 | 21:10 | नरसिंहपुर | 13:08 | 13:10 |
| 23:58 | 00:10 | जबलपुर | 11:50 | 12:00 |
| 01:20 | 01:25 | कटनी | 10:15 | 10:20 |
| 02:18 | 02:20 | मैहर | 09:18 | 09:20 |
| 02:50 | 02:55 | सतना | 08:45 | 08:50 |
| 04:18 | 04:20 | मानिकपुर | 06:38 | 06:40 |
| 06:20 | 06:30 | प्रयागराज छिवकी | 04:00 | 04:10 |
| 12:00 | 12:10 | बनारस | 23:20 | 23:30 |
| 15:20 | 15:35 | शाहगंज | 20:50 | 21:00 |
| 17:15 | --- | आजमगढ़ | --- | 19:45 |

रेक संरचना–एलएसएलआर/डी-01, जनरेटर सह लगेज यान-01,स्लीपर श्रेणी-07, एसी तृतीय श्रेणी-06, एसी द्वितीय श्रेणी-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी-03 = 20 कोच

मुजाधि/टी-91
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

## एमबीए का छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र के काशी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (केआईटी) में पढ़ने वाला एमबीए का छात्र आदित्य कुमार सोनी बीते 17 दिसंबर की सुबह अपने सहपाठी से लखनऊ जाने की बात कहकर निकला और लापता हो गया।मोबाइल भी स्विच आंफ बता रहा हैं।छात्र कालेज के बगल में स्थित प्राइवेट हॉस्टल में रहता रहा।भदोही जिले के चौरी थानांतर्गत परसीपुर निवासी छात्र के पिता रामकुंवर सेठ ने मंगलवार की दोपहर मिजार्मुराद थाने पहुंच तहरीर देकर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई।पिता ने बताया कि बेटे की गायब होने के बाद कालेज में पता लगाने के बाद काफी खोजबीन किया लेकिन कही भी कोई जानकारी न होने पर गुमशुदगी दर्ज करवाया हूं।पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर छात्र के तलाश में जुट गई।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 212143247 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र खो गया है। गोलू चौहान पुत्र रामजीत चौहान, महाराजपुर, चांदपुर, बलिया, उप्र।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2853758 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2117372 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र खो गया है। प्रमोद कुमार यादव पुत्र मनजी यादव, सहतवार, बलिया, उप्र।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बी0बी0ए0 एल0एल0बी0 वर्ष 2016-21 अनुक्रमांक 128062 पंजीकरण संख्या 458/16 स्नातक की डिग्री खो गयी है। पुन्या त्रिपाठी पुत्री नरेन्द्र त्रिपाठी पिपलानी कटरा कबीरचौरा वाराणसी।

## कोर्ट के आदेश पर सात माह बाद लिखा मुकदमा

**रोहनिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भदवर चौकी अंतर्गत देल्हना निवासी महिला अनीता शर्मा ने आरोप लगाया कि 10 मई को वह अपने मायके विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंची थी जहां पर जमीनी विवाद को लेकर विपिन चौहान गोलू चौहान विद्या देवी व रेनू सिंह मिलकर उसके पिता से गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहे थे जब उसने अपने मोबाइल से वीडियो बनाने की कोशिश की तो वह मौजूद विद्या व रेणु दोनों उसके ही साथ थे मारपीट व गाली गलौज करने लगी जिस पर महिला ने कोर्ट का शरण लेते हुए माननीय न्यायालय विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से आदेश कराकर रोहनिया थाने में उक्त के खिलाफ मुकदमा।

## अटल बिहारी व महामना की स्मृति में डीएवी में कवि सम्मेलन आज



**वाराणसी।** देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री रहे कवि सम्राट एवं भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी जयंती तथा भारतरत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय की 163 वीं जयंती पर डीएवी पीजी कालेज में भव्य कवि सम्मेलन सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। बुधवार को अपराह्न 03 बजे से कालेज के स्व. पीएन सिंह यादव स्मृति सभागार मे राष्ट्रीय स्तर के कवियों द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा। साथ ही अकादमिक विद्वानों द्वारा संगोष्ठी के माध्यम से दोनों महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में शहर दक्षिणी के विधायक डा. नीलकण्ठ तिवारी, डीएवी कालेज के मंत्री/प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# एसडीएम ने सड़क पर ही लगा दी कोर्ट

**रोहनिया।** राजातालाब वाराणसी में एडीएम का अंदाज देख लोग हैरान रह गए। उन्होंने वकीलों से विवाद के बाद मैदान में ही कोर्ट लगा दी। गाड़ी के स्पीकर से अनाउंस करके एक-एक वादी को बुलवाने लगे। कार की खिड़की पेशी का कटघरा बन गई। वादियों ने भी खिड़की के बाहर खड़े होकर अपना पक्ष रखा। कोर्ट की अनूठी कार्रवाई देखकर भीड़ लग गई। लोग वीडियो बनाने लगे।

ट्रेनी आईएएस का यह अंदाज देखकर वकील भी चौंक गए, फिर वकीलों ने एसडीएम को किसी तरह मनाया। 1 घंटे बाद रुद्ध कोर्ट रूम में वापस गए। मामला मंगलवार सुबह राजातालाब तहसील का है। बता दे कि मंगलवार सुबह 11 बजे एसडीएम राजातालाब सई आश्रित शाकमुरी कोर्ट में सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान एक फाइल पर ऑर्डर करने को लेकर वकील संतोष चौबे से बहस हो गई। वकील अपनी फाइल पर ऑर्डर को लेकर अड़े थे, रुद्ध ने डेट लगा दी। इससे वकील संतोष चौबे ने कोर्ट का बहिष्कार करते हुए बार एसोसिएशन से शिकायत कर दी। काफी देर तक कोई वकील कोर्ट में नहीं गया। यही नहीं, वादियों को भी नहीं जाने दिया। यह देख रुद्ध कोर्ट से बाहर आ गए। कर्मचारियों को फाइल के साथ बुलाया। एसडीएम ने पोर्टिको के सामने मैदान के बीच में अपनी कार खड़ी कराई। फिर उसमें बैठ गए और कोर्ट शुरू कर दी।



### वकील ने कहा- यह न्याय की गरिमा का हनन

वकील विकास सिंह ने कहा- यह न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन और मनमानी है। यह पूरा मामला न्याय की गरिमा का हनन और अनुचित कार्य शैली का उदाहरण है। यह रवैया स्वीकार्य नहीं है। हम बार एसोसिएशन के माध्यम से सीनियर अफसरों को इसकी जानकारी देंगे। आवश्यक कदम उठाएंगे।

# धोखाधड़ी करने के मामले में केस

**वाराणसी।** दशाश्वमेध के अगस्तकुंडा की रहने वाली प्रिया मुखर्जी की शिकायत पर कोर्ट के आदेश पर महमूरगंज के रहने चित्रार्थ दीक्षित के धोखाखड़ी कूटरचित धमकी गाली गलौज करने के मामले में भेलूपुर थाना आरोपी चित्रार्थ दीक्षित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है प्रिया मुखर्जी का आरोप है कि 2017 में वैभवी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा लि कंपनी रजिस्ट हुआ। इसमें पांच सदस्य जय नारायण सिंह,कामता प्रसाद वर्मा,तारा सिंह,प्रिया मुखर्जी, चित्रार्थ थे। जिसमें 2021 में जय नारायण सिंह की मौत हो गई। जय नारायण सिंह की मौत के बाद कंपनी के द्वारा तैयार फ्लैटों को चित्रार्थ बेचकर पैसा अपने खाता में डालने लगा। जिसको लेकर कंपनी के सदस्यों की मीटिंग हुई।उसके बाद 2022 में चित्रार्थ फर्जी कंपनी से रिजाइन करने का लैटर तैयार करके कानपुर कंपनी के मुख्य कार्यालय में भेज दिया था। उस मामले की जानकारी होने बाद सभी सदस्यों ने मामले जानकारी कानपुर कार्यालय में दिए। 15 जुलाई 2023 को चित्रार्थ बनारस स्टेशन के सामने श्रीराम कालोनी में मिला था।वहां भी प्रिया के साथ दुर्व्यवहार किया था।

वाराणसी सर्राफा भाव

सोना (RTGS 999.0) 78650/inc.GST

चांदी (99.50) 90250/- प्रति किलो

चांदी सिक्का 120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी भारत



# क्रिसमस मेला में उमड़ी हजारों की भीड़













**उत्सवी माहौल**

### मसीही समाज के लोगों ने दी एक दूसरे को बधाई

### युवाओं के साथ युवतियों व महिलाओं, बच्चों की रही भीड़

### महागिरजाघर में क्रिसमस मेला का पहला दिन

**वाराणसी।** प्रभु यीशु मूसीह के जन्म का ग्लोबल पर्व ञ्क्रिसमसञ् आस्था और उमंग व हर्षेल्लास के साथ बुधवार को मनाया गया। इस दौरान आराधना संग जश्न और उल्लास में समूचा मसीही समुदाय डूबा नजर आया। इस मौके पर कैन्टोंमेंट स्थित गिरजाघर में क्रिसमस मेला में हजारों की भीड़ उमड़ी थी। लोगों ने गिरजाघरों में अमन के राजकुमार प्रभु ईसा मसीह की जहां आराधना की वहीं चर्चेज में अमन, एकता और सौहार्द के लिए प्रार्थना की गई। क्रिसमस मेले में लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ था तो मसीही घरों व कालोनियों में जश्न का माहौल दिखा। इस दौरान चर्चेज में क्रिसमस गीत, तेरा हो अभिषेक अमन के राजकुमार, आज हमारे दिल में जन्म ले हे प्रभु यीशु महान..,फिजा में गूंज रहा था। दुनिया भर के चर्च और गिरजाघर मुक्तिदाता ईसा मसीह के जन्म के गीत से गूंजायमान हो रहे थे। यूं तो ईसा जन्म की विशेष आराधना मध्य रात्रि में ही शुरू गई थी, मगर बड़े दिन की पहली सुबह ईसा मसीह को मानने वालों ने आराधना करके जहां अपनी आस्था प्रकट की वहीं देश आपदाओं, बुराईयों का खात्मा, आतंकवाद, गरीबी से मुक्ति के साथ ही अमन, शांति और सौहार्द के लिए दुआएं मांगी गई।

**सुबह से ही शुरू हुई आराधना**

धर्म की नगरी काशी में सबसे पहले कैंट स्थित सेंट मेरीज कैथड्रल (महागिरजा) में ईसा मसीह की आराधना सुबह 8.30 बजे हिन्दी व 9.30 बजे अंग्रेजी में हुई। एक-एक घंटे की इस आराधना में बाइबिल का पाठ, ईसा जन्म का मकसद बताया गया। प्रार्थना सभा में पल्ली पुरोहित फादर अगस्टिन, फादर थामस सी. सिस्टर जमीला, सिस्टर ज्योति, सिस्टर ट्रीसा, सिस्टर मोनिका, सिस्टर रानी मारिया, सिस्टर मंजू, सिस्टर अंजू समेत चर्च में काफी लोग मौजूद थे। इस मौके पर महागिरजा में क्रिसमस मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी थी। क्रिसमस डे सर्विस के तहत तेलियाबाग चर्च में पादरी आदित्य कुमार की अगुवाई में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। पादरी ने कहा कि हमें बुराईयों व पापो से मुक्ति दिलाने जग के राजकुमार एक बालक के रूप में इस दुनिया में आये। आज उन्हीं की वजह से हम सभी उस अमन के राजकुमार की जयंती मना रहे हैं। हम प्रार्थना करे कि देश में अच्छे और विकास के काम हो, हमारा देश, हमारा मुल्क और हमारी कलीसिया शांति और तरक्की के रास्ते पर हो। इस पर लोगों ने एक स्वर से कहा, आमीन..। तत्पश्चात क्रिसमस गीत फिजा में गूंज उठे..उठो आंखे खोलो मन फिराओ, मुक्तिदाता के दर्शन जो चाहो, व ..चलो जल्दी करो वैरी निंदिया न सोओ, कहीं तारा ओझल न हो जाये..। प्रार्थना सभा के बाद यहां लोगों ने एक दूसरे को केक खिला कर क्रिसमस सेलीब्रेट किया। सेंट पॉल चर्च सिगरा में पादरी सैम जोशुआ सिंह ने विशेष आराधना करायी। इस मौके पर पूरे चर्च से अमन, मिल्लत और सौहार्द की सदाएं कैरोल सिंगिंग के दौरान गूंजती रही। पादरी ने कहा कि हमें आज वचन लेना होगा कि हम पूरे साल बुराईयों से बचे और अच्छाईयों के साथ अपना रिश्ता जोड़े। तभी सच्चे अर्थो में हम क्रिसमस का लुत्फ उठा पायेंगे। क्यों कि क्रिसमस हमारे उद्धार का दिन है। मुगलसराय चर्च में पादरी संजय दान की अगुवाई में क्रिसमस मिलन व विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया तो लाल चर्च में पादरी इकबाल मसीह ने सबसे पहले आराधना कराई उसके बाद बधाईयों का दौर शुरू हो गया। क्रिसमस मिलन में लोगों ने एक दूसरे को गले लगाया व चुम्मन का आदान प्रदान कर क्रिसमस की बधाइयां दी। यहां अनूप दयाल, सौरभ, विजय दयाल, नील कमल चरण, शबनम, किरन, सुशील बेनजामिन, श्वेता, ज्योत्सना, डेविड, अभय, अभिषेक, रोमा आदि सैकड़ों लोगों ने एक दूसरे में केक का आदान-प्रदान किया। सेंट थामस चर्च गौदोलिया में पादरी न्यूटन स्टीवंस, चर्च ऑफ बनारस में पास्टर बेन जॉन, सेंट बेटलफुल गॉस्पल चर्च में पास्टर एंड्रू थामस, ईसीआई चर्च में पास्टर नवीन ज्वाय, पास्टर दशरथ पवार, सेंट जांस महरौली चर्च में फादर सुसाई राज, सेंट जांस लेढूपुर चर्च में फादर हैनरी, वाराणसी मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रेयर हाउस में पास्टर लालकुमा, विजेता प्रेयर मिनिस्ट्रीज में पास्टर अजय कुमार, पास्टर एसपी सिंह ने आराधना कराते प्रभु ईसा मसीह के रास्ते पर चलने की लोगों को हिदायत दी। यहां सिस्टर रोजी, विशाल राय, पास्टर कैनथ चतरी, सिस्टर नीरजा आदि मौजूद थीं। इस दौरान विभिन्न चर्चेज में आराधना के बाद लोग मस्ती करते दिखाई दिये। कही यीशु जन्म की झांकी दिखी तो कहीं लोग सेल्फी लेकर मस्ती करते दिखे। चर्च ऑफ बनारस छावनी में ईसा मसीह जन्मोत्सव पादरी बेनजॉन की अगुवाई में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रार्थना और आराधना के साथ ही यीशु जन्म पर आधारित ड्रामा व पंजाबी भांगड़े के साथ ही वेस्टर्न डांस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद लोगों ने एक दूसरों से गले मिलकर क्रिसमस की बधाईयां दी। आयोजन का आनलाईन भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन बेन जॉन व सू जॉन ने दिया। यहां बी एन जॉन ने प्रभु यीशु के जन्म पर विशेष प्रकाश डाल कर लोगो को प्रभु के आगमन के बारे में बताया तथा प्रेम और शांति का संदेश दिया। इस मौके पर ऋषिका, मेरी ,प्रिया, वर्षा, रेचल, विनीता, खुशी, मनीषा, यश, डेनियल दीपक, आयुष ,जे जे, राजकुमार, राहुल इत्यादि ने कैरोल गीत गाए। कोमल, खुशबू, जॉय, प्रॉक्सिमा, आन्या, अन्नू, अशर इत्यादि बच्चो ने प्रभु यीशु के जन्म उत्सव पर नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में चर्च पास्टर बेन जॉन ने आभार प्रकट करते हुए क्रिसमस की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। उधर बाल विद्यालय में क्रिसमस सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया। आयोजन में शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने सेंटा क्लॉज संग खूब मस्ती की और एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी।

## मेरा प्रभु जन्मा, प्यारा प्रभु जन्मा...



वाराणसी। सेंट पॉल चर्च (सीएनआई )ने कैंडल लाइट सर्विस आयोजित की गई। इसी माह प्रभु यीशु मसीह का जन्म 2000 साल पूर्व हुआ था। विश्व के हर चर्च में दिसंबर माह से ही जन्मोत्सव के उत्साह शुरू हो जाते हैं। इसी क्रम में बुधवार को 6.30 बजे सेंट पॉल चर्च सिगरा वाराणसी में कैंडल लाइट प्रार्थना का आयोजन किया गया। चर्च के सदस्यों ने मोमबत्ती जलाकर भजन गाते हुए चर्च की प्रक्रिया की तत्पश्चात चर्च में प्रवेश किया। आराधना में प्रभु जन्मोत्सव से जुड़े गीत, आया मसीह दुनिया में तू ,मेरा प्रभु जन्मा प्यारा प्रभु जन्मा उपस्थित लोगों ने बड़े उत्साह से गाया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेवरन सेम जोशुआ सिंह ने प्रार्थना से किया। कार्यक्रम का संचालन योगेश फिलिप ने किया। अंत में श्री सैमसंन दास ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# योजनाओं में ढिलाई करने पर कार्रवाई तय

**चेताया**

### ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं को लेकर डिप्टी सीएम ने कसी चूड़ी

### ठंड को देखते हुए गोवंश आश्रय स्थलों में समुचित इंतजाम का दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं को लेकर अफसरों की चूड़ी कसी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के कार्यों को समय से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। किसी योजना को पूरा होने में जरा भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर एक योजना की मानीटरिंग की जा रही है। किसी योजना की प्रगति ठीक न हो तो इसमें समय रहते सुधार किया जाए। यदि योजना का काम ठीक नहीं रहा तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। डिप्टी सीएम बुधवार को सर्किट हाउस में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों को लेकर अफसरों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरी इंतजाम किए जाएं। गौवंश की ठंड से मौत न हो इसलिए आश्रय स्थलों पर गौवंशों के लिए समुचित इंतजाम करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य की भी नियमित देखभाल की जाए। डिप्टी सीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों में साफ- सफाई का भी विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में जरा भी ढिलाई न करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मानवीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ग्राम सभाओं में अच्छी सड़क, बिजली की उपलब्धता, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाए।

### पाताल में भी छिपे अपराधी, खोज निकालेंगे

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उप्र में ऐसी मजबूत कानून व्यवस्था है कि अपराधी चाहे पाताल में छिप जाए, उसे खोज निकाला जाता है। प्रदेश सरकार ने उप्र में सुरक्षा और शांति का ऐसा माहौल बनाया है जहां लोग सुरक्षित और निश्चिंत होकर रह सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और कार्यों पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

# नीली शर्ट- साड़ी पहनने से कोई अंबेडकर का अनुयायी नहीं हो जाता

**साधा निशाना**

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कांग्रेस पर बोला हमला

### कहा, डा. अंबेडकर के कार्यों को नजरअंदाज करती रही है कांग्रेस

**वाराणसी।** उप्र के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि नीली शर्ट और नीली साड़ी पहनने से कोई बाबा साहब का अनुयायी नहीं हो जाता। कांग्रेस डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि इतिहास बताता है कि कांग्रेस ने हमेशा उनका अपमान किया है। डिप्टी सीएम बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत करने यहां पहुंचे थे और मीडिया से मुखातिब थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि जब बीपी सिंह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से सरकार बनी, तब अंबेडकर के जन्मस्थान को स्मारक में परिवर्तित करने का कार्य किया गया। जबकि कांग्रेस डॉ. अंबेडकर के कार्यों को नजरअंदाज करती रही है, उनके निधन पर आयोजित अंतिम संस्कार में भी कांग्रेस नहीं शामिल नहीं हुई थी। उन्होंने सवाल किया कि संविधान सभा में डा. अंबेडकर को पश्चिम बंगाल से क्यों आना पड़ा। भाजपा ने हमेशा डॉ. अंबेडकर का सम्मान किया है और उनके योगदान को सराहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न सिर्फ डॉ. भीमराव अंबेडकर की विरोधी रही है, बल्कि दलितों, पिछड़ों और वंचितों के भी खिलाफ है।

उन्होंने सपा और बसपा को भी कांग्रेस के इस एजेंडे का हिस्सा बताया। गृहमंत्री अमित शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस जैसे रंगे सियार नीली टी-शर्ट और साड़ी पहनकर दलितों और पिछड़ों को भ्रमित नहीं कर सकते।

### यूपी के विकास में असफल रहे अखिलेश

डिप्टी सीएम ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है और भटकी हुई राजनीति कर रहा है। सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव की विचारधारा उत्तर प्रदेश की जनता के हितों के खिलाफ है। अखिलेश यादव की राजनीति राज्य के विकास और जनता के साथ न्याय करने में असफल रही है। महाकुंभ को लेकर दिए गए अखिलेश यादव के बयान पर डिप्टी सीएम ने पलटवार करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान पड़े कुंभ की दुर्व्यवस्था को याद कर लें तो ऐसी बात नहीं करेंगे।

# बिना भेदभाव के सबको लाभ देना ही सुशासन





**वाराणसी।** उप्र के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर बुधवार को इंग्लिशिया लाइन स्थित भारतीय शिक्षा मंदिर में आयोजित प्रदर्शनी को देखा। उन्होंने सुशासन के लिए प्रदेश में चलायी जा रही योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी को देखकर कहा कि उप्र सरकार समाज के अंतिम पायदान तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। बिना भेदभाव के समाज के सभी लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न स्टालों पर पहुंचकर वहां लगायी गयी प्रदर्शनी को देखा और उसके बारे में जानकारी ली। संगोष्ठी के संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न अटल का विराट व्यक्तित्व हर किसी को प्रभावित करता है। उन्होंने देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्य रखने के लिए पद की लालसा नहीं रखी। सुशासन के जरिए समाज के हर व्यक्ति तक उन्होंने सरकार की रीति- नीति और योजनाओं को पहुंचाने का सपना देखा और अपने कार्यकाल में इसके लिए उल्लेखनीय कार्य भी किया। उन्होंने कहा कि अटल जी के सपनों को पूरा करने के लिए ही वर्तमान सरकार काम कर रही है। भाजपा के शासन में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से मुक्त हुए हैं। गरीबों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जनधन योजना के तहत 55 करोड़ खाते खोलकर गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खातों में दिया गया। स्वच्छ भारत अभियान से हर घर में शौचालय बनवाकर स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए गरीबों को घर देने का सपना साकार किया। गरीब अन्न कल्याण योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन प्रदान किया गया। भाजपा का लक्ष्य देश को विकसित भारत बनाना है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार को कम करके जनता का विश्वास जीता है।

**किया अवलोकन**

### पूर्व पीएम अटल जी की जयंती पर लगी प्रदर्शनी को डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने देखा

### भाजपा सरकार अटल जी के सपनों को साकार कर जीत रही जनता का विश्वास

### सभी को दे रहे कुंभ आने का न्योता

महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, चाहे वे किसी भी राजनीतिक दल से हों, को महाकुंभ में शामिल होने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि सभी ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया है। इसके अलावा, दुनिया के कई देशों के राजदूतों को भी महाकुंभ में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।




# भारत माता मंदिर के पीछे की जमीन हुई फाइनल

**बाधा दूर**

### रोप-वे परियोजना के तहत विद्युत सब स्टेशन का काम हुआ तेज

### अधीक्षण अभियंता ने लिया जायजा

**वाराणसी।** भारत माता मंदिर परिसर के पीछे विद्युत सब स्टेशन बनाने का काम तेज हो गया है। पहले बिजली निगम ने भारत माता मंदिर के मुख्य गेट के पास जमीन पर काम करवाने का फैसला लिया था। बाद में इस पर विद्यापीठ प्रशासन ने आपत्ति जताई थी। अब मंदिर परिसर के पीछे वाली जगह पर काम करवाने का फैसला हुआ है। इसके बाद विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो गया। अधीक्षण अभियंता ने भारत माता मंदिर जाकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। वाराणसी में रोपवे संचालन के लिए 33/11 केवी का नया बिजली सब स्टेशन बनाया जाना है। यहां 5-5 एमवीए के दो पावर ट्रांसफॉर्मर भी लगाए जाने हैं। बीते सोमवार को सब स्टेशन का काम शुरू हुआ तो काशी विद्यापीठ के चीफ प्रॉक्टर ने मुख्य गेट पर सब स्टेशन बनाने पर आपत्ति जताई थी। अब नई जगह पर तेजी से काम चल रहा है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. केके सिंह ने बताया कि मेन गेट के पास सब स्टेशन बनने से छात्रों की पढ़ाई बाधित होती, इस वजह से भारत माता मंदिर के पीछे विद्युत सब स्टेशन बनाने को बिजली निगम के अधिकारियों से कहा गया। अधीक्षण अभियंता प्रमोद गोगानिया ने बताया कि विद्यापीठ प्रशासन से बातचीत के बाद मंदिर के पीछे वाली जगह पर काम तेजी से चल रहा है।





# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से होंगी शुरू

**तैयारियां तेज**

### कंट्रोल रूम में लगे 10 कंप्यूटरों से होगी निगरानी

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होने में दो महीने से भी कम दिन शेष है। 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च तक चलने वाली नकलविहीन परीक्षा के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। संपूर्ण परीक्षा पर ऑनलाइन नजर रखने के लिए क्वींस इंटर कालेज मलदहिया में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। इसके बाद परीक्षा केंद्रों को जोड़ने की प्रक्रिया चलेगी। परीक्षा केंद्रों की वेब कास्टिंग होगी। इस कंट्रोल रूम में लगे दस कंप्यूटरों से परीक्षा की शुचिता की निगरानी की जाएगी।

जिले में इस बार 122 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस बार यूपी बोर्ड की परीक्षा में 92,563 विद्यार्थी शामिल होंगे। 10वीं में 45,493 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। 22,384 बालक और 23109 बालिकाएं इस परीक्षा में शामिल होंगी। 12वीं में 47,070 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण हुआ है। इनमें 22,702 बालक और 24,368 बालिकाएं हैं। कंट्रोल रूम में लगाए जा रहे 10 कंप्यूटरों में से हर कंप्यूटर से 12 से अधिक परीक्षा केंद्र जोड़े जाएंगे। परीक्षा केंद्रों से वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे के मॉडल नंबर, आईडी पासवर्ड, राउटर का विवरण मांगा जा रहा है। विशेषज्ञ कंट्रोल रूम में बैठकर परीक्षा की निगरानी कर सकेंगे। कोई भी गतिविधि संदिग्ध होने पर अधिकारियों को रिपोर्ट करेंगे। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह का कहना है कि परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। ताकि नकल विहीन परीक्षा हो सके। इसके अलावा परीक्षा से पूर्व की अन्य तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं।

# ज्ञान परंपरा का उत्कृष्ट केंद्र है संपूर्णानंद: प्रो. राधेश्याम

**बैठक**

### यूजीसी इस संस्था के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह है संकल्पित: कुलपति

### दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए आई यूजीसी की तीन सदस्यीय समिति रिपोर्ट के साथ विश्वविद्यालय से रवाना



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में यूजीसी की तीन सदस्यीय निगरानी समिति ने दो दिन में दिव्यांगजनों की सुविधाओं व बुनियादी ढांचे का विश्वविद्यालय में प्रत्येक स्तर पर सर्वेक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के बाद आडिट रिपोर्ट लेकर मंगलवार की शाम रवाना हो गई।

इससे पहले संपूर्ण रिपोर्ट के बारे कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा के साथ मिलकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। कुलपति प्रो शर्मा ने तीनों सम्मानित सदस्यों का अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन करते हुए कहा कि अतिथि देवो भव की भावना हमारी भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म-संस्कृति में निहित है। यूजीसी की तीन सदस्यीय समिति ने संपूर्ण परिसर का दो दिनों में प्रत्येक स्तर पर दिव्यांग जनों के सशक्तीकरण का ध्यान रखकर आकलन किया। इसमें दिव्यांगजनों के लिए सुलभ और समावेशी बनाने में व्यापक मदद करेंगे। इसमें बुनियादी ढांचे की दृष्टि से रैंप, लिफ्ट, सुलभ शौचालय तथा सुलभ शिक्षा सामाग्री के लिए ब्रेल लिपि एवं अन्य सामग्री तथा अन्य सेवाएं देने के लिए भारत सरकार (यूजीसी) कटिबद्ध है।

यूजीसी एक्सपर्ट हरियाणा, रोहतक विश्वश्वविद्यालय के एमडी प्रो राधेश्याम ने आडिट रिपोर्ट लेकर रवाना होने से पूर्व बताया कि यह विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा का अद्भुत और उत्कृष्ट केंद्र है। संपूर्ण परिसर मे भ्रमण करने से धनात्मक ऊर्जा का संचार महसूस हुआ। हमारी टीम ने यहां के रैंप, शौचालय, पुस्तकालय, कार्यालय, छात्रावासों एवं कक्षाओं में प्रवेश के द्वार का अवलोकन किया, जो कि संतोषजनक है। ऐसी सुविधाएं अन्य संस्थाओं में देखने को नहीं मिलीं। शैक्षिक स्तर पर कुछ सुविधाओं मे वृद्धि के लिए व्यापक रूप से रिपोर्ट तैयार किया गया है।

यूजीसी के समन्वयक अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि काशी में स्थित देववाणी का यह केन्द्र प्राच्यविद्या का संरक्षण एवं पोषण 235 वर्षों से अनवरत करते हुए अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रतिष्ठित है। विश्वविद्यालय में जन सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया है, इसके लिए जो कमी मिली है, उसका रिपोर्ट में जिक्र किया गया है। इसे पूर्ण करने के लिए शीघ्र ही इस संस्था को ग्रांट प्राप्त होगा। इस दौरान यूजीसी प्रभारी प्रो दिनेश कुमार गर्ग, प्रो विद्या कुमारी, महेश मणि, डा रघुनाथ पाल आदि उपस्थित थे।

# हक और अधिकार की लड़ाई लड़ें उपभोक्ता



**सेमिनार**

### पूर्वांचल उपभोक्ता कल्याण समिति का आयोजन

**वाराणसी।** पूर्वांचल उपभोक्ता कल्याण समिति की तरफ से पराड़कर भवन के सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर आयोजित सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़नी चाहिए। जब तक उपभोक्ता जागरूक नहीं होगा, तब तक उनकी समस्याओं का समाधान हो पाना असंभव नजर आता है। सेमिनार में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। जिले में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, कोटेदारों के जरिए घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा रहा है। विज्ञान विधिक बाटमाप के जोन नियंत्रक गुलाब सिंह व उप नियंत्रक अशोक चौरसिया ने कहा कि उपभोक्ताओं को अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़नी होगी, तभी वे घटतौली, मिलावट, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से निजात पा पायेंगे। स्वागत करते हुए कार्यक्रम संयोजक उदय श्रीवास्तव ने शहर की ध्वस्त यातायात व्यवस्था को रेखांकित किया। अध्यक्षता तिलकराज कपूर ने की। इस दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में सुषमा मिश्र, रानी जायसवाल, शिप्रा श्रीवास्तव, काजल तिवारी, कविता सेठ, आरती गुप्ता, शिमा बृज, सुशमिता सेठ, प्रिया अग्रवाल, गीता श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि चित्रांशी, उषा सिंह चौहान, मधु श्रीवास्तव, आरती शर्मा आदि ने अपने काव्य से मंत्रमुग्ध किया। सेमिनार में अनिल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष शोभा रानी, डीएसओ कृष्ण वल्लभ सिंह, सुनील भारती, रतनचन्द्र वर्मा, अजीत सिंह बग्गा, किशन दीक्षित, अनुराग पांडेय, मनोज यादव, सतीश यादव, इशान श्रीवास्तव, प्रभाकर यादव, अर्जुन यादव, सुनील राय आदि थे।

# महाकुंभ में लगेगा नाव पर तैरता हुआ मोबाइल टॉवर

**वाराणसी।** महाकुंभ मेले में इस बार नाव पर तैरता हुआ मोबाइल टॉवर लगाया जायेगा। इससे महाकुंभ में आये लोगों को इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। उन्हें इंटरनेट लेने में कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस बार महाकुंभ में कई लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। लाखों श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने के कारण उन्हें नेटवर्क की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए बीएसएनएल की ओर से नावों पर तैरता हुआ टॉवर लगाने की योजना है। इसके अलावा काशी के घाटों पर भी नये टॉवर लगाये जा रहे हैं। इनमें 65 नये टॉवर घाटों पर लगाये जायेंगे। इसके साथ ही मंदिरों के पास भी टावर लगाया जायेगा। इससे सिग्नल की समस्या का समाधान हो जायेगा। 106 टॉवर अपग्रेड हो चुके हैं। जबकि तीस प्रतिशत काम अभी शेष बचा है। टॉवरों को लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। नेटवर्क की समस्या को लेकर नई तकनीक के टॉवर लगाये जा रहे हैं। पीआरओ अनीस सिंह ने बताया कि इससे सिग्नल की समस्या खत्म हो जायेगी।

# वॉलीबॉल, बैडमिंटन व जूडो में दिखाया दमखम

**खेलकूद**

### डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में 285 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग



**वाराणसी।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जिला युवा कल्याण अधिकारी नितीश कुमार राय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत (सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग) में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता वालीबॉल, बैडमिंटन एवं जूडो का आयोजन मंगलवार को डा. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सिगरा में सुबह दस बजे से आरंभ हुआ। प्रतियोगिता में जनपद के समस्त विकास खंडों से लगभग 285 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सब जूनियर पुरुष वर्ग में वालीबाल में पिंडरा प्रथम, सेवापुरी द्वितीय स्थान पर रहा। बैडमिंटन एकल में शुभम सिंह हरहुआ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन युगल में शुभम सिंह व सिवान यादव हरहुआ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूडो (30 से अधिक 35 किग्रा तक) शिवम राजभर चोलापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर महिला वर्ग में वॉलीबाल में आराजी लाइन प्रथम स्थान पर रहा। बैडमिंटन (एकल) में ट्विंकल यादव आराजी लाइन प्रथम, अंशिका यादव चिरईगांव द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूडो (40 से 44 किग्रा तक) में स्वास्तिक बड़ागांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जूनियर वर्ग पुरुष में वालीबाल में पिंडरा प्रथम, हरहुआ द्वितीय स्थान पर रहा। बैडमिंटन (एकल) में विजय यादव हरहुआ ने प्रथम, प्रथमेश यादव चोलापुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (युगल) में विशाल चौधरी व विकास कुमार सेवापुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूडो (60 से 66 किग्रा तक) में अमन यादव चोलापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जूनियर वर्ग महिला में वालीबॉल में आराजी लाइन प्रथम स्थान पर रहा। बैडमिंटन (एकल) में इशिका काशी विद्यापीठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग पुरूष वालीबाल में पिंडरा प्रथम, सेवापुरी द्वितीय स्थान पर रहा। बैडमिंटन (एकल) में योगेंद्र कुमार पटेल चिरईगांव ने प्रथम व अभय कुमार यादव हरहुआ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन (युगल) में योगेंद्र कुमार पटेल व कमलेश कुमार चिरईगांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग महिला बैडमिंटन (एकल) में राधिका आराजी लाइन प्रथम स्थान पर रहा।

कार्यक्रम में जिला जूडो संघ के सचिव लाल कुमार अपने निर्णायकों के साथ जिला बैडमिंटन संघ के सचिव नागेंद्र सिंह अपने निर्णायकों के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा विवेक रंजन यादव, विवेक सिंह, रागिनी सिंह, रीना यादव वीरेंद्र प्रताप सिंह, हरिशंकर, अविनाश राव आदि का विशेष सहयोग रहा। जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# बीएचयू ने तैयार किए 22 'स्वयं' कोर्स

**पहल**

### विश्वविद्यालय में 20 जनवरी से आरंभ हो रहे विविध विषयों के ऑनलाइन पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण शुरू



**वाराणसी।** अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवोन्मेषी शिक्षा के लिए प्रसिद्ध काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने डिजिटल व सभी को सुलभ शिक्षा के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। विश्वविद्यालय ने जनवरी 2025 सत्र के लिए 22 एसडब्ल्यूएवाईएएम (स्वयं) पाठ्यक्रम विकसित किए हैं, जिनके लिए पंजीकरण आरंभ हो गया है। निःशुल्क व उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सभी के लिए उपलब्ध कराने की भारत सरकार की महत्वपूर्ण पहल एसडब्ल्यूएवाईएएम के अंतर्गत ये पाठ्यक्रम 20 जनवरी, 2025 से आरंभ हो रहे हैं।

एसडब्ल्यूएवाईएएम पोर्टल विद्यार्थियों, पेशेवरों और शिक्षकों के लिए एक समावेशी और लचीला शिक्षण माध्यम प्रदान करता है। बीएचयू एसडब्ल्यूएवाईएएम के समन्वयक डा. आशुतोष मोहन ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों द्वारा तैयार किया गया है, जिनमें पारंपरिक और समकालीन दोनों शैक्षणिक विषय शामिल हैं। पाठ्यक्रमों की अवधि चार से 12 सप्ताह है, जो विभिन्न अकादमिक और व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करते हैं। इन पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान प्रणाली, वित्त व विधि, कृषि, पर्यटन, सांस्कृतिक अध्ययन, मशीन लर्निंग तथा जीवन कौशल जैसे अनेक विषय शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं अप्रैल 2025 में आयोजित कराई जाएंगी। पंजीकरण लिंक के माध्यम से किया जा सकता है। इससे पहले काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने जुलाई 2024 सत्र के लिए भी 15 एसडब्ल्यूएवाईएएम पाठ्यक्रम तैयार किए थे।

# 12 मंजिला बनेगा जवाहरलाल नेहरू व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स

**तैयारी**

### वीडीए और एनबीसीसी ने किया एमओयू

### पुनर्निर्माण से पहले पुराने आवंटियों से होगा विचार विमर्श, विभाग लेगी उनकी सहमति



**वाराणसी।** कैंट स्टेशन के पास इंग्लिशिया लाइन स्थित जवाहरलाल नेहरू व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके लिए वीडीए ने तैयारी करनी शुरू कर दी है। वहीं एमओयू के तहत कार्य किए जाने की रूप रेखा भी बना लिया है। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में एनबीसीसी (नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन) के साथ समझौता किया गया है, और इस कार्य को जल्द प्रारम्भ कराए जाने की व्यवस्था तय की गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि करीब 6600 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला यह व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स अत्याधुनिक ढंग का बनेगा और सभी सुविधाओं से युक्त होगा। वर्त्तमान में इसे 3 मंजिला बनाया जाएगा ,वहीं यह व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण 12 मंजिला का किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों, पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर आधुनिक और जरूरी सेवाएं प्रदान करना है। जबकि दुकान वाले पुराने आवंटियों को भी जगह मिल सके। इसके अलावा, कैंट क्षेत्र की भीड़ भाड़ को ध्यान में रखते हुए इसे ऐसा बनाया जाएगा कि हर प्रकार की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें। प्राधिकरण का कहना है कि 45 साल पहले बनाए गए इस कॉम्प्लेक्स को अब नए सिरे से आधुनिक ढांचे में बदला जाएगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि पुनर्निर्माण से पहले पुराने आवंटियों से विचार-विमर्श कर उनकी सहमति ली जाएगी। परियोजना को लेकर एनबीसीसी के सीएमडी महादेवा स्वामी और जीएम अनिल यादव ने कहा कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अधीक्षण अभियंता अजय पवार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा में बहने लगी संगठनात्मक बदलाव की बयार

जितेंद्र श्रीवास्तव

**मिशन-2027**

### प्रभावहीन और निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी

### शीर्ष नेतृत्व इस पर कर रहा है मंथन, मौजूदा पदाधिकारियों की बढ़ी धुकधुकी

### संगठन में भी लागू होगा पीडीए फार्मूला, सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगी तवज्जों

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) में संगठनात्मक बदलाव की बयार बहने लगी है। संगठन का शीर्ष नेतृत्व इस पर मंथन करने लगा है। शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि प्रभावहीन और निष्क्रिय पदाधिकारियों के रहते संगठन को मजबूती नहीं मिल सकती है। लिहाजा, ऐसे पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी शुरू हो गयी है। एक-एक जिलों के पदाधिकारियों के परफार्मेंस पर विचार-मंथन होने लगा है। सर्द मौसम में प्रदेश के समस्त जिलों में संगठन में बदलाव की खबर मिलते ही मौजूदा पदाधिकारियों को पसीने छूटने लगे हैं। सभी अपने-अपने आकाओं से सम्पर्क करने में जुट गए हैं।

पार्टी सूत्रों की माने तो लोकसभा चुनाव में संगठन को आशा से अधिक सफलता मिलने पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की शिथिलता का परिणाम रहा कि प्रदेश के उपचुनावों में संगठन को मुंह की खानी पड़ी थी। ऐसे में मौजूदा पदाधिकारियों के कार्यकलापों की कुंडली बनायी जाने लगी है। देखा जा रहा है कि किस जिले में कौन से पदाधिकारी निष्क्रिय है। इसके पीछे संगठन के शीर्ष नेतृत्व का तर्क है कि वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में यदि पार्टी की सरकार बनानी है तो संगठन में बदलाव करना बेहद जरूरी है। यहीं वजह है कि पार्टी अपने निष्क्रिय और प्रभावहीन पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने की योजना बना रही है। इसके मद्देनजर ऐसे पदाधिकारियों की सूची तैयार की जा रही है, जो पार्टी के अभियान और निर्देशों को सही तरीके से लागू नहीं कर पा रहे हैं।

पार्टी सूत्रों की माने तो संगठन में प्रदेश के 78 जिलों में बदलाव की योजना बनाई जा रही है। पार्टी केवल उन्हीं कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पदों पर रखने का सोच रही है, जो सक्रिय हैं और पार्टी के लिए काम करते हैं। उन पदाधिकारियों का मूल्यांकन किया जा रहा है, जो अपने कार्यों में सफल नहीं हो पाए हैं।

इन पदाधिकारियों पर जल्द ही सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। पार्टी का उद्देश्य उन कार्यकर्ताओं को आगे लाना है, जो संगठन में अपनी भूमिका निभाने में सक्षम हैं। पार्टी सूत्रों की माने तो शीर्ष नेतृत्व ने पिछले लोकसभा चुनाव में पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) फॉर्मूला अपनाया था, जो काफी सफल साबित हुआ था। इसी फॉर्मूले के तहत सपा ने प्रदेश में भाजपा के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की थी। अब पार्टी इसे और विस्तार देने की योजना बना रही है। इसके तहत संगठन में भी पीडीए फार्मूला अपनाने पर गंभीरता से मंथन चल रहा है। पार्टी सूत्रों की माने तो संगठनात्मक चुनाव के तहत बूथ कमेटियों से लगायत जिला एवं शहर संगठन में बदलाव किया जाना तय है।

### सपा का विधानसभावार पीडीए पर चर्चा कल से

**वाराणसी।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को लेकर लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से दिये बयान को समाजवादी पार्टी अब मुद्दा बनाकर जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी और पीडीए पर चर्चा भी करेगी। यह कार्यक्रम 26 दिसम्बर से शुरू होकर 25 जनवरी तक विधानसभा और सेक्टरवार चलाया जाएगा। पार्टी मुखिया अखिलेश यादव का इस बाबत निर्देश मिलते ही स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्मा कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारी में जुट गए हैं। सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट एवं पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि सामंतवादी सोच वाले लोगों ने बाबा साहेब का अपमान कर पीडीए समाज को आपस में बांटने का कुत्सित प्रयास करने की साजिश रची है। ऐसे में संगठन ने संविधान को बचाने और बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। इसके तहत ही पीडीए कार्यक्रम का आयोजन 26 दिसम्बर से 25 जनवरी तक प्रत्येक विधानसभा में प्रत्येक सेक्टरवार होगा। पीडीए चर्चा कार्यक्रम में पार्टी के समस्त जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी तथा फ्रन्टल संगठनों के पदाधिकारी भाग लेंगे।

# कार्निवाल जलसा का समापन



**वाराणसी।** सन वैली पब्लिक स्कूल उन्दी सरसवां भौमी के प्रांगण में जलसा कार्निवाल' का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः 9:00 बजे तथा समापन सायं 4:00 बजे हुआ। इस कार्निवाल में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल के साथ-साथ बच्चों के लिए झूले और सभी के लिए मजेदार खेलों की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन की ओर से की गई थी। विद्यालय के छात्रों द्वारा मनोरंजक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की गई जिसमें एकल व सामूहिक गीत व नृत्य मुख्य आकर्षण के केन्द्र रहे। इस कार्निवाल में छात्रों केसाथ लगभग दो हजार की संख्या में उनके अभिभावकगण हर्षोल्लास से सम्मिलित हुए और सभी ने कार्निवाल का आनन्द उठाया और इस कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाने में अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# भाजपा आज मनाएगी सुशासन दिवस

**वाराणसी।** भाजपा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि क्षेत्र में बूथ स्तर पर पदाधिकारी, कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिकों के साथ अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर उनकी कविताओं का वाचन भी किया जाएगा। साथ ही अटलजी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों में प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी, सांसद, विधायक समेत समस्त जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

# शांति, प्रेम एकता के पर्व क्रिसमस पर बच्चों ने मनाया जश्न



**हरहुआ।** स्थानीय राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज के तत्वाधान में एस. आर. कॉन्वेंट स्कूल प्रांगण में क्रिसमस डे (बड़ा दिन) के पूर्व संध्या पर क्रिसमस पर्व बच्चों ने शिक्षकों संग धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से क्रिसमस ट्री और सेंटा क्लॉज के विविध मॉडलों से हाल को सजाया। कार्यक्रम का आकर्षक 5 फीट का क्रिसमस ट्री बना रहा। बच्चों ने विविध नृत्य, कैरोल गीत, नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह ने सेंटा क्लॉज व मॉडलों का अवलोकन कर बच्चों से जानकारी लेकर खुशियां बांटी। संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व शांति, प्रेम, एकता, उल्लास, सद्भावना और उमंग का पर्व है। जिसे ईशा मसीह के जन्म के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय प्रबंधक ने सभी अध्यापक / अध्यापिकाओं को गिफ्ट पैक देकर पुरस्कृत कर खुशियों का इजहार किया। संचालन मनोज यादव और धन्यवाद ज्ञापन शेर बहादुर विश्वकर्मा ने किया।

# मां अन्नपूर्णा के दरबार में पंच वाद्य की प्रस्तुति

**वाराणसी।** मां अन्नपूर्णा के दरबार में आकर्षण तब और खास हो गया जब केरल से आए पंद्रह सदस्यीय दल के कलाकारों ने वाद्य यंत्र बजाया। मंदिर परिसर में इनकी साधना से हर कोई प्रभावित होता हुआ दिखाई दिया।

दक्षिण भारतीय कलाकारों का एक दल वाराणसी में संगीत साधना कर रहा है मां अन्नपूर्णा के दरबार में इन्होंने अपने वाद्य यंत्र की प्रस्तुती दी और सबका मन मोह लिया। बताते चलें कि पिछले दिनों बाबा श्री काशी विश्वनाथ के धाम में भी इन्होंने वाद्य यंत्र बजाया था। अब इस प्रस्तुति के बाद इनकी साधना को नया रूप मिला है। केरल से 15 सदस्यीय लोग इस दल में शामिल हुए हैं। काशी चूंकि महादेव की नगरी है और ये कहा जाता है कि इनका एक रूप नटराज का भी है। मान्यता है कि इस धरती पर की गई साधना साधक को अमरता का वरदान देती है। लिहाजा पहले बाबा और फिर मां के दरबार में कला का प्रदर्शन किया गया। वाद्य यंत्रों पर गौर करें तो इसमें शंख, घंटा, ढोल, और नगाड़े शामिल हैं।

# क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी



**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के आयर बाजार स्थित शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में मंगलवार को क्रिसमस दिवस मनाया गया। बच्चों ने अच्छे-अच्छे माडल बनाए। सेंटाक्लाज, क्रिसमस ट्री आदि को बखूबी निखारा गया। कक्षा नौ की छात्रा प्रियांशी, आकांक्षा, भूमि और रिमझिम द्वारा बनाए गए मॉडल को प्रथम पुरस्कार मिला। सत्यम पटेल कक्षा छह को दूसरा एवं कक्षा चार की अर्पिता दुबे एवं यशस्वी कुशवाहा को तीसरा पुरस्कार मिला। यूकेजी के छात्र सार्थक यादव ने सेंटा क्लॉज का बेहतर अभिनय किया, जो काफी सराहनीय रहा। प्रबंधक ओमप्रकाश ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या सावित्री देवी ने कहा कि बच्चों द्वारा प्रदर्शित कला मंत्रमुग्ध करने वाला रहा। उन्होंने बच्चों को पुरस्कृत किया।

# जगह-जगह गूंजा हैप्पी क्रिसमस


क्रिसमस-डे पर बिशुनीपुर स्थित चर्च में कैंडिल जलाती छात्राएं

**बलिया।** क्रिसमस-डे के अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों एवं चर्चों पर विविध आयोजन किया गया। विद्यालयों में सांता क्लाज का रूप धारण कर अध्यापकों ने बच्चों को उपहार दिया। इस मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को मैरी क्रिसमस कहकर बधाई दी। सेन्ट्रल मेथेडिस्ट चर्च विशुनीपुर, बलिया में यीशु मसीह का अर्चन किया गया। स्थानीय होली क्रास स्कूल के चर्च पर क्रिसमस की धूम रही। सेन्ट्रल मेथेडिस्ट चर्च बिशुनीपुर, बलिया के फादर ने बताया कि बड़ा दिन वास्तव में यीशु मसीह के नाम से है। इस शुभ अवसर पर हम यीशु नाम की आवश्यकता का अनुभव करते है। यीशु नाम की हर समय आवश्यकता होनी चाहिए। यदि यीशु नाम नहीं होता तो हमारा जीवन सार्थक नहीं होता। बताया कि यीशु का नाम पैदा होने से पहले ही रखा जा चुका था। क्योंकि यह नाम युसुफ और मरियन की ओर से नहीं रखा गया था। जिब्राइल स्वर्ग दूत ने कहा कि इसका नाम यीशु रखना। इस नाम में विश्व की मुक्ति, शांति और आनन्द है।

इस मौके पर सांता क्लाज ने बच्चों में उपहार बांटा। इधर, ईशा मसीह के जन्मदिन पर कई जगहों पर विशेष प्रार्थना सभाएं हुई।

**क्रिसमस**

### प्रभु यीशु के नाम पर मनाया जाता है बड़ा दिनः फादर

## ईसा मसीह के जीवन पर डाला प्रकाश



**रसड़ा।** नगर सहित क्षेत्र में धूमधाम से क्रिसमस-डे मनाया गया। राघोपुर स्थित मरियमपुर सेंट मेरिज स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर मर्सी दास ने बच्चों को प्रभु ईसा मसीह के जीवनी के बारे में बताया। इधर, परसिया गांव के चर्च में प्रभु ईसा मसीह के जन्मदिन पर एक से बढ़कर एक झांकियां प्रस्तुत की गई। यहां मेला भी लगा था। इसका क्षेत्र के लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। फादर विजय ने लोगों को उपदेश दिया।

## ट्रक की चपेट में आने से किशोर की मौत, दो गंभीर

**रतसर।** गड़वार-बलिया मुख्य मार्ग पर त्रिकालपुर गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रक के धक्के से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गड़वार थाना क्षेत्र के नारायनपाली गांव निवासी अमित गुप्ता (14) पुत्र शिवजी गुप्ता, सुशील गुप्ता (18) पुत्र राधेश्याम गुप्ता एवं राजकुमार गुप्ता (12) पुत्र श्रीभगवान गुप्ता बाइक पर सवार होकर अपने गांव से गड़वार जा रहे थे। अभी वह गड़वार-बलिया मुख्य मार्ग पर त्रिकालपुर गांव के समीप पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उनको अपनी चपेट में ले लिया। इससे मौके पर ही अमित गुप्ता की मौत हो गई, वहीं दो अन्य लोग घायल हो गये। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। आस-पास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। वहीं, निजी वाहन से घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। घटना की खबर मिलते ही मृतक की मां खुशबू गुप्ता दहाड़े मारकर रोने लगी। घटना की सूचना पर गांव सहित पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

## संक्षेप

### नगर में निकली त्रिशूल दीक्षा व शौर्ययात्रा



**सिकंदरपुर।** बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर सिकंदरपुर के प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया। इसमें संगठन के शक्ति को सुदृढ़ करने एवं संगठन में योगदान को लेकर चर्चा किया गया। विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के प्रांत सह मंत्री मंगलदेव चौबे ने कहा कि हिंदुओं की स्थिति संगठित नहीं होने के कारण ठीक नहीं है। इसका जीता जागता उदाहरण बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हो रही निरंतर घटनाएं हैं। हमें अपने संगठन को मजबूत करने के साथ ही एकजुट रहना पड़ेगा। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण से भव्य त्रिशूल दीक्षा एवं शौर्य यात्रा निकाला गया। यह जलालीपुर, बस स्टेशन चौराहा, जलपा चौक, गन्धी मोहल्ला, बक्सा, चतुर्भुज नाथ मंदिर, नगरा मोड़ होते हुए नवरतनपुर चट्टी पर जाकर समाप्त हुआ। इस मौके पर दुर्गेश प्रताप राय, प्रतीक राय, दीपक गुप्ता, रवींद्र सिंह चंदेल, मनदीप सिंह, अरविंद मिश्रा, संजय जायसवाल, विजय जायसवाल, मनोज मोदनवाल, मोहन मिश्रा, विनय जायसवाल आदि मौजूद रहे। संचालन प्रधानाचार्य अजय कुमार ने किया।

### सिवान एफसी की टीम ने जीता मैच



**मनियर।** मनियर इंटर कालेज के प्रांगण में चल रहे मनियर चैलेंज कप के उद्घाटन मैच में सिवान एफसी ने नेपाल की टीम को 2-1 से मात दी। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि उप्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष बेचन राम ने किया। यह मैच सिवान एफसी और नेपाल एफसी के मध्य खेला गया। मैच के फर्स्ट हाफ तक दोनों टीमों की तरफ से 1-1 गोल दागा गया था, परन्तु मैच के अंतिम क्षणों में सिवान ने एक गोल दाग कर नेपाल पर 2-1 की अजेय बढ़त बना ली। इसके बाद सिवान विजयी घोषित हुआ। इस मैच में अफ्रीका मूल के तीन खिलाड़ी सिवान की तरफ से खेल रहे थे।

### घर से नाराज होकर निकली नाबालिग से दुष्कर्म, दो गिरफ्तार

**बलिया।** दुबहर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ दो लड़कों द्वारा दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आते ही सनसनी फैल गयी। पुलिस ने पीड़िता के पिता के तहरीर पर पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ करने में जुट गयी। जानकारी के अनुसार बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी नाबालिग पुत्री नाराज होकर घर से चली गई थी। उसको रास्ते में दो लड़के मिल गए और उन लड़कों ने उसकी पुत्री के साथ गलत काम किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। वही, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपाशंकर ने बताया कि बांसडीह रोड के रहने वाले एक व्यक्ति ने दुबहर थाने में सूचना दिया कि उसकी पुत्री नाराज होकर चली गई थी। उसके साथ रास्ते में दो युवकों ने गलत काम किया। पुलिस तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। वही, अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जयप्रकाशनगर चौकी अन्तर्गत एक गांव से किराना की दुकान पर खरीदारी करने गई किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना बुधवार को प्रकाश में आई है। घटना के बाद परिजन किशोरी की कई जगह खोजबीन किये, लेकिन उसका कही पता नही चला। पता चला कि एक लड़का उसे भगा ले गया है। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर नाबालिग किशोरी की बरामदगी और अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। एसएचओ बैरिया रामायण सिंह ने बताया कि जयप्रकाशनगर चौकी क्षेत्र के एक गांव से किराना की दुकान पर खरीदारी करने गई किशोरी को घूरी टोला गांव निवासी सतीश कुमार ततवा भगा ले गया है। मामला प्रेम प्रसंग का है। काफी दिनों से दोनों मोबाइल के जरिए बातचीत कर रहे थे। घर वाले इसका विरोध भी किए थे। अंततः आरोपी ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। नाबालिग किशोरी की मां की तहरीर पर सतीश कुमार ततवा के खिलाफ अपहरण सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वही, किशोरी की बरामदगी और अपहरणकर्ता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

### मारपीट में महिला समेत तीन लोग घायल

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगा उस पार नौरंगा गांव में बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर जमकर लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर चले। इसमें एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में कराया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एसएचओ रामायण सिंह ने बताया कि नौरंगा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी। इसमें रीता देवी (45) पत्नी बरमेश्वर यादव, दीपक यादव (16) पुत्र परमेश्वर यादव, सचिन यादव (16) पुत्र उमेश यादव घायल हो गये। रीता देवी का सिर फट गया। पीड़िता रीता देवी की तहरीर पर नौरंगा निवासी उपेंद्र यादव, टुनटुन ठाकुर, विनोद ठाकुर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जर्जर मार्ग का कराया गया समतलीकरण

**बेल्थरारोड।** क्षेत्रीय विधायक हंसू राम ने सोमवार को जिलाधिकारी से वार्ता के उपरांत ग्राम तिरनई खिजिरपुर से तेलमा जमालुद्दीनपुर को जाने वाली सिंचाई नहर जर्जर मार्ग को जनहित में जेसीबी के माध्यम से समतलीकरण का कार्य बुधवार की प्रातः से शुरू करा दिया गया। समतलीकरण का कार्य शुरू होते ही लोगों ने विधायक हंसू राम का नाम लेकर खुशी में गगनभेदी नारे लगाए। विधायक की माने तो यह मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना में मंजूर हो चुकी है। इसकी औपचारिकता लोक निर्माण विभाग में चल रही है। समतलीकरण से आम जनता को आवागमन में काफी राहत मिलेगी।

### अराजक तत्वों ने तोड़ा लोकार्पण का शिलापट्ट

**बेल्थरारोड।** क्षेत्र के ग्राम तिरनई खिजिरपुर में दोहरी घाट सहायक परियोजना नहर से निकली पलिया माइनर पर निर्मित नहर के नए रेगुलेटर फाटक गेट के लोकार्पण का शिलापट्ट सोमवार की रात को अराजक तत्व उखाड़ ले गए। इसका लोकार्पण एक दिन पूर्व ही क्षेत्रीय विधायक हंसू राम ने किया था। बताते चले कि हंसू राम एनडीए सरकार में सहयोगी दल सुभासपा से विधायक है। शिलापट्ट उखाड़ने और स्थल क्षतिग्रस्त करने की जानकारी मंगलवार की शाम क्षेत्रीय नेताओं को हुई तो विधायक समर्थकों समेत आम जनमानस ने इसकी घोर निंदा की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह कार्य अराजक तत्वों का है, लेकिन पूर्व में राजनीतिक द्वेष से ऐसा किया गया था। विधायक हंसू राम ने सोमवार को एसडीएम निशांत उपाध्याय एवं नायब तहसीलदार दीपक सिंह की मौजूदगी में इसका लोकार्पण किया था। शिलापट्ट तोड़े जाने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक तनाव बढ़ सा गया है। करीब छह माह पहले बिठुआ गांव में भी विधायक हंसू राम द्वारा किये गये सड़क लोकार्पण का शिलापट्ट को तोड़ दिया गया था। वहीं, विधायक निधि से बने छह प्रवेश द्वार के तोड़े जाने का भी मामला अभी चर्चा का विषय बना हुआ है। विधायक हंसू राम ने कहा कि मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मामले की निंदा करते हुए ऐसा घृणित कार्य करने वालों पर कार्रवाई की मांग किया। कहा कि जनता एवं समाज हित में कराये जा रहे विकास कार्यों के प्रति गलत मंशा रखने वाले लोगों से सावधान हो जाय। उन्हें किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा।

### कठोर निर्णय लेने से बचेगी गंगाः रमाशंकर

**बलिया।** गंगा को दुलारने की जरूरत है। अब अनादर एवं तिरस्कार उसे गंवारा नहीं। प्रकृति की सहजता एवं सरलता भौतिकता और वैज्ञानिकता की अतिवाद से बाधित हो रही है। यही कारण है कि आर्थिक उपलब्धियों के बावजूद मानवीय दिक्कतें बढ़ती जा रही है। नदी सभ्यता के प्रति हमें सहज होने की जरूरत है। उक्त बातें क्रिसमस-डे पर बुधवार को श्रीरामपुर गंगा घाट की सफाई करने के बाद गंगा की प्रासंगिकता की जानकारी देते हुए गंगा मुक्ति अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने व्यक्त किया। दिसंबर माह में ही गंगा की बीच धारा में उभरते बालू के टीले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गंगा का सत्य कुछ और है तथा बातें राजनैतिक लोभ-लिप्सा वश कुछ और हो रही है। कहा कि गंगा काल्पनिक उड़ान से नहीं, बल्कि कठोर निर्णय से बचेगी। इस अवसर पर गंगासागर यादव, ऋषि कुमार, सत्येन्द्र साहनी, नीमा यादव, विश्वजीत, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में ही होगा बच्चों का प्राथमिक उपचार

**व्यवस्था**

### परिषदीय स्कूलों में की जायेगी प्राथमिक स्वास्थ्य किट की व्यवस्था

**बलिया।** आपात स्थिति में अब बच्चों का प्राथमिक उपचार स्कूल में ही हो सकेगा। इसके लिए परिषदीय स्कूलों में प्राथमिक स्वास्थ्य किट की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक स्कूल के एक शिक्षक को प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

जिले के 2249 परिषदीय विद्यालयों में करीब 2.52 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। स्कूल परिसर में प्रायः बच्चे खेल-खेल में चोटिल हो जाते हैं या आकस्मिक बीमार पड़ जाते हैं। ऐसी स्थिति में अब बच्चों का प्राथमिक उपचार स्कूल में ही हो सकेगा। इसके लिए परिषदीय स्कूलों में प्राथमिक स्वास्थ्य किट की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही प्रत्येक स्कूल के एक शिक्षक को स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। पिछले माह विद्यालयों में कंपोजिट ग्रांट के तहत लगभग एक करोड़ की राशि भेजी गई थी। सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए थे कि इस बार खेल सामग्री के साथ ही स्वास्थ्य किट भी खरीदनी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि किट में सभी प्रकार की जरूरी दवाएं मौजूद होंगी, जिससे बच्चों को आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार मिल सकेगा। बीएसए ने बताया कि सभी विद्यालयों में राशि भेजी जा चुकी है। किट खरीदने के निर्देश भी दिए गए हैं। आने वाले दिनों में सभी स्कूलों में किट की जांच की जाएगी। स्वास्थ्य किट में डिटाल, पट्टी, गरम पट्टी, बैंडेज, रुई, कैंची, एंटीसेप्टिक लोशन, क्रीम, टेप, ग्लब्स, थर्मामीटर, सेफ्टी पिन, साबुन, चिमटी, लाल दवा, फिटकरी, सैनिटाइजर रहेगा।

# नपा के सीमा विस्तार की फिर जगी उम्मीदें

**इंतजार**

### तहसील प्रशासन से मांगी 29 गांवों की विस्तृत रिपोर्ट

**बलिया।** करीब दस वर्ष बाद नगर पालिका की सीमा विस्तार की उम्मीदें अब बलवती हो चली हैं। सीमा विस्तार को लेकर नगर पालिका ने तहसील प्रशासन को पत्र लिखकर सीमा विस्तार में सम्मिलित किए जाने वाले 29 गांवों के गाटा संख्या, चौहद्दी आदि का पुनर्मूल्यांकन करते हुए विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि शासन को पत्रावली भेजी जा सके। नगर पालिका के प्रस्तावित सीमा विस्तार के बाद 29 गांवों का करीब 1923.618 हेक्टेयर क्षेत्रफल शहरी क्षेत्र में तब्दील हो जाएगा, जबकि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन गांव में रहने वाले 74722 लोग शहरी हो जाएंगे और इन्हें शहरी सुविधाएं मिलने लगेंगी। इसको लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार ने गत दिवस तहसील प्रशासन को पत्र लिखकर सीमा विस्तार में शामिल होने वाले 29 गांवों की चौहद्दी, क्षेत्रफल समेत अन्य जानकारी का पुनर्मूल्यांकन करने के साथ ही रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि दस नवंबर 2014 को नगर विकास अनुभाग-6 के तत्कालीन विशेष सचिव ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर नगर पालिका परिषद बलिया के सीमा विस्तार के लिए आख्या और प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। तब नगर पालिका के तत्कालीन ईओ संतोष मिश्रा ने 19 मार्च 2015 को शासन को सीमा विस्तार की रिपोर्ट भेजी थी। इसके बाद शासन ने नवीन प्रस्ताव संकल्प के साथ भेजने का निर्देश दिया गया। इसके प्रति उत्तर में नपा प्रशासन ने शहर से सटे 24 ग्राम पंचायतों में शहरी लक्षण का हवाला देकर उसे नपा में शामिल करने का प्रस्ताव दिया। फिर सीमा विस्तार के प्रकरण को लेकर चार अगस्त 2016 को बोर्ड की बैठक हुई। इसमें सम्मिलित किए जाने वाले 24 गांवों के अतिरिक्त तीन अन्य गांवों में भी शहरी लक्षण विद्यमान होने और उनको भी सीमा विस्तार में शामिल करने की मांग पर पांच सदस्यीय कमेटी की रिपोर्ट पर अध्यक्ष की ओर से ग्राम परिखरा व पटखौली तक सीमा विस्तार का निर्णय हुआ। इसी दौरान तत्कालीन राज्यमंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला, जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर और नगर मजिस्ट्रेट की अनुशंसा पर नगर का विस्तार ग्राम शंकरपुर व हनुमानगंज तक करने का संकल्प हुआ।

बोर्ड का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्णय हुआ। तत्कालीन अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने वर्ष 2021 में आठ जनवरी को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्ताव को शासन को भेजा था, लेकिन मामला ठंडा बस्ते में चला गया था।

इधर, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पहल के बाद सीमा विस्तार को लेकर एक बार फिर प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है।

### इन गांवों तक होगा विस्तार

**बलिया।** नगर क्षेत्र की सीमा से सटे ग्राम पंचायत जमुआ, सहोदरा, माफी पीपरा, अगरसण्डा, मुर्की, सरफूद्दीन, बहेरी में शहरी लक्षण हैं। इसके अलावा माल्देपुर, निधरिया, जमालपुर, सोनाडाबर, बहादुरपुर, तिखमपुर, पटखौली, परिखरा, उमरगंज, हैबतपुर, जमुआ, गोपालपुर, रामपुर महावल, रघुनाथपुर, टकरसन, मझौली मुतलके यारपुर, अमृतपाली, परमान्दापुर, सहरसपाली, अखार, शंकरपुर, बसन्तपुर, नसीराबाद, सागरपाली शामिल है, जहां शहरी लक्षण विद्यमान है।

# यूपी पुलिस की टीम ने जीता फाइनल मैच


विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि, चेयरमैन सरिता सिंह एवं अन्य


उप विजेता टीम को ट्रॉफी देती चेयरमैन सरिता सिंह व नीरज सिंह गुड्डू


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते सपा के राष्ट्रीय सचिव अवलेश सिंह व सरिता सिंह

**सहतवार।** स्व. बद्रीनाथ सिंह सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्री चैनराम बाबा दिवा/रात्रि 51वीं यूपी सीनियर महिला स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप के अंतिम दिन बुधवार को सहतवार स्थित बड़ा पोखरा मैदान पर खेले गये फाइनल मैच में यूपी पुलिस की टीम ने वाराणसी की टीम को छह अंकों के अंतर से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। यूपी कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल सिंह तथा सपा नेता अवलेश सिंह ने विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान किया।

यूपी पुलिस एवं वाराणसी के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में यूपी पुलिस ने 25 एवं वाराणसी ने 19 अंक प्राप्त किया। मध्यान्तर से पूर्व भी यूपी पुलिस 15 एवं वाराणसी ने नौ अंक प्राप्त किया। यूपी पुलिस की कैप्टन शिवानी ने बेहतरीन खेल का प्रर्दशन करते हुए 10 अंक बटोरा। उनको बेस्ट आल राउंडर का खिताब चेयरमैन सरिता सिंह ने दिया। वाराणसी की कैप्टन संतरा पटेल ने भी अच्छा खेलते हुए अपनी टीम के लिए आठ अंक बटोरा। इसके पूर्व यूपी पुलिस एवं मुजफ्फरनगर के बीच हुए सेमी फाइनल मुकाबले में यूपी पुलिस ने 24-20 के स्कोर से मैच जीत लिया। वाराणसी एवं पूर्वोत्तर रेलवे के बीच हुए दूसरे सेमी फाइनल मुकाबले में वाराणसी ने 24-22 के स्कोर से मैच जीत लिया। चेयरमैन सरिता सिंह एवं नीरज सिंह गुड्डू ने विशाल सिंह समेत अन्य अतिथियों को सम्मानित किया। नीरज सिंह गुड्डू ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के खेल प्रेमियों को जागरूक करना है। उन्होंने प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन का धन्यवाद ज्ञापित किया। सपा के राष्ट्रीय सचिव अवलेश सिंह ने कहा कि यह बलिया का गौरव है कि अपने जनपद में कबड्डी का इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। पढ़ने के साथ ही कम से कम एक घंटे किसी भी खेल को खेला जाए तो बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होगा। मौके पर राजेश, महंत सुखदेव दास, कप्तान उपाध्याय, प्रधान प्रभुनाथ, प्रधान शैलेश पासवान, प्रधान प्रेम प्रकाश, प्रधान रंजय सिंह, प्रधान पंकज पासवान, प्रधान विमल राजभर, जिला पंचायत सदस्य रमेश वर्मा, डा. शंभू नाथ, हीरालाल, राजेश्वर, आनंद, समर बहादुर, बड़े बाबू सुरेश प्रसाद, बजरंगी, सहबान अंसारी, प्रशांत सरोज, रूद्रेश अश्वनी, अमित, प्रदीप, बिट्ठू इत्यादि मौजूद रहे।

**खेलकूद**

### कैप्टन शिवानी को मिला बेस्ट आल राउंडर का खिताब

### विनय व नीरज को किया गया सम्मानित

**सहतवार।** उद्घोषक मंच पर ही कबड्डी एसोसिएशन बलिया के चेयरमैन नीरज सिंह गुड्डू एवं चेयरमैन सरिता सिंह ने हैंडबाल नेशनल कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह को माल्यार्पण के पश्चात स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इधर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम सभा बिसौली के प्रधान प्रभुनाथ गुप्ता ने कबड्डी एसोसिएशन जनपद बलिया के अध्यक्ष नीरज सिंह गुड्डू को सफल आयोजन के लिए सोने की गणेश की मूर्ति देकर सम्मानित किया। सुरक्षा की दृष्टि से आधा दर्जन थाने की फोर्स एवं महिला कांस्टेबल चक्रमण करती रही।

### बिना बिल के सामान लदे दो वाहन सीज

**बैरिया।** सेल टैक्स के असिस्टेंट कमिश्नर पंकज कुमार ने बैरिया के चिरैया मोड़ से बुधवार को बिना बिल का गुटखा लदे जीप तथा तेल एवं सर्फ लदे पिकअप को पकड़ लिया। इसके बाद दोनो वाहनों को बैरिया थाने में ले जाकर सीज कर दिया। सेल टैक्स विभाग की इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। सेल टैक्स के असिस्टेंट कमिश्नर पंकज कुमार ने बताया कि बैरिया के चिरैया मोड़ पर माल एवं सेवा कर अधिनियम के तहत अभियान के क्रम में जांच की जा रही थी। इसमें एक कमांडर जीप पर गुटखा लदा हुआ था। वहीं, पिकअप पर तेल एवं सर्फ लदा हुआ था। बिल के संबंध में पूछा गया तो चालक ने किसी भी सामान का बिल नहीं प्रस्तुत किया। माल से संबंधित कोई कागजात चालक के पास नहीं था। जांचोपरांत दोनों वाहनों को बैरिया थाने के सुपुर्द कर दिया गया है। इसके बाद पुलिस ने दोनों वाहनों को सीज कर दिया है। सेल टैक्स के असिस्टेंट कमिश्नर ने बताया कि माल का भौतिक सत्यापन करने के बाद माल एवं सेवा कर अधिनियम सन् 2017 के अंतर्गत अर्थ दंड तय किया जाएगा। दोनों वाहनों पर लगे माल के स्वामियों से अर्थ दंड वसूल किया जाएगा। सेल टैक्स के असिस्टेंट कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि यह अभियान और तेजी से चलाया जाएगा।

### योजनाओं के क्रियान्वयन को बनायी रूपरेखा

**बलिया।** क्षेत्र पंचायत हनुमानगंज के ग्राम पंचायत बसन्तपुर के प्रबुद्धजनों एवं पं. विवेकानंद सेवा समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों की संयुक्त वार्षिक बैठक बुधवार को पंडित जी की फुलवारी बसंतपुर में नयन बाबा के चबूतरे पर पुरोहिताचार्य डॉ. विजयानंद पांडेय की अध्यक्षता में हुई। इसमें वर्ष 2024 पूर्व में संचालित धार्मिक एवं सामाजिक योजनाओं की समीक्षा के बाद आगामी वर्ष 2025 तक की योजनाओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि बसंत पंचमी पर बसंतपुर ग्राम में नयन बाबा के वार्षिक पूजन एवं ब्रह्मलीन योगीराज श्रीश्री 1008 पंडित सौदागर महाराज के 78वें चरण पादुका पूजन समारोह के उपलक्ष्य में दिव्य धर्म महासंगम के अंतर्गत आगामी 29 जनवरी से चार फरवरी तक सात दिवसीय श्रीरामायण, श्रीरूद्र चण्डी एवं श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के साथ निःशुल्क योग एवं चिकित्सा शिविर तथा प्रवचन का आयोजन नहर किनारे पंडित जी की फुलवारी बसंतपुर में किया जाएगा। मौके पर राजेश्वर, ताराचंद मिश्रा, प्रधान विजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह, रंजीत बहादुर, वशिष्ठ नारायण, संतोष, गीता, अरविंद, पवन, रामबाबू, लक्ष्मण, रामायण, अजय, रमेश, जयराम, मंसा, सोनू प्रसाद, कन्हैया, गौतम, जया, रिकीं, किरण, कामिनी, अंशु आदि मौजूद रहे। संचालन पूनम पांडेय ने किया।

# अटल बिहारी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा



जनसंदेश न्यूज

**जयंती**

### जिला कोषागार में मनायी गई भारत रत्न पूर्व पीएम की जयंती

**बलिया।** जिला कोषागार में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समारोह मनायी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद दुबे ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी देश के तीन बार प्रधानमंत्री के पद पर रहे। 10 बार सांसद और दो बार राज्यसभा सदस्य रहे।

कहा कि 25 दिसंबर 1924 में उनका जन्म हुआ था। भारत के प्रधानमंत्री और भी लोग थे, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी का कद देश में बड़ा था। देश के सम्मान के लिये हमेशा तत्पर रहे। अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कराकर देश को आगे बढ़ाया। इससे हमारी परमाणु शक्ति और वैज्ञानिक शक्ति में बढ़ोत्तरी हुई। उनके जैसा अच्छा नेतृत्वकर्ता और अच्छा वक्ता कोई नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी हमारे देश को विकास के पथ पर बहुत आगे ले गये। इस अवसर पर डिप्टी कैशियर रामचंद्र, धर्मनाथ गोस्वामी, राजेंद्र प्रकाश, असगर अली, नीलम पांडेय, बीएन पांडेय, सत्यभान गुप्ता, विधानचंद गुप्ता, सरोज कुमार आदि मौजूद रहे।

### पूर्व पीएम की जयंती पर हुए विभिन्न कार्यक्रम





**बांसडीह।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। भाजपा बांसडीह मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा के नेतृत्व में विचार गोष्ठी के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह के अधीक्षक डा. वेंकटेश महुआर की उपस्थिति में मरीजों में फल और पौष्टिक आहार वितरण किया गया। मंडल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा ने बांसडीह डाक बंगला पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि देश को विकसित राष्ट्र की तरफ ले जाने हेतु पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कई कार्य किया। परमाणु परीक्षण इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। श्री ओझा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को अटल बिहारी वाजपेयी जैसे राजनेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, मुनजी गोंड, तेजबहादुर रावत, दुर्गेश मिश्रा, अवनीश मिश्रा, बबलू सिंह, अखिलेश तिवारी, राहुल राम आदि उपस्थित रहे। वही, कोतवाली परिसर में कोतवाल संजय सिंह सहित पुलिस कर्मियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

## पूर्व पीएम के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** बेल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र के नगरा मंडल द्वारा डाक बंगला नगरा पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती मनायी गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय राजनीति के श्रेष्ठ राजनेता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को नई दिशा दी। इस अवसर पर छठ्ठू राम, उमाशंकर सैनी, जयप्रकाश जायसवाल, अरविंद सिंह, पप्पु सिंह, रामशिरोमणि तिवारी, फतेहबहादुर सिंह, कंचन सोनी, रामायण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# अटल जी का जीवन राष्ट्रवादियों के लिए प्रेरणा पुंज: एके शर्मा




मऊ। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई के जयंती के अवसर पर पालिका कम्युनिटी हाल में जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सदर हॉस्पिटल से पालिका कम्युनिटी हाल तक सुशासन पदयात्रा निकाली जहां पहुंचकर कार्यक्रम में मंत्री ने लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र और चाभी समर्पित की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कम्युनिटी हाल में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, अटल जी का जीवन राष्ट्रवादियों के लिए प्रेरणा पुंज है, अटल जी का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनपर संक्षेप में प्रकाश नहीं डाला जा सकता। भाजपा की स्थापना के साथ ही पार्टी के तरफ से सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक अटल जी को पूरी पार्टी की तरफ से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। कैबिनेट मंत्री ने अटल जी के साथ ही मदन मोहन मालवीय को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। अटल जी का व्यक्तित्व इतना सच्चा था कि सत्ता और पार्टी के सर्वोच्च शिखर पर जाकर भी बेदाग और अनुकरणीय है। अटल जी ने अपनी सरकार में देश को नई दिशा दिखाई। अटल जी का हर कदम देश के विकास को समर्पित था। भाजपा की स्थापना से पहले देश में तानाशाही चरम पर थी कांग्रेस की सरकार देश को गर्त में लेकर जा रही थी। भाजपा की विचारधारा ने देश को संभाला और लोकतांत्रिक परंपरा की ओर तेजी से बढ़ा। अटल जी का जीवन संवेदना और अनुशासन से भरा था। अटल जी के समय से चली आ रही परंपरा को मोदी सरकार आगे बढ़ा रही है सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास ही हमारी ताकत है। अटल जी की सोच विकास की द्योतक थी। देश में विकास की गाड़ी चल निकली है इसको और अधिक गति देने के लिए सभी को तत्पर रहने की जरूरत है। भाजपा रूपी वटवृक्ष को सींचते हुए हमें राष्ट्रवादी विचारधारा को आगे बढ़ाना है। जनपद के विकास की चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि मऊ के तमसा तट पर जितने भी घाट है सभी के विकास के लिए पैसा स्वीकृत हो चुका है आने वाले कुछ समय में मऊ के घाट रमणीय और पर्यटन स्थल हो जाएंगे। 33 करोड़ के कार्य का शिलान्यास हुआ तथा आगे और भी कार्य किए जाएंगे। आने वाले समय में मऊ जिला विकास की नई ऊंचाई पर होगा। भारत और प्रदेश सुशासन के रास्ते पर चल पड़ा है जिसमें हमको आगे बढ़ाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने कहा कि अटल जी के विचार हमारे लिए अनुकरणीय है, अटल जी के विचार समरसता का संदेश देती हैं जो हमारे देश को नई दिशा दिखाती हैं। जिले के हर मण्डल में सुशासन यात्रा निकाली गई है तथा प्रत्येक बूथों पर सफल कार्यक्रम हुआ है। वरिष्ठ भाजपा नेता भरतलाल राही ने कहा कि कैबिनेट मंत्री एके शर्मा जब भी जिले में आते हैं जिले को बड़ी सौगात देकर जाते हैं, मंत्री जी के देखरेख में नगर विकास और ऊर्जा में प्रदेश नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। साथ ही अटल जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा कहा कि अटल जी भारत माता के सच्चे सपूत होने के साथ ही दूरदर्शी राजनेता थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश मिश्र ने किया। इस अवसर पर सुनील कुमार गुप्त, भरत लाल राही, योगेंद्रनाथ राय, विजय नारायण शर्मा, रामाश्रय मौर्य, अशोक सिंह, पूनम सरोज, पूजा राय, ज्योति सिंह, संजय पांडेय, मुन्ना गुप्ता, आनन्द सिंह, रमेश राय, विनोद वर्मा रामप्रवेश राजभर, संजीव जैसवाल, कृष्ण कांत राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 50 जरूरतमंदों को दिया गया कंबल



दोहरीघाट, मऊ। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जयंती दिवस पर सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए नगर पंचायत दोहरीघाट में नगर पंचायत विनय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में लगभग 50 गरीबों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता भरत भैया ने भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के जन्मदिवस पर उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को साझा किया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन और विकास के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष विनय कुमार जायसवाल ने कहा कि अटल जी ने देश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए जो प्रयास किए, वे आज भी प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर गरीबों को कंबल वितरण करके उनके विचारों के अनुरूप समाज सेवा का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदीन पांडे दोहरीघाट मंडल अध्यक्ष पप्पू गुप्ता, सभासद आजाद जायसवाल, मनोज जायसवाल उर्फ मोनू कार्यालय लिपिक सुशांत तिवारी प्रतीक मिश्रा, मुकेश मिश्रा, सैफ अली, मुख्तार, राहुल सोनकर, राहुल यादव समेत कार्यक्रम में कई भाजपा कार्यकर्ता, नगर पंचायत के अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## संक्षेप

### रोटरी ने 35 आदिवासी व वनवासी छात्रों को दिए ठंड के संपूर्ण वस्त्र



मऊ। रानीपुर ब्लॉक क्षेत्र के अति पिछड़ा इलाका गोपालपुर चकिया ग्राम में आदिवासी वनवासी प्रकल्प की ओर से चलाए जा रहे एकल विद्यालय में पढ़ने वाले 35 छात्रों को रोटरी क्लब ने जाड़े के वस्त्र, स्वेटर, टोपी और पठन-पाठन सामग्री प्रदान किया। यहां आयोजित रोटरी क्लब के स्वास्थ्य शिविर में 35 छात्रों और उनके अभिभावकों के स्वास्थ्य का परीक्षण हुआ, जिसके बाद उन्हें दवाएं वितरित की गईं। यहां रोटरी क्लब मऊ के सदस्यों ने बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक सेक्रेड हार्ट स्कूल के मोहम्मदाबाद गोहना के प्रबंधक हरे कृष्णा बरनवाल ने कहा कि वनवासी बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए यहां पर कार्य किया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर डॉक्टर एचएन सिंह ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा किया जा रहा कार्य काफी सराहनीय है। पूर्व अध्यक्ष डॉ असगर अली सिद्दीकी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रोटरी क्लब की पहुँच होना, बहुत ही अच्छा कार्य है,निरंतर ये कार्य चलता रहेगा। कोषाध्यक्ष डॉक्टर एस खालिद ने कहा कि मेडिकल कैम्प में चिकित्सकों ने अपना कार्य किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्लब के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा रोटरी क्लब का कार्य ही समाज के दबे कुचले लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना है। इस लिए कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्व यहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉ एचएन सिंह, डॉ असगर अली सिद्दीकी, डॉ एस खालिद ने 35 छात्रों एवं उनके अभिभावकों के स्वास्थ्य का प्रशिक्षण किया। साथ ही दवाओं का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब के सचिव पुनीत श्रीवास्तव ने किया।

### पुलिस अधीक्षक ने थाने के नवनिर्मित गेट व विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया

कोपागंज, मऊ। नगर पंचायत कोपागंज द्वारा लगभग 5 लाख रुपए की लागत से बनाए गए थाने की भव्य गेट का लोकार्पण जनपद के पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के द्वारा फीता काट कर किया गया। विदित हो एक लम्बे समय से बीना गेट के थाना परिसर संचालित हो रहा था। किसी भी भवन या ऑफिस की खुबशुरती उसके द्वार से होती हैं पर एक लम्बे अरसे से गेट की बाट जो रहें थाने की गेट की सुधि नगर पंचायत कोपागंज द्वारा ली गयी और गेट बनकर तैयार हो गया और जिसका उद्धघाटन बुधवार को संपन्न हुआ। सुबह से ही थाना परिसर को दुल्हन की तरह से सजाया गया था। उद्धघाटन के अवसर पर आने वाले लोगों के जलपान आदि का भी व्यापक इंतजाम किया गया था। आस पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों को बुलाया गया था। पर समया भाव के चलते पुलिस अधीक्षक द्वारा फीता काट कर गेट से ही वापस चले गये। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरशद रेयाज, अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार क्षेत्राधिकारी घोसी दिनेश दत्त मिश्रा, थानाध्यक्ष कोपागंज व पुलिस कर्मी मुश्तैद दिखे। इस अवसर पर हबीब नेता, अल्ताफ अंसारी, शैलेन्द्र यादव, कुद्दूस अंसारी, विद्या सागर गुप्ता, डॉ अजय यादव, नेशार अहमद, सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

### अटल जयंती पर प्रकाश हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मऊ। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रकाश हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर द्वारा आयोजित 'अटल चिकित्सा पखवाड़ा' के तहत बुधवार को आधुनिक यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष गाजीपुर तिराहे पर एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा नेता सुनील कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। शिविर में ट्रैफिक कांस्टेबलों के साथ-साथ आम जनता का भी बीपी, शुगर और नेत्र की जांच की गई और आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। यातायात प्रभारी श्याम शंकर पांडेय को प्रकाश हॉस्पिटल के एमर्जेन्सी केयर हेड डॉ. राहुल कुमार ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। यातायात प्रभारी ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर आम जनता के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजय कुमार पांडेय, पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी डिंपल जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### स्वामित्व योजना के तहत 27 दिसंबर को प्रधानमंत्री करेंगे (प्रॉपर्टी कार्ड) घरौनी का वितरण

मऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 27 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे नई दिल्ली में घरौनी वितरण का कार्य किया जाएगा। इस पूरे प्रोग्राम का सजीव प्रसारण जनपद मुख्यालय सहित समस्त ब्लॉक तथा ग्राम पंचायत में किया जाएगा। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के समापन के उपरांत जनपद मुख्यालय एवं समस्त ग्राम पंचायत में भी स्थानीय स्तर पर घरौनी वितरण का कार्य किया जाएगा। इस हेतु जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। कार्यक्रम के दौरान घरौनी बनने से होने वाले फायदा से लोगों को अवगत भी कराया जाएगा। इन कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर घरौनी वितरण कर लोगों को घरौली के लाभों से अवगत कराया जाएगा।

### छात्र-छात्राओं ने बनाये विभिन्न प्रकार के व्यंजन



बांसडीह। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष पर शिक्षा क्षेत्र बांसडीह के अग्रणी संस्था विजन एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा बुधवार को फायरलेस (बिना आग के भी खाना बनाना) कुकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया। अतिथियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने सेव पुरी, विभिन्न प्रकार के सैंडविच, बिस्किट ट्रीट, बनाना शेक, विभिन्न प्रकार के जूस इत्यादि तैयार किया।
युवा रसोइयों ने कई नवीन व्यंजन पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को ताजा, किफायती खाद्य पदार्थों के साथ ही स्वस्थ भोजन के विकल्प के साथ बेहतर स्वास्थ्य बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रबन्धक सोनू पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बच्चों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने में सहायता की। प्रधानाचार्य सुरेश पांडेय ने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने, रुचि के नए क्षेत्रों का पता लगाने और भोजन के पोषण मूल्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। नन्हें रसोइयों ने एक अलग प्रकार की एप्रन और टोपी पहनकर स्वस्थ एवं पौष्टिक व्यंजन बनाए। इस अवसर पर सिस्टर शिल्की, सुम्बुल, नेहा, सत्येंद्र, सम्राट, अभिषेक वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

### निजीकरण से महंगी हो जायेगी बिजली



बलिया। संयुक्त किसान मोर्चा एवं संयुक्त ट्रेड यूनियन की संयुक्त बैठक मॉडल तहसील के समीप हुई। इसमें सरकार से बिजली विधेयक-2022 वापस लेने, बिजली का निजीकरण खत्म करने, स्मार्ट मीटर लगाना बंद करने, 200 यूनिट बिजली फ्री देने, संविदा कर्मियों की नौकरी स्थायी करने, आंदोलनरत कर्मियों का शोषण बंद करने, किसानों का बिजली बिल माफ करने एवं निःशुल्क बिजली देने की मांग किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बिजली हर व्यक्ति की जरूरत हो गई है। प्रदेश सरकार ने बिजली को निजी क्षेत्र को सौंपने का फैसला कर लिया है, जो आमजन के लिए मुसीबत का सबब बन सकती है। इससे आमजन को महंगी बिजली मिलेगी। पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण से पूंजीपतियों को लाभ होगा। पूर्व में आगरा एवं ग्रेटर नोएडा में बिजली के निजीकरण का प्रयोग विफल हो चुका है। निजीकरण से आम उपभोक्ताओं, किसानों एवं कर्मचारियों का नुकसान होगा। निजीकरण से नौकरियों में छंटनी की आशंका है। इस अवसर पर परमात्मानंद राय, छोटेलाल चौधरी, शिवाजी, तेजनारायण, पदुमदेव यादव, राजाराम, रामप्रवेश, विजय शंकर, अंजू, सानमती, शांति देवी, उषा देवी, चंदा, अनिल कुमार, रामप्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश यादव, आनंद सागर गुप्त, राहुल वर्मा, कन्हैया, अमरनाथ यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सुरजीत श्रीवास्तव तथा संचालन जनार्दन सिंह ने किया।

# शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में नया आयाम 8 दिवसीय आशा प्रशिक्षण कार्यक्रम

मऊ। जनपद में शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए एक नई पहल के तहत चयनित 97 शहरी आशा कार्यकत्रियों के प्रशिक्षण का दूसरा बैच आयोजित किया जा रहा है। इस बैच में 32 आशाओं को 8 दिवसीय प्रशिक्षण, 23 से 30 दिसंबर 2024 तक, जिला चिकित्सालय मऊ में दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राहुल सिंह ने बताया कि जब इन सभी आशाओं का प्रशिक्षण पूरा हो जाएगा, तो यह शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक आसानी से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं रही जिसमें प्रशिक्षण के पहले तीन दिनों में आशाओं को उनकी मुख्य भूमिका और कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, निम्नलिखित विषयों पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आशा डायरी का उपयोग और नेतृत्व कौशल, संचार कौशल में सुधार, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की पहचान एवं रोकथाम, टीबी और कुष्ठ रोग की जानकारी, परिवार नियोजन की आवश्यकता और साधन, प्रसव के पश्चात परिवार नियोजन के उपाय, प्रशिक्षण में शामिल विशेषज्ञ रहे। पीएसआई-इंडिया संस्था के प्रतिनिधि केवल सिंह सिसौदिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण से न केवल शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि समुदायों को बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण की ओर ले जाने में भी मददगार साबित होगा। इस प्रशिक्षण में विभिन्न विशेषज्ञों ने अपनी भूमिका निभाई, जिनमें अपर सहायक शोध अधिकारी सुनील सिंह, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी यूसुफ शाह, एमपीडब्ल्यू सतीश सिंह शामिल हैं।

# फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़



दोहरीघाट, मऊ। आजमगढ़ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक और मऊ पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दोहरीघाट थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में 24 दिसंबर 2024 की शाम करीब 6:30 बजे तीन व्यक्तियों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए पासपोर्ट बनवाने के प्रयास में गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार थाना परिसर के अंदर दाखिल हुए तीन संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां संदेहास्पद थीं। कांस्टेबल आकाश ठाकुर और अखिलेश गौतम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध दस्तावेजों की जांच की, जिससे पता चला कि पासपोर्ट एप्लिकेशन में लगे दस्तावेज फर्जी हैं। प्रभारी निरीक्षक और उनकी टीम ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में तीनों संदिग्धों जिन्हीने अपना नाम श्याम बहादुर यादव, निवासी मोहाजलकर पंडितपुर, थाना बड़हलगंज, गोरखपुर, श्यामकरन यादव, निवासी लखनौरी, थाना बड़हलगंज, गोरखपुर, राकेश साहनी, निवासी बेलौली सोनबरसा, थाना दोहरीघाट, मऊ इन्होंने स्वीकार किया कि वे फर्जी दस्तावेजों के जरिए ऐसे लोगों का पासपोर्ट बनवाते थे, जो अपने जिले में पासपोर्ट नहीं बनवा पाते थे। प्रत्येक पासपोर्ट के लिए 40 से 80 हजार रुपये वसूलने का खुलासा हुआ। इस गिरोह ने अब तक दोहरीघाट थाना क्षेत्र के विभिन्न व्यक्तियों के नाम पर आठ फर्जी पासपोर्ट बनवाए हैं। दस्तावेजों में हेरफेर लखनऊ स्थित शोएब नामक व्यक्ति के जरिए की जाती थी। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने फर्जी पासपोर्ट बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए नौ प्रपत्र बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। फरार अभियुक्तों सूर्यभान यादव, रमेश कुमार, गोविन्द कुमार, जय कुमार, जितेन्द्र कुमार, झिनक साहनी, राज यादव, अरविन्द कुमार, शोएब को पकड़ने के लिए पुलिस लगी हुई है।

इस बड़ी कामयाबी में थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक महादेव गुप्ता, उपनिरीक्षक अमित सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम की सतर्कता और तत्परता से एक बड़े गिरोह का पदार्फाश हुआ है।

# पंचायत सहायकों की कमी से विकास कार्य बाधित

**समस्या बढ़ी**

**अपने कार्यों के लिए इधर उधर भटक रहे ग्रामीण**

बलिया। पंचायत सहायकों की कमी के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, गांवों का विकास कार्य भी बाधित हो रहा है। ग्रामीणों को अपने कार्यों के लिए जिला मुख्यालय से लेकर जनसेवा केंद्रों तक सफर करना पड़ रहा है। जिले में 640 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें 54 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक के पद लंबे समय से रिक्त हैं। इससे संबंधित ग्राम पंचायत में जनसेवा केंद्र का संचालन पूरी तरह से ठप है। ऐसे में आम लोगों को आय, निवास, जाति, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र समेत कई अन्य प्रकार की योजनाओं के आवेदन के लिए भटकने को विवश होना पड़ रहा है। विभाग का दावा है कि भर्ती प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही पंचायत सहायकों की तैनाती होगी। अभी तक प्रक्रिया में होने से दिक्कत हो रही है। विभागीय अधिकारियों की माने तो पंचायत सहायकों को छोड़ने के पीछे दूसरी नौकरी मिलना बताया जा रहा है। जिले में विकास खंड बैरिया के दयाछपरा, नौरंगा, बांसडीह के जैदोपुर व कोलकाला, बेलहरी के पियरौटा व सुजानीपुर, बेरुआरबारी के अपाइल, बड़सरी, राजपुर व सुखपुरा, चिलकहर के सिकरिया कला में पंचायत सहायक का पद खाली है। दुबहड़ के सलेमपुर, गड़वार के बलेजी, बिसुकिया, फेफना, गड़वार, घोसौती, कोपवा, थुम्हाउत्तम, हनुमानगंज के माल्देपुर, नसीराबाद, मनियर के बड़ागांव, बसवरिया, विशुनपुरा, चोरकैंड, खादीपुर, नगरा के अवराई कला, बराइच, मालीपुर में पंचायत सहायक का पद खाली है। सिसवार कला, उसकर गजियापुर, नवानगर के चक पुरुषोतिम, डुहा बिहरा, कड़ौड़ा, पंदह के महुआपार उर्फ डकिनगंज, रसड़ा के अमहरपट्टी, चकचिरकटहा, कमतैला, मुड़ेरा, रसुलपुर, सुल्तानपुर, रेवती के दतहां में पंचायत सहायक का पद खाली है। हड़िया खुर्द, सीयर के विगह जमीन विगह, फरदहा, इब्राहिम पट्टी, खुटा, टंगुनिया व सोहांव ब्लाक के कथरिया, नसीरपुर कला, नसीरपुर, रामगढ़, शाहपुर बभनौलीखास व सुजायत ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक का पद लंबे समय से खाली है। इस संबंध में डीपीआरओ श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत सहायकों की भर्ती प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जल्द ही पंचायत सहायकों की तैनाती की जाएगी। सचिव ही पंचायत भवन का कार्य देख रहे हैं। पंचायत सहायकों की नियुक्ति हो जाने के बाद आम जनता को हर सुविधा मिलने लगेगी।

## महाराजा अहिवरन जी की जयंती 27 को

बलिया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बरनवाल समाज द्वारा 27 दिसम्बर को अपराह्न दो बजे से बरनवाल मैरेज हाल सिकंदरपुर में महाराजा अहिवरन जी की जयंती मनाया जायेगा। इसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय बरनवाल वैश्य सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश बरनवाल तथा विशिष्ट अतिथि नपं सिकंदरपुर के अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय कुमार जायसवाल एवं अनिल कुमार बरनवाल देवरिया होंगे। इस मौके पर महाराजा अहिवरन के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन, आरती, अतिथियों का उद्बोधन होगा। यह जानकारी बरनवाल सेवा समिति सिकन्दरपुर के मंत्री अरविन्द कुमार बरनवाल उर्फ झप्पू ने दी है।

## दिव्यांगजनों को ओढ़ाया कंबल

बलिया। नगरा ब्लॉक के कोठियां में शिवशक्ति सेवा संस्थान द्वारा तहसीलदार सीयर की मौजूदगी में दिव्यांगजनों में कम्बल वितरण किया गया। इस मौके पर राम नारायण सिंह, रवि प्रकाश उपाध्याय, राणा प्रताप सिंह, जवाहिर नाथ गोंड़, अनिल यादव, भोला राम, राजू राम आदि मौजूद रहे।

# रेफर सेंटर बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर



मनियर (बलिया)। चांदुपाकड़ में बाइक व साइकिल की टक्कर में बाइक सवार मोहन बिंद पुत्र रामाशीष बिंद निवासी नवका गांव उम्र 40 वर्ष बुरी तरीके से घायल हो गया, जिसके बाद आस-पास के लोगों ने घायल बाइक सवार को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर पहुंचाया। जहां डॉक्टर की गैर मौजूदगी के कारण अस्पताल पर मौजूद स्टाफ ने घायल बाइक सवार को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मौके पर मौजूद सहायताकर्ता राजकुमार गुप्ता सभासद मनियर वार्ड नंबर 12 व अभिमन्यु राजभर सभासद मनियर वार्ड नंबर 10 ने बताया कि चार दिन पहले ही मनियर बस स्टैंड पर ऐसे ही यह घटना हुई थी, जिसमें घायल सवार को रेफर किया गया था, जिसे बलिया ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। जिसको लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है कि स्वास्थ्य विभाग की ऐसी लापरवाही से आए दिन लोगों की जान जा रही है अगर ऐसी स्थिति रही तो क्षेत्र के लोग धरने के लिए बाध्य होंगे। मौके पर मौजूद लोगों में राकेश यादव, गोलू पासवान, कबीर शर्मा आदि मौजूद रहे। सीएमओ बलिया से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि कल ही ऑर्डर बनाकर एक डॉ0 की तैनाती मनियर पीएचसी पर किया जाएगा।

# गांवों में चलाया जा रहा फार्मर रजिस्ट्रेशन अभियान



सुनील कुमार

बैरिया। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने बुधवार को बताया कि फार्मर रजिस्ट्रेशन अभियान अंतर्गत क्षेत्र के किसानों से अपने अभिलेखों का सत्यापन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत चयनित लोगों एवं उनके अलावा वंचित पात्र किसानों का अभियान अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करना है। इस तरह से पंजीकृत लोगों को ही सरकार द्वारा किसानों के लिए मिलने वाली सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उप जिलाधिकारी ने बताया कि एग्रिस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फार एग्रीकल्चर) के लिए फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के संबंध में विशेष अभियान 20 दिसंबर से चार जनवरी 2025 तक गांवों में कैम्प लगाकर तहसीलदार, कानूनगो, लेखपालों एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों को रजिस्ट्रेशन के लिए निर्देश दिया गया है। स्थानीय स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री हेतु गांवों में कैम्प लगाया जायेगा। इस अभियान व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री से होने वाले लाभ तथा सरकारी सुविधाओं में अनिवार्यता के संबंध में किसानों को जागरूक किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों का आधार कार्ड, लिंक मोबाइल नंबर तथा गाटा का खतौनी दर्ज कराना होगा। बैरिया तहसील में 32939 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी है।

उन सभी किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं कराने पर उनका किसान सम्मान निधि बंद हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने किसानों से अपील किया है कि इस अभियान में शामिल होकर किसान सम्मान निधि का लाभ लें।

# वीर साहिबजादों की वीरता का किया बखान



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

**बाल दिवस**

**आकर्षण का केन्द्र बने रहे वीर बालकों का रूप धरे बालक**

बलिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया के बाल कार्य विभाग के तत्वावधान में चार साहिबजादों के बलिदान को समर्पित वीर बाल दिवस का आयोजन बुधवार को चंद्रशेखर उद्यान में किया गया। इसमें

गुरु गोविंद सिंह, पंच प्यारे एवं अन्य वीर बालकों का रूप धरे बालक आकर्षण का केन्द्र बने रहे। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रान्त के प्रांत प्रचारक रमेश एवं गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति बलिया के पूर्व प्रधान सरदार श्रवण कुमार सिंह ने गुरु गोविंद सिंह तथा पांच साहिबजादों के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिव्यांश ने गीत प्रस्तुत किया। प्रान्त प्रचारक रमेश ने कहा गुरु गोविन्द सिंह महाराज के पुत्र बाबा फतेह सिंह एवं बाबा जोरावर सिंह का बलिदान नई पीढ़ी के लिए था। दोनों वीर बालक हमारे लिए प्रेरणा पुंज है। इन दोनों बालकों ने अपने धर्म की रक्षा के लिए स्वयं को दीवारों में चुनवा लेना ठीक समझा। कहा कि यह धरती वीरों की वीरता की कहानियों से भरी पड़ी है। ऐसे वीर बालकों में प्रमुखता से फतेह सिंह-जोरावर सिंह थे, जो आने वाली युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। मेरा मानना है कि हम जैसा हीरो चयन करेंगे, हमारा व्यक्तित्व एवं व्यवहार वैसा ही होगा। हमारी सोच वैसी ही होगी। हम उसी दिशा में कार्य करेंगे। सरदार श्रवण कुमार सिंह ने वीर साहिबजादों की वीरता के साथ सिक्ख गुरुओं के तप, त्याग एवं देशप्रेम के बारे में विस्तार से बताया। अतिथियों का परिचय सूरज ने कराया। इस अवसर पर परमेश्वरनश्री, अखिलेश्वर, अरुण मणि, सौरभ पांडेय, डा. सन्तोष तिवारी, मारुति नन्दन, आशीष तिवारी, विवेक, चन्द्रशेखर, उमेश, गणेश तिवारी, बाल्मीकि, श्रेयांश, मोहित पांडेय, अव्यांश आदि मौजूद रहे।

## लंगर में हजारों लोगों ने चखा प्रसाद

बलिया। शहर के आर्यसमाज तिराहा के पास वीर बाल दिवस पर बुधवार को हजारों लोगों को देवेन्द्र सिंह चावला की तरफ से भोजन स्वरूप प्रसाद वितरण किया गया। सुबह से शाम तक प्रसाद के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। देवेन्द्र सिंह चावला ने बताया कि सनातन धर्म के रक्षक गुरू गोविन्द सिंह जी के चार साहेबजादे बाबा अजीत सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा फतेह सिंह की याद में प्रतिवर्ष लंगर कराया जाता है।



# अटल बिहारी वाजपेयी ने किया देश का विकास: डीएम

**आयोजन**

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया गया

**गाजीपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने सुशासन और सामाजिक विकास के लिए अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद करते हुए समाज में उनकी प्रेरणाओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने सुशासन शब्द पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी 19 से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया गया। जनपद में विभिन्न प्रकार के स्कूली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई किसी राजनैतिक पार्टी से ऊपर उठकर सबको साथ लेकर चलते थे। उन्होंने देश के विकास के लिए अपना योगदान दिया। उनका निर्णय निश्चय ही अभूतपूर्व रहा है। वे भारत को प्रगति के पथ पर ले गये। चाहे वो रक्षा के क्षेत्र मे या देश के विकास के क्षेत्र में हो। वहीं लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश में सुशासन विषयक संगोष्ठी का शुभारंभ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया, इस विशेष कार्यक्रम का सजीव प्रसारण गाजीपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक भाष्कर मिश्रा, प्रधानाचार्य महिला पी जी कालेज महुआबाग, प्रधानाचार्य सिटी इण्टर कालेज, एवं अन्य स्कूलो के अध्यापक एंव भारी संख्या मे छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।



रायफल क्लब सभागार में छात्रा को प्रमाण पत्र सौंपती डीएम आर्यका अखौरी।

## स्कूली प्रतियोगिताओं में सफल छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्कूली प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में रिद्धि अग्रहरी रा.बा.ई.कालेज महुआबाग प्रथम स्थान, शिक्षा यादव लूर्दस कॉन्वेट बालिका इ.कालेज द्वितीय एवं ऋषभ यादव अष्ट शहीद इ.का. मुहम्मदाबाद तृतीय स्थान को क्रमशः 5 हजार, 3 हजार व 2 हजार का चेक दिया गया। भाषण प्रतियोगिता मे अंजली वर्मा प्रथम व सन्हया राजभर द्वितीय रा.म.पी.जी.सी महुआबाग, अमृता राय तृतीय स्थान शहीद स्मारक पीजीसी कासिमाबाद को क्रमशः 10 हजार, 5 हजार, ढाई हजार का चेक, तथा एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता मे खुशी सिंह प्रथम एवं सीमू राय द्वितीय राजकीय महिला पीजीसी महुआबाग, व अंजली यादव तृतीय श्री नृसिंह इण्टर कालेज मोहनपुरा को क्रमशः 10 हजार, 5 हजार, ढाई हजार का चेक एंव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सहकारी बैंक से किसानों की सुधरेगी हालतः मनोज सिन्हा



**गाजीपुर।** जम्मू कश्मीर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आधुनिक जमाने में ई बैंकिंग की सुविधा बहुत आवश्यक हो गई है। अब सहकारी बैंकों को भी उस दिशा में सोचने की आवश्यकता है। नेट बैंकिंग, ई बैंकिंग किस तरह से हम जल्दी से जल्दी कैसे लागू कर सकते हैं, ताकि जो गैप है उसे भरा जा सके। बुधवार को जिला पंचायत हाल में जिला सहकारी बैंक के एटीएम कार्ड की सेवा का शुभारंभ करते हुए उन्होंने आगे कहा कि जिन कारणों से मुख्य रूप से बैंक घाटे में रहा करते थे, वह कारण जल्दी से जल्दी समाप्त हो सके, यह आवश्यक है। जितना लाभांश अर्जित होगा बैंक किसान को उतना ही धन देने में, सहकारी समितियां को पुनर्जीवित करने में सहयोगी होगा। उन्होंने कहा कि जो लक्ष्य देश के सामने है उसको प्राप्त करने के लिए हमें फिर से अपनी अर्थव्यवस्था को तेज गति से आगे बढ़ाना होगा। मनोज सिन्हा ने कहा कि जब तक किसान व कृषि की हालत देश में नही बदलेगी तब तक कोई ताकत हमें विकसित भारत नहीं बना सकती । उन्होंने कहा कि पिछले 10-11 वर्षों में भारत सरकार ने अनेक प्रयास किए हैं। इन प्रयासों को और तेज गति से हमें आगे बढ़ना है। सहकारिता एवं सहकारी बैंकों का इसमें बड़ा योगदान होगा। जब तक इनपुट क्रेडिट किसान को नहीं मिलेगा। तब तक सस्ते दर पर खेती करने के लिए किसान को धन नहीं मिलेगा। किसान की तब तक खेती अच्छी नहीं होगी। उसमें सहकारी बैंक की बड़ी भूमिका है। कार्यक्रम के पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सरोजेश सिंह ने मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा का पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर सांसद संगीता बलवंत, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, कृष्ण बिहारी राय, विरेन्द्र सिंह, विजय शंकर राय, अच्छेलाल गुप्ता, सरिता अग्रवाल, शशिकांत शर्मा, दयाशंकर पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन प्रवीण कुमार सिंह ने किया।

## अटल बिहारी वाजपेयी के लिए देश सर्वोपरि

**मनिहारी।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पंडित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज सिखड़ी के 47 वें वार्षिकोत्सव में शिरकत किए। उन्होंने सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय के चित्र पर द्वीप प्रचलित करके पुष्प अर्पित किया। मनोज सिन्हा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का एक ही विचार था कि चाहे कुछ भी हो जाए देश सर्वोपरि है। उसके बाद हमारा निजी स्वार्थ है। किसी भी परिस्थिति में रहे हैं यह मायने नहीं रखता, मायने यह रखता है कि जिस धरातल पर हम लोग रहते हैं। वह देश व धरती हमारी प्राण से भी ज्यादा प्यारी है। उन्होंने पंडित मदन मोहन मालवीय के विचारों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महामना का भी यही सोच थी कि देश की जो गरीबी है। उसका मूल्य जड़ देश की अशिक्षा में है। अगर देश को गरीबी, बेरोजगारी से ऊपर ले जाना है तो देश में शिक्षा का विकास सर्वोपरि है। वहीं, प्रधानाचार्य नीरज राय ने मुख्य अतिथि महामहिम मनोज सिन्हा और विशिष्ट अतिथि सांसद संगीता बलवंत को मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया।

## संक्षेप

### गलत रिपोर्ट पर लेखपाल निलंबित, राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि

**जखनियां।** तहसील में भ्रष्टाचार और लापरवाही पर अंकुश के लिए प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। गलत रिपोर्ट पेश करने पर लेखपाल नवनीत श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया। वहीं आईजीआरएस पर गलत रिपोर्टिंग के कारण महेंद्र अमरनाथ राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। उप जिलाधिकारी जखनिया रवीश गुप्ता द्वारा जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों की जांच कराई गई। जिसमें पता चला कि मुडियारी के लेखपाल ने बिना जांच के विरोधाभासी और गलत रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को प्रस्तुत की थी। जिसका संतोषजनक उत्तर न देने पर निलंबित किया गया। आईजीआरएस की समीक्षा बैठक में महेंद्र अमरनाथ की दोषपूर्ण रिपोर्ट पर गंभीर आपत्ति जताई गई। उनकी जिम्मेदारी से लापरवाह तरीके से रिपोर्ट तैयार करने के कारण, उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। तहसील प्रशासन ने दोषी अधिकारियों को चेतावनी दी है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि समाधान दिवस और आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। इस कार्यवाही पर स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से जमीनी स्तर पर अधिकारी लापरवाह हो गये थे। जिसकी वजह से समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा था। अब प्रशासन इन दोनों मामलों के अलावा अन्य मामलों में भी सख्त कदम उठाने की योजना बना रहा है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

### सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत, एक घायल

**सादात।** थाना क्षेत्र के ग्राम आतमपुर छपरा के पास बुधवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक साइकिल सवार वृद्ध और पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं पिकअप में बैठे एक मजदूर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से मिजार्पुर पीएचसी पर भिजवाया, जहां चिकित्सकों की अनुपस्थिति में फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वाय ने मरहम पट्टी करने के बाद उन्हें रेफर कर दिया। पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम डोरा निवासी 68 वर्षीय वृद्ध मुराहू राम पुत्र पतिराज राम साइकिल से जा रहे थे। इसी बीच सादात की तरफ से धान लादकर जा रहे एक पिकअप चालक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मुराहू सड़क पर गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट लगी। ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं हादसे के बाद पकड़े जाने के डर से पिकअप लेकर तेजी से भाग रहा प्यारेपुर निवासी 32 वर्षीय चालक शिवा पुत्र सोहन छपरा स्थित एक कालेज के छात्रावास के ठीक सामने पेड़ से टकरा गया। सड़क किनारे स्थित पेड़ से टकराने की वजह से पिकअप का आगे का हिस्सा बुरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में बाएं तरफ बैठे कौड़ा (ठठरा) निवासी 45 वर्षीय गुड्डू राजभर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक शिवा घायल होकर गाड़ी में पड़ा रहा। ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। दोनों घायलों को पीएचसी मिजार्पुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की नामौजूदगी में फार्मासिस्ट और वार्ड ब्वाय ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पाकर मृतक गुड्डू राजभर के परिजनों में कोहराम मच गया। उनके दो पुत्र अनिल, मनीष और दो पुत्रियां हैं। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे एसओ कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने शव को थाने लाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### मुकदमा दर्ज, किशोरी हाजिर

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक किशोरी के फरार हो जाने के बाद परिजनों ने थाना में मुकदमा दर्ज कराया। पुत्री के पिता ने थाना में आरोप लगाया कि मेरी पुत्री को ईसाई का धर्म परिवर्तन कराने के लिए बहकावे में गायब कराया गया है। पुत्री ने दूसरे दिन थाना में हाजिर हो गई। पुलिस ने बयान दर्ज कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### पति के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के गुरिया देवी पुत्री उदयनरायण सिंह ग्राम दिलदारनगर कि मूल निवासी है। पीड़ित कुछ समय पहले रघुराज प्रताप सिंह पुत्र मलखाना सिंह ग्राम लवनकाला पोस्ट दूबहा जनपद इलहाबाद (प्रयागराज) से शादी कर ली। वहां पर रघुराज प्रताप सिंह के साथ रहने लगी। उसी दौरान पति रघुराज प्रताप सिंह मेरे साथ अश्लील फोटो बना लिया। आपस में विवाद हो जाने के कारण अपने घर ग्राम दिलदारनगर आ गई। इसके बाद रघुराज प्रताप सिंह अपने फेसबूक आईडी व इस्टाग्राम आइडी से मेरी अश्लील फोटो वाइरल कर दिया। इस संबंध में अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### युवक ने गंगा नदी में लगायी छलांग, बची जान

**रेवतीपुर।** शहर कोतवाली के रजागंज पुलिस चौकी अंतर्गत बीते मंगलवार की देर शाम को 25 वर्षीय युवक ने हमीद सेतु से नदी में अचानक छलांग लगा दिया। जिसके कारण मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के मदद से किसी तरह डूब रहे युवक को अचेताअवस्था में बाहर निकाला। जिसे तुरंत पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया,कुछ देर बाद होश आने पर पुलिस के द्वारा पूछताछ में युवक ने अपना नाम पता क्रमशः नीतेश उपाध्याय निवासी फकराबाद थाना कोतवाली मुहम्मदाबाद बताया। जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों से पूछताछ और जरूरी लिखापढी के बाद पुलिस ने युवक को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### जिलाध्यक्ष प्रकाश केशरी का व्यापारियों ने किया स्वागत

**जखनियां।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल कंछल ग्रुप के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष प्रकाश केशरी (गुड्डू ) का जखनियां आगमन पर अशोक गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा अंगवस्त्र व रामचरित मानस देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। प्रकाश केशरी ने कहा जनपद में व्यापारियों का एक मजबूत संगठन है। उसको और आगे बढ़ाना है। व्यापारी हमेशा व्यापारी संगठनों के साथ सामंजस बनाकर चलते हैं। यहां के व्यापारियों को कहीं कोई आवश्यकता होगी। उसके लिए मैं सदैव उपस्थित रहूंगा। साथ आए व्यापार मंडल के जिला महामंत्री प्रिंस अग्रवाल का भी अंगवस्त्र देंकर स्वागत किया गया। मौके पर प्रमोद वर्मा, वीरेंद्र पांडेय, महामंत्री अशोक जायसवाल, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ विजय गुप्ता, धर्मेंद्र, विजयी, उदयी, उमेश, सुदामा, राजेश, मुकेश, गोपाल, चंदन सहित प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहें।

### पूर्व पीएम ने राष्ट्रहित में लिया फैसला : पीयूष

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेई की जयंती कार्यक्रम का आयोजन तरांव निवासी राकेश पाण्डेय नेतृत्व में बुधवार को किया। नेता पीयूष राय ने कहा कि अटल जैसा स्वाभिमानी,सभी को पक्ष विपक्ष सभी को साथ में लेकर राजनीति के रास्ते पर चलने वाला नेता कभी कभी ही धरती पर पैदा होते हैं। वे स्वाभिमान के स्वाभिमान को कभी झुकने नहीं दिया। राष्ट्रहित में कुछ भी त्याग करने को तैयार रहते हैं। उनके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि था। वे पक्ष विपक्ष सभी को साथ में लेकर चलने सर्वमान्य नेता थे। कभी भी देश हित के लाभ किसी से समझोता नही किया। इसका ज्वलंत उदाहरण सन 1999 में राजस्थान के पोखरण में परमाणु परिक्षण है। वे बेदागी जन नेता रहेव उदार व मिलनसार तो ऐसे थे कि वे राजनीति का लोहा विपक्षी भी मानते थे। वे देश के एक मात्र सर्वमान्य नेता रहे।वे अन्याय के समक्ष झुकना नही जानते थे।इसी क्रम में ब्लाक भांवरकोल प्रथम बीजेपी मंडलाध्यक्ष सतीश राय ने कहा कि अटल जी के जीवन पर जितना प्रकाश डाला जाएगा उतना ही कम होगा। मौके पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविकांत उपाध्याय,शशांक राय,रोशन कुशवाहा,उमश प्रधान प्रतिनिधि बदौली, समीर पासवान प्रधान तरांव,मनोज राय, कृष्ण देव यादव, संदीप गुप्ता, मुकेश राय धर्रराज राय,रामजी राय, लेखपाल राम व मुन्ना राय आदि शामिल रहे।

### जमीन के नाम पर 65 लाख की धोखाधड़ी

**रेवतीपुर।** थाना अंतर्गत अठहठा गांव के एक फौजी पुत्र ने गहमर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गावों के रहने वाले दो युवकों के खिलाफ 65 लाख रुपए लेकर जमीन ना देने के मामलें में थाना में धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का तहरीर दिया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ जमीन रजिस्ट्री ना करने के मामलें में मुकदमा पंजीकृत लिया है। थाना क्षेत्र के अठहठा गांव निवासी फौजी पुत्र कृष्णानंद ठाकुर ने बताया कि उसके पिता फौज में नौकरी करते थे। इसी दौरान गहमर थाना के गदाईपुर निवासी युवक बबलू प्रजापति सन 2018 में उसके घर में टाइल्स लगाने का काम कर रहा था। उसी समय फौज से छुट्टी पर आए पिता शर्मा ठाकुर ने जमीन खरीदने की बात कही ,जिसपर टाइल्स लगा रहे युवक ने कहा चलिए हमारा एक दोस्त सेवराईं निवासी अनिल सिंह आपकों जमीन दिलवा देगें। वहां ले जाकर मुलाकात होने पर उक्त दोनों अनिल सिंह और बबलू प्रजापति ने कई किस्तों में नगद और आनलाइन कुल 65 लाख रुपए ले लिए। पीड़ित ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि काफी दिनों बाद भी जब जमीन रजिस्ट्री नहीं हुई। तो उसके पिता रुपए वापस मांगने लगे। लेकिन दोनों टालमटोल करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे।प्रभारी निरीक्षक पवन उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो युवकों के खिलाफ खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामलें की छानबीन की जा रही है।

### सीतादास आश्रम पर वार्षिक भण्डारा

**मरदह।** महंत बाल योगी महेश दास जी ने सीतादास आश्रम बेलसड़ी धाम पर बुधवार को वार्षिक भण्डारे आयोजन हुआ। महंत श्री दास ने कहा गुरु हमें अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाते हैं।गुरु की कृपा के बिना भगवान् की प्राप्ति असंभव है।जिनके दर्शन मात्र से मन प्रसन्न होता है,अपने आप धैर्य और शांति आ जाती हैं,वे परम गुरु हैं।गुरु की भूमिका भारत में केवल आध्यात्म या धार्मिकता तक ही सीमित नहीं रही है,देश पर राजनीतिक विपदा आने पर गुरु ने देश को उचित सलाह देकर विपदा से उबारा भी है।अर्थात अनादिकाल से गुरु ने शिष्य का हर क्षेत्र में व्यापक एवं समग्रता से मार्गदर्शन किया है।इस मौके पर पूर्व विधायक राजेंद्र प्रसाद,चेयरमैन चिरैयाकोट रामप्रताप यादव, प्रमुख सत्येन्द्र सिंह मसाला, रामनारायण, जेपी, रामविलास, रामबचन यादव, लालू आदि लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना कंपोजिट विद्यालय का वार्षिकोत्सव

सेवराई। परिषदीय विद्यालयों के इतिहास में पहली बार शासन के निर्देश पर पीएम श्री चयनित विद्यालय का वार्षिकोत्सव कर बच्चों में सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास के क्रम में स्थानीय तहसील क्षेत्र के भदौरा गांव स्थित पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय भदौरा का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेशकर कान्वेंट विद्यालयों की छाप अभिभावकों पर छोड़ दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसआरजी रितेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथियो के द्वारा संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति गीत, भक्ति गीत एवं रिकार्डिंग डांस कर उपस्थित लोगों की वाहवाही लूटी। विद्यालय के कक्षा 3 के छात्र छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान की एक लघु नाट्य प्रस्तुत कर मौजूद सभी लोगो और अभिभावकों को बच्चो को स्कूल भेजने और उन्हें साक्षर बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसआरजी रितेश सिंह ने कहा कि शासन के निर्देश पर पढ़ाई के साथ साथ बौद्धिक विकास व सांस्कृतिक क्षमता की विकास विकसित करने हेतु पहली बार वार्षिकोत्सव आयोजित करने जा निर्देश दिया है। और वह सौभाग्य भदौरा ब्लाक में पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय भदौरा को मिला है। इसके लिए विकास खंड के लगभग सभी विद्यालयों ने प्रयास किया लेकिन सफलता आपके गांव को मिला है जो आप सभी लोगों के लिए सौभाग्य की बात है। इससे पूर्व प्रधानाध्यापक अशोक सिंह ने अतिथियों व पत्रकारों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि रितेश सिंह एसआरजी, अशोक सिंह प्रधानाध्यापक, अनिल, प्रवीण, अंगद, संतोर्ष, प्रीतम, श्रवण, विजेंद्र अध्यक्षता राजेंद्र राम व संचालन नितेश सिंह व विनोद ने संयुक्त रूप से किया।




# ओवरसीज बैंक रॉबरी में शामिल विनय वर्मा अरेस्ट



जमानियां पुलिस के गिरफ्त में ओवरसीज बैंक लूटकांड का आरोपी।

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** गाजीपुर पुलिस ने लखनऊ बैंक रॉबरी मामले में फरार पच्चीस हजार इनामी कुख्यात एक और बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विपिन कुमार वर्मा के रूप में हुई है। यह सीतापुर के थाना सरदरपुर गांव पिपरपुरवा का निवासी है। इसकी उम्र मात्र करीब 23 वर्ष है। इसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। जमानियां थाना के उ.नि. अजय कुमार पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे।

**कामयाबी**

### लखनऊ के इंडियन ओवरसीज बैंक के लॉकर तोड़ उड़ाए कई करोड़ के सामान

इस बीच पुलिस उपायुक्त पूर्वी लखनऊ से घोषित इनामियां अभियुक्त विपिन कुमार वर्मा पुत्र रुपचन्द वर्मा ग्राम पिपरपुरवा थाना सदरपुर, जिला सीतापुर की मुखवीर खास की सूचना पर मदनपुरा मोड़ रेलवे स्टेशन जमानियां से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से तमंचा सहित लखनऊ में बैंक से चोरी के 6 हजार 830 रुपए बरामद किया। बतादें, गाजीपुर पुलिस ने मंगलवार को लखनऊ बैंक के डकैती मामले में एक और फरार इनामी अपराधी सन्नीदयाल का जिले के कुतुबपुर बंद पड़े खंडहर ढाबे के पास एनकाउंटर किया थो। बदमाश की पहच नंदलाल के रूप में हुई। जिसके कब्जे से पिस्टल और 35 हजार 500रुपए बरामद हुआ।

### बैंक के 42 लॉकर को तोड़ा

विगत 21 दिसंबर को लखनऊ में इंडियन ओवरसीज बैंक की दीवार में सेंध लगाकर बदमाश अंदर घुसकर चार घंटे तक लॉकर काटकर लूट को अंजाम दिया। बदमाशों ने बैंक के 90 में से 42 लॉकर काटकर उसमें रखा सामान लेकर फरार हो गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि करोड़ों का सामान लूट ले गए। इधर, बैंक प्रबंधन चोरी गए सामान की सूची तैयार कर बैंक उपभोक्ताओं से संपर्क कर रहा है। बैंक मैनेजर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### अलार्म सिस्टम को किया ध्वस्त

इंडियन आवेरसीज बैंक के बगल के दुकानदार मालिक जफर ने रविवार को दोपहर में देखा कि बैंक की दीवार कटा हुआ है। उसने इसकी जानकारी पुलिस को दी। बदमाश बैंक के पीछे खाली प्लॉट से दाखिल हुए थे, जिसकी दीवार टूटी थी। बैंक के पीछे की दीवार को करीब दो फीट गोलाई में काटकर चार बदमाश अंदर दाखिल हुए। अलार्म सिस्टम के तार को काटा गया था। इसके बाद लॉकर रूम की दीवार को कटर से काटा और अंदर पहुंचे थे।

**गौरतलब है कि, पच्चीस हजार इनामी शातीर बदमाश विपिन कुमार वर्मा का नाम लखनऊ के इंडियन ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर तोड़ने में आया था। इसके बाद से ही प्रदेश की पुलिस इसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। इस बीच बुधवार को जिले में पुलिस चेकिंग में मुखबिर की सूचना पर इसको गिरफ्तार किया गया।**

# मा. शिक्षक संघ का 57वां प्रादेशिक सम्मेलन 7 जनवरी से आयोजित

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट द्वारा 57 वां प्रादेशिक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन आगामी 7, 8 एवं 9 जनवरी को आगरा में होगा। प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में आगामी सात जनवरी से 57 वें राज्य स्तरीय शीतकालीन प्रांतीय सम्मेलन आगरा में आयोजित है। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन मुफीद-ए-आम इंटर कॉलेज निकट डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (मूल रूप से आगरा विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को भव्य और प्रभावी बनाने के लिए प्रचार-प्रसार की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पोस्टर, पैम्फलेट, स्टीकर और अन्य माध्यमों से संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की व्यवस्था की जा रही है। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न इकाइयों का दौरा जोर-शोर से जारी है।जिसमें माध्यमिक शिक्षा के गुणात्मक विकास के साथ साथ नवीन शिक्षा नीति पर गम्भीर चर्चा होगी, जिसमें उप्र के माध्यमिक शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। विभिन्न विषयों पर चर्चा और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों और विधियों के बारे में जानकारी प्रदान करना, शिक्षकों के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देना, और शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने पर बल प्रदान किया जाएगा।

प्रादेशिक सम्मेलन में भाग लेने वाले शिक्षकों को विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया गया है।उन्होंने शिक्षकों से अपील की है कि इस सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिक्षक भाग लें। श्री चौधरी ने कहा कि इस सम्मेलन में भाग लेने वाले शिक्षकों को नई शिक्षा नीति को समझने में मदद मिलेगी।



शिक्षकों को सम्मेलन के लिए जागरूक करते पदाधिकारियों का शिष्टमंडल।

### पीड़ित परिवार को प्रधान प्रतिनिधि की मदद

**जखनियां।** 19 दिसंबर को रघुनाथपुर भड़ेवर गांव के मस्तीपुर में आग लगी की घटना में दस बकरियों सहित वर्षा पासी पुत्री प्रमोद पासी 14 वर्ष की जलकर हुई मौत पर बुधवार को अलीपुर मदरा प्रधान प्रतिनिधि झुन्ना सिंह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। लेकिन हम लोग सहयोग सहित शासन प्रशासन द्वारा जो भी आर्थिक मदद संभव होगी। वह कराई जाएगी। प्रधान प्रतिनिधि के साथ अभय सिंह, अवधेश यति, सवार्नंद गिरी, वेद प्रकाश पांडे, कमलेश यादव, इंद्रसेन यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उत्साह व उमंग के साथ मना क्रिसमस का त्योहार



सिंचाई विभाग स्थित चर्च कंपाउड में झांकियों को देखते लोग।

**आयोजन**

### लूर्द माता चर्च में झांकी देखने के लिए उमड़ी भीड़, रही रौनक

**गाजीपुर।** जिले में क्रिसमस-डे सोमवार को उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के सिंचाई विभाग चौराहा स्थित लूर्द माता चर्च और तुलसीसागर स्थित पुराने चर्च में सजी झांकियों को देखने के लिए ईसाई समुदाय सहित अन्य समुदाय के लोगों की भीड़ उमड़ी। लूर्द माता चर्च में सुबह से लेकर शाम तक चहल-पहल रही। क्रिसमस डे को लेकर मसीही समुदाय में पिछले कई दिनों से जबरदस्त उत्साह था। लोग क्रिसमस-डे (बड़ा दिन) की तैयारी में जुटे हुए थे। एक तरफ जहां चचर्चो की साफ-सफाई और झांकियों को सजाने का कार्य चल रहा था, वहीं घरों में पर्व की तैयारी की जा रही थी। सोमवार की सुबह चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। पुराने चर्च में फादर एम डेनियल ने प्रभु यीशु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने को कहा। शहर के सिंचाई विभाग चौराहा स्थित लूर्द माता चर्च और तुलसीसागर स्थित पुराने चर्च में प्रभु यीशु से संबंधित झांकियां सजाई गई थी। सबसे अधिक लूर्द माता चर्च परिसर में सजाई गई थी। इन झांकियों में प्रभु यीशु की ओर से लोगों को उपदेश देने के साथ ही उनके जीवन से संबंधित दर्जनों झांकियां सजाई गई थी। इस चर्च में दिन भर भीड़ बनी रही। स्थिति यह थी कि जितने लोग झांकियों को देखने के बाद बाहर निकल रहे थे, उतने ही लोग चर्च परिसर में प्रवेश कर रहे थे।



चर्च कंपाउड में क्रिसमस-डे पर सेल्फी लेती बालिका।

### सेल्फी लेने की रही होड़

लूर्द माता चर्च में सजी झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इस भीड़ में युवक-युवतियों और बच्चों की संख्या अधिक रही। जिन लोगों के पास कैमरायुक्त मोबाइल था, वह झांकियों की फोटो उसमें कैद करने में लगे रहे। इसके साथ ही युवतियां समूह और झांकियों के साथ खड़े होकर सेल्फी लेने में लगी रहीं। इस दौरान व्यवस्था में लगे लोग सेल्फी लेने वालों को झांकियों के पास से हटाते रहे कि अन्य लोगों को परेशानी न हो।

### घरों में बने स्वादिष्ट व्यंजन

मसीही समुदाय के लोग क्रिसमस-डे उत्साह के साथ मनाते हैं। पर्व पर एक तरफ जहां बच्चों के साथ ही वयस्कों पुरुष-महिलाएं नए वस्त्र धारण करते हैं, वहीं घरों में मेहमान नवाजी के लिए स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जाते हैं। इन व्यंजनों में खासकर केक जरूर शामिल रहता है। पूरे दिन समुदाय के लोगों के एक- दूसरे के घरों पर जाकर पर्व की बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान लोगों ने केक के साथ ही इन स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा।

### ग्राहकों से गुलजार रहीं चाट-चाउमीन की दुकानें

लूर्द माता चर्च के बाहर चाट-चाउमीन, बर्गर, समोसा, केक-पेस्ट्री - सहित श्रृंगार, खिलौना, झूला आदि की दुकानें लगाई गई थी। झांकियों को देखने के बाद लोगों ने विभिन्न सामानों की जमकर खरीददारी की। खासकर चाट- चाउमीन की दुकानें ग्राहकों से गुलजार रही। महिलाओं, युवतियों के साथ ही बच्चों ने चटपटे व्यंजनों का स्वाद लिया।

### समुदाय के लोग एक-दूसरे को देते रहे बधाई

मसीही समुदाय के लोगों में क्रिसमस डे को लेकर गजब का उत्साह था। सुबह तुलसीसागर स्थित पुराने चर्च और सिंचाई विभाग चौराहा स्थित लूर्द माता चर्च सहित ग्रामीण क्षेत्र के चर्चों में प्रार्थना सभा का आयोजन किया। इसमें समुदाय के महिला-पुरुषों के साथ ही बच्चों ने भाग लिया। प्रार्थना सभा होने के बाद समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर पर्व की बधाई दी।

## जनसंपादकीय

# मीडिया का मायाजाल



**डॉ. सुधीर सक्सेना**

डॉ. मुकेश कुमार कवि-लेखक-पत्रकार हैं। वे किसी परिचय के मोहताज नहीं है कि उन्होंने अपनी कलम और छोटे पर्दे पर अपने प्रदर्शन से अपनी पहचान और छवि अर्जित की है। सन् 1995 में सागर विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की सनद लेकर निकले मुकेश ने कई पत्र-पत्रिकाओं और टीवी चैनलों में काम किया और साथ ही अध्यापन और स्तंभलेखन भी। यहां-वहां उनकी आधुनिक भावबोध की कविताएं भी नजर आती रहीं। मुकेश के साथ कबीर का युग्म महत्वपूर्ण है। यह युग्म बहुत कुछ कहता है। यह इस शख्स के स्वभाव या मिजाज व सरोकारों का परिचायक है। यह उसके फक्कड़पन और फकीराना अंदाज तथा विद्रोह का सूचक है। यह हाथ में लकाठी लेकर घर फूंककर जनपथ पर लंबे, कठिन और पुरजोखिम कूच में शरीक होने के जीवट का संकेत देता है।

मुकेश कुमार ने कठिन समय में कठिन रास्ता चुना है। मुकेश का रास्ता सुविधा का रास्ता नहीं है। यह हाथ में लाल कपड़ा लेकर सांडों के बीच से गुजरने जैसा है। बिलाशक यह दुःसह काल है, इतिहास में अपूर्व और हैरतअंगेज। समय कोरोना के कारण ही नहीं, अन्य कारणों से भी दुःसह है। यह बर्बर, आक्रामक और अराजक समय है। विरोध या चुनौती ही नहीं, असहमति और मतांतर के भी खिलाफ। उसे न आजाद लब पसंद हैं और न ही आजाद खयाल। शासक शक्तियां इतनी बेलिहाज, बेहूदा और निर्लज्ज पहले कभी न थीं। आश्चर्य है कि प्रतिरोध और प्रदर्शनों से सत्ता में पहुंची ताकतों को प्रदर्शन फूटी आंखों नहीं सुहाते और हर प्रतिरोध को वे दफ्न कर देना चाहते हैं। खौफ उनका हथियार है, संकीर्णता उनकी सोच और घृणा उनकी रणनीति। यही वजह है कि इस उत्तर-आधुनिक युग या पोस्ट-ट्रुथ इरा में हम इतिहास के गलियारों में उलटे पांव मध्ययुग या और भी पुराने आदिम युग की ओर अग्रसर नजर आ रहे हैं।

मुकेश चीनांशुक से ढंकी काली रोशनाई से लिखी स्याह इबारतों को बखूबी बांचते हैं। वह मुखौटों के पीछे छिपे चेहरों, बातों के पीछे छिपी घातों और अच्छे दिनों के बहाने लंबी पीड़ादायी रातों की साजिशों की शिनाख्त और पड़ताल करते हैं और लोगों को आगाह करने से नहीं चूकते। चूंकि, मुकेश एक चेतस, जागरूक और विवेकसंपन्न पत्रकार हैं, लिहाजा 'मीडिया का मायाजाल' पढ़ते हुए हमें उनके भीतर छुपा वह नजूमी भी नजर आता है, जो हमें आसन्न खतरों और भयावह अंजामों के प्रति सचेत करता है।

'मीडिया का मायाजाल' के जरिए हम मुकेश के पिछले पांच वर्षों-मोटे तौर पर सन् 2013 से 2018 के दरम्यान लिखे लेखों से गुजरते हैं और उनके पर्यवेक्षणों, चिंताओं, मान्यताओं और चेतावनियों में शरीक होते हैं। किताब में छपे अनेक लेख समय-समय पर 'दुनिया इन दिनों' में छपे और सराहे गये। मुझसे बाद की पीढ़ी के मुकेश मेरे प्रिय पत्रकार और लेखक हैं। वे मुझे क्यों प्रिय है, इसका आभास आपको पूर्व-पैराग्राफों में वर्णित बातों से मिल गया होगा। लेकिन कुछ अन्य बातों के जरिये मैं आपको यह बताना जरूरी समझता हूं कि मेरी नजरों में 'मीडिया का मायाजाल' समकाल के सन्दर्भ में क्यों एक जरूरी किताब है?

स्वातंत्र्योत्तर भारत में मीडिया के घरानों और संस्थाओं का उनकी स्थापना, उत्कर्ष, पराभव और अंत का अकादेमिक इतिहास तो कोई भी लिख सकता है, लेकिन इससे भिन्न मीडिया की दिशा और दशा को वही पत्रकार दर्ज कर सकता है, जिसके पास विवेचन और विश्लेषण का सम्यक विवेक हो और जो स्वस्थ मानकों में यकीन रखता हो। महाकवि फिराक गोरखपुरी जिस 'बीनाई' की बात करते हैं, उसे श्रम और अर्जित करना होता है। कह सकते हैं कि दृष्टि 'कमाई' जाती है। आप आंखों पर पट्टी बांधकर महाभारत के लोमहर्षक वृत्तांत को नहीं जान सकते। वे भी अंधत्व के शिकार हो सकते हैं, जिनके पास आंखें हैं। दरअसल, हमें अपने भीतर एक 'ग्लासनोस्त' पैदा करना होता है। जीवन जिज्ञासा से शुरू होकर सत्य की खोज का पर्याय है और इस यात्रा में संदेह की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुकेश कुमार 'इतना सन्नाटा क्यों है भाई' से 'जात पूछ लीजिये मीडिया की' तक के लगभग आधा सैकड़ा आलेखों में मीडिया की हस्तरेखाओं, कुण्डली और उसके डीएनए को उद्घाटित करते हैं। ऐसा करते हुए वह बेहिचक जिरह करते हैं। बाज वक्त वह जर्राह की तरह चीरफाड़ भी करते हैं। वह खोट और खुरंट को उजागर करते हैं और मीडिया की काया में पनप रहे 'स्लीपिंग सेल्स' (सुप्त कोशिकाओं) की भी शिनाख्त करते हैं। गंदे और जहरीले ऊतकों की पहचान में वह गलती नहीं करते। गौरतलब यह है कि वह गझिन पत्तों की आड़ में बैठे उन परिन्दों को भी देख और पहचान लेते हैं, जिन्हें मनुष्यों और मूल्यों को चींथने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कह सकते हैं कि पराये पानि पर पंछियों को मारने का प्रसंग कविवर बिहारी के रीतिकाल की ही वृत्ति नहीं है।

इधर एक नयी संज्ञा चलन में आई है गोदी मीडिया। आधुनिक युग में गांधी से बड़ा महानायक कौन हुआ है, जिसके कोटि-कोटि अनुयायी थे। लेकिन गांधी ने सत्याग्रह से कोटि-कोटि बलिदानी तैयार किये थे, ऐसे भक्त नहीं, जो सत और असत, शिव और अशिव, सुंदर और अशुंदर में भेद का विवेक खो बैठे। गांधी असत्य पर सत्य, हिंसा पर अहिंसा, घृणा पर प्रेम और बंटवारे पर एकता को वरीयता के पर्याय थे। गौर करें कि सोशल मीडिया पर किस तरह गांधी (और नेहरू भी) के खिलाफ सुनियोजित कुत्सित अभियान जरूरी है और किस तरह भारतीयता को हिन्दुत्व में संकुचित कर गैर-हिन्दुओं को 'देशद्रोही' बिरादरी के तौर पर दर्शार्य जा रहा है? अक्टूबर, 2016 में प्रकाशित अपने लेख 'मीडिया को जंगखोर किसने बनाया' में वह संदर्भों की गहरी पड़ताल करते हैं। यूं भी संदर्भों में धंसना मुकेश की आदत में शुमार है। गहरे पानी पैठ बिना सचाई के मूल्यवान मोती बटोरना मुमकिन नहीं होता। उक्त आलेख में वह सन् 1991 के खाड़ी युद्ध से संदर्भों को उठाते हैं कि सीएनएन ने रक्तरंजित विनाशकारी युद्ध की विभीषिका को मनोरंजन के पैकेज के रूप में कैसे पेश किया। इससे युद्धोन्माद के साथ ही बॉक्सिंग की तरह एक बड़ा बाजार पैदा हुआ। मुकेश के लेखों में आज के मीडिया का 'सच' बार बार उभरता है। चाहे 'जब सरकार मुकाबिल हो' या 'काला धन काला मीडिया' या 'टीवी रेटिंग में धांधली से उठे सवाल' या 'से अंदाजे गुफ्तगू क्या है'। मुकेश का यह कहना सही है कि हम अघोषित आपात्काल में जी रहे हैं और पिछले करीब 50 साल के कालखंड में सत्ता के लिए यह अनुकूलतम मीडिया है। यह भी वास्तविकता है कि गतिशीलता तक्नोलॉजी के स्तर पर है, कंटेंट के स्तर पर नहीं और मीडिया परिवर्तनकामी नहीं रहा।

मुकेश की कामयाबी यह है कि उन्हें पढ़कर हमारे ज्ञान-कोशों का विस्तार होता है। उनका लिखा पढ़कर हम जाने हुए मीडिया को - उसकी प्रवृत्ति और चरित्र को-और अधिक जान पाते हैं। उनका लेखन हमें 'एनरिच' करता है। औरों से एक कदम आगे बढ़कर 'लिटमस-सलूक' से वह बैनरों और चैनलों की तासीर भी बताते हैं। मुकेश कुमार के कवि होने का सीधा अर्थ है कि वह सरल और संवेदनशील हैं, लेकिन यह गौरतलब है कि उनका 'बख्श दो गर खता करे कोई' में कोई यकीन नहीं है। सच कहना और लिखना हमेशा तलवार की धार पर धावनों सरीखा रहा है। पत्रकारिता वस्तुतः एक युद्ध है। इस कठिन युद्ध में हम निष्कवच योद्धाओं के लिए भगतसिंह, अंबेडकर और सबसे बढ़कर गांधी नामक उस महानायक का संबल है, जिसके लिए 'सत्य ही ईश्वर' था।

**( लेखक वरिष्ठ कवि व संपादक हैं, संपर्क 97111 23909)**

**(जैसा कि हम सब जानते हैं, संविधान उन मूल्यों का प्रतिनिधि है जो स्वाधीनता संग्राम के दौरान उपजे। संविधान तैयार करते समय हमारी सभ्यता की लम्बी परंपरा का भी ख्याल रखा गया। जिन लोगों ने स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लिया और जो उसकी पीछे की विचारधारा में आस्था रखते थे, भारतीय सभ्यता की उनकी समझ, उन लोगों से बहुत भिन्न थी जो औपनिवेशिकता-विरोधी आन्दोलन से दूर बने रहे और ब्रिटिश शासकों के आगे नतमस्तक रहे। जहाँ आजादी का आन्दोलन भारत को समृद्ध विविधताओं वाला एक बहुवादी देश मानता था वहीं स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहने वाले उसे हिन्दू सभ्यता मानते थे। ऐसे लोगों को बहुवाद पसंद नहीं है और वे मानते हैं कि बहुवाद को शिक्षित, आधुनिक नेताओं ने देश पर थोपा है।)**

# संविधान के 75 साल: हम कहां हैं

**समय-संदर्भ**



**राम पुनियानी**

भारत की संसद ने दो दिन तक देश के संविधान पर चर्चा की। विपक्षी नेताओं ने कहा कि हमारे संविधान में समाज के कमजोर वर्गों और धार्मिक अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए अनेक प्रावधान हैं मगर उसके बावजूद ये वर्ग परेशानहाल हैं। मुसलमानों को दूसरे दर्जे का नागरिक बना दिया गया है।

इसके विपरीत, सत्ताधारी भाजपा के नेताओं ने संसद के अन्दर और संसद के बाहर भी कहा कि संवैधानिक मूल्यों पर हमले नेहरु (नफरत फैलाने वाले भाषण पर रोक लगाने के लिए संवैधानिक संशोधन) ने शुरू किये और यह सिलसिला इंदिरा गाँधी (आपातकाल) से होता हुआ राजीव गाँधी (शाहबानो) और राहुल गाँधी (विधेयक को फाड़ना) तक चला। उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक बुराईयों की जड़ में नेहरु-गाँधी परिवार है और उसी ने संविधान को नुकसान पहुँचाया है।

भाजपा नेता और हिन्दू राष्ट्रवादी चिन्तक लम्बे समय से कहते आए हैं कि भारत का संविधान पश्चिमी मूल्यों पर आधारित है, उसे औपनिवेशिक ताकतों ने हमारे समाज पर लादा है और वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति से मेल नहीं खाता। उनका यह तर्क भी रहा है कि कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों का तुष्टिकरण करने और उनका वोट बैंक बनाने के लिए संविधान का दुरुपयोग किया।

जैसा कि हम सब जानते हैं, संविधान उन मूल्यों का प्रतिनिधि है जो स्वाधीनता संग्राम के दौरान उपजे। संविधान तैयार करते समय हमारी सभ्यता की लम्बी परंपरा का भी ख्याल रखा गया। जिन लोगों ने स्वाधीनता आन्दोलन में भाग लिया और जो उसकी पीछे की विचारधारा में आस्था रखते थे, भारतीय सभ्यता की उनकी समझ, उन लोगों से बहुत भिन्न थी जो औपनिवेशिकता-विरोधी आन्दोलन से दूर बने रहे और ब्रिटिश शासकों के आगे नतमस्तक रहे। जहाँ आजादी का आन्दोलन भारत को समृद्ध विविधताओं वाला एक बहुवादी देश मानता था वहीं स्वाधीनता आन्दोलन से दूर रहने वाले उसे हिन्दू सभ्यता मानते थे। ऐसे लोगों को बहुवाद पसंद नहीं है और वे मानते हैं कि बहुवाद को शिक्षित, आधुनिक नेताओं ने देश पर थोपा है।

संघ परिवार यह भूल जाता है कि भारतीय सभ्यता को हिन्दू सभ्यता बताना, हमारी सभ्यता में जैन, बौद्ध, ईसाई और सिक्ख धर्मों व इस्लाम के योगदान को नकारना है। हिन्दू राष्ट्रवादियों के सबसे प्रिय भगवान राम को देखने के भी अलग-अलग तरीके हैं। कबीर के लिए राम सर्वव्यापी निर्गुण हैं तो गाँधी के लिए राम सभी धर्मों के लोगों के रक्षक हैं। गाँधी कहते थे 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम'। जवाहरलाल नेहरु ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'भारतः एक खोज' में लिखा है कि 'भारत एक प्राचीन स्लेट है, जिस पर कई परतों में अलग-अलग कालों में विचार और भावनाएं दर्ज की गईं मगर कोई नयी परत, पिछली परतों को न तो पूरी तरह ढँक सकी और न मिटा सकी।' नेहरु बड़े गर्व से सम्राट अशोक के शासनकाल को याद करते हैं, जिन्होंने अपने कई शिलालेखों में वैदिक हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और आजीविकों के साथ एक-समान व्यवहार करने की बात कही है।

संघ परिवार और उसके चिंतक जहाँ भारत को विशुद्ध ब्राह्मणवादी हिन्दू देश मानते हैं वहीं गाँधी, नेहरु इत्यादि इसे सभी भारतीयों का देश मानते थे। भारत की संविधान सभा मोटे तौर पर उस धारा का प्रतिनिधित्व करती थी, जो राष्ट्रीय धारा थी, जो वह धारा थी जिसने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। इसके विपरीत, भारत को ब्राह्मणवादी हिन्दू राष्ट्र मानने वाला आरएसएस हाशिये की धारा थी। दोनों धाराओं का यह अंतर, भारत के संविधान का मसविदा तैयार होने के समय से ही परिलक्षित होने लगा था।

अम्बेडकर और नेहरू का यह स्पष्ट मत था कि देश की सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि संविधान के मूल ढांचे से कोई छेड़छाड़ न की जाए और उसे पूरी तरह से लागू किया जाए। मगर 1998 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संविधान के समीक्षा के लिए वेंकटचलैया आयोग का गठन किया। उस समय राष्ट्रपति डॉ के.आर. नारायणन ने बहुत सामयिक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि, 'संविधान के कारण हम नाकाम नहीं हुए हैं, बल्कि हमनें संविधान को नाकाम किया है।' यह बात मोदी सरकार के कार्यकाल के सन्दर्भ में एकदम सही है। इस दौर में संविधान में कोई बदलाव नहीं किये गए मगर संघ परिवार के कई सदस्यों ने ऐसा करने की इच्छा और जरुरत बताई और उन्हें शीर्ष नेतृत्व द्वारा फटकारा नहीं गया। 'अब की बार चार सौ पार' का नारा इसी इच्छा का प्रतीक था। भाजपा चाहती थी कि उसे लोकसभा में 400 से ज्यादा सीटें हासिल हों ताकि वह संविधान को बदल सके।

देश में नफरत फैलाने वाले भाषण देने और बातें कहने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसका सबसे ताजा उदाहरण हैं इलाहबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव, जिन्होंने विश्व हिन्दू परिषद् के एक कार्यक्रम में कहा कि 'भारत बहुसंख्यकों की मर्जी के अनुसार चलेगा।'

जस्टिस यादव ने 'समान नागरिक संहिताः एक संवैधानिक आवश्यकता' विषय पर बोलते हुआ कहा, 'केवल वही स्वीकार किया जाएगा जो बहुसंख्यकों की भलाई और प्रसन्नता के लिए फायदेमंद हो।'

इससे भी ज्यादा बुरी बात यह है कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यादव के कथन का समर्थन किया। यह अच्छा है कि सुप्रीम कोर्ट ने यादव के सांप्रदायिक और नफरत फैलाने वाले भाषण का संज्ञान लिया है। मगर आदित्यनाथ के यादव को समर्थन का कौन संज्ञान लेगा?

वर्तमान स्थितियों पर एक सटीक टिप्पणी में जस्टिस अस्पि चिनॉय ने कहा, 'भाजपा केंद्र में सरकार में है और उसके पास संसद में पूर्ण बहुमत है। मगर उसे भारत और उसके संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को कानूनी तौर पर बदलने की कोई जरुरत महसूस नहीं हो रही है। राज्य और उसके विविध तंत्र उसके नियंत्रण में है और वह कानूनी तौर पर भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बदले बिना ही उसके धर्मनिरपेक्ष संविधान को कमजोर करने और हिंदुत्व पर आधारित राजकाज कायम करने में कामयाब रही है।'

भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ के सांप्रदायिक चरित्र का खुलासा उस समय ही हो गया था जब संविधान का मसविदा जारी किया गया था। इसके कुछ दिन बाद, आरएसएस के गैर-आधिकारिक मुखपत्र 'आर्गेनाइजर' ने 30 नवम्बर 1949 के अपने अंक में लिखा था, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है।...भारत के प्राचीन संवैधानिक कानूनों, नामकरणों और भाषा का इसमें नामोनिशां तक नहीं है।' मतलब यह कि भारत के संविधान के निमार्ताओं ने 'मनुस्मृति' को नजरअंदाज किया!

लोकसभा में संविधान पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति के पितामह वी.डी. सावरकर को उद्दत करते हुए कहा, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे बुरी बात यह है कि उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है। हमारे हिन्दू राष्ट्र में वेदों के बाद मनुस्मृति सबसे पूजनीय ग्रन्थ है, जो प्राचीन काल से हमारी संस्कृति, रीति-रिवाजों, विचारों और आचरण का आधार रही है।' सावरकर का कहना था कि मनुमृति ही हमारे देश का कानून है।

अगर हम संविधान की मसविदा समिति के मुखिया डॉ अम्बेडकर और आरएसएस के एक सरसंघचालक के. सुदर्शन की तुलना करें तो पूरी बात समझ में आ जाएगी। अम्बेडकर ने मनुस्मृति का दहन किया था और आरएसएस के मुखिया ने भारत के संविधान को पश्चिमी मूल्यों से प्रेरित बताते हुए कहा था कि हमें मनुस्मृति पर आधारित भारत का संविधान बनाना है।

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया। लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

# संसद की गरिमा का दांव पर लगना

**प्रसंगवश**



**ललित गर्ग**

संविधान-निर्माता भीमराव आंबेडकर को लेकर भारतीय संसद में जो दृश्य पिछले कुछ दिनों में देखने को मिले हैं, वे न केवल शर्मसार करने वाले है बल्कि संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अंबेडकर को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं। दोनों पक्षों ने गुरुवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हाथापाई भी हुई जिसमें भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी को नियमों का पालन करना पड़ेगा। संसद की मर्यादा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी जिम्मेदारी है। भारतीय संसद के प्रांगण में जिस तरह की अशोभनीय एवं त्रासद स्थिति का उत्पन्न हुई है, वे हर लिहाज से दुखद, विडम्बनापूर्ण और निंदनीय है। आरोप-प्रत्यारोप की वजह से परिवेश ऐसा बन गया है, मानो सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शुद्ध शत्रुता, द्वेष, नफरत की स्थितियां उग्रतर हो गई हो। और तो और, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार जैसे आरोपों को लेकर पुलिस में मामला दर्ज होना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। इन दुखद एवं अशालीन स्थितियों का उपचार न किया गया, तो संसद में काफी कुछ अप्रिय एवं अशोभनीय होने की आशंकाएं बलशाली होगी।

कहना न होगा कि देश की संसद लोकतंत्र के वैचारिक शिखर और देश की संप्रभुता को रेखांकित करने वाला शिखर संस्थान है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना सभी सांसदों का मूल कर्तव्य बन जाता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा होती है कि वे संसद की गरिमा को भंग न करे, अपना आचरण शुद्ध, शालीन एवं व्यवस्थित रखेंगे और व्यर्थ की बयानबाजी, धक्का-मुक्की, दुर्व्यवहार की जगह सार्थक बहस की संभावनाओं को उजागर करें। भारत की परंपरा कहती है कि वह सभा, सभा नहीं, जिसमें शालीनता एवं मर्यादा न हो। वह संसद संसद नहीं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा न करें। वह धर्म, धर्म नहीं, जिसमें सत्य न हो। वह सत्य, सत्य नहीं जो कपटपूर्ण हो। आज संसद में सांसदों का व्यवहार शर्म की पराकाष्ठा तक पहुंच गया है। पूरे देश की जनता ने बड़ा भरोसा जताते हुए अपने प्रतिनिधियों को चुनकर लोकसभा में भेजा है, ताकि वे सांसद के रूप में देश की भलाई के लिए नीति एवं नियम बनाएं, उसे लागू कराएं और जनजीवन को सुरक्षित तथा खुशहाल बनाते हुए देश का विकास करें। संसद की सदस्यता की शपथ लेते समय सांसदगण इन सब बातों को ध्यान में रखने की कसम भी खाते हैं, लेकिन उनकी कसम बेबुनियाद ही होते हुए संसद की मयार्दाओं को आहत कर रही है। बीते कुछ समय से धरना-प्रदर्शन के साथ सड़क पर राजनीतिक दमखम दिखाने वाले नजारे संसद के दोनों सदनों में भी दिखने लगे हैं। भौतिक रूप से छीना-झपटी और हाथापाई की नौबत भी दिखती रही है और विचाराधीन विषय से दूर एक-दूसरे को हीन साबित करना ही उद्देश्य बन गया है।

संसद का मूल्यवान समय बर्बाद हो रहा है, यह इससे स्पष्ट होता है कि पहली लोकसभा में हर साल 135 दिन बैठकें आयोजित हुई थीं। आज स्थिति कितनी नाजुक हो गई है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि पिछली लोकसभा में हर साल औसतन 55 दिन ही बैठकें आयोजित हुईं। नयी लोकसभा की स्थिति तो और भी दुखद एवं दयनीय है। संसद में काम न होना, बार-बार संसदीय अवरोध होना तो त्रासद है ही, लेकिन धक्का-मुक्की तक नौबत पहुंचना ज्यादा चिन्ताजनक है। कोई भी दल हो, किसी भी दल के सांसद हो, उन्हें यह संदेश देने की जरूरत है कि संसद ऐसे किसी संघर्ष का अखाड़ा नहीं है। संसद और संविधान, दोनों ही सांसदों से उच्च गरिमा एवं मर्यादाओं की अपेक्षा करते हैं। संसद देश की आवाजों और दलीलों का मंच है, यह किसी भी प्रकार की शारीरिक जोर-आजमाइश का मंच न बने, इसी में देश की भलाई है, लोकतंत्र की अक्षुण्णता है। सार्थक और उत्पादक संवाद के लिए हर सांसद को संविधान का ज्ञान, संसदीय परंपराओं की जानकारी एवं उनके प्रति प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। दुर्भाग्य से बहुत कम सांसद ही इस ओर ध्यान देते हैं। मुखर प्रवक्ता के रूप में विपक्ष के कई सांसद अक्सर बेलगाम, फूहड एवं स्तरहीन आरोप-प्रत्यारोप दर्ज कराने में जुट जाते हैं। आधी-अधूरी सूचनाओं या गलत जानकारी के साथ विपक्ष के नेता सरकारी पक्ष को आरोपित करने में जुट जाते हैं, बयानों तो तोड़मरोड़ का प्रस्तुत करते हैं। निश्चित ही विपक्ष लगातार अपनी जिम्मेदारी से विमुख होता दिख रहा है। वह सरकार को घेरने और आरोपित करने के उद्देश्य से संसद के कार्य में अक्सर व्यवधान डालता है। लगता है विपक्ष का मकसद यही हो गया है कि संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से न चल सके और सरकार की विफलता दर्ज हो। इस तरह की विपक्ष की बौखलाहट का बड़ा कारण भाजपा की लगातार चमत्कारी जीत है।

सांसदों को समग्रता में सोचना चाहिए कि अगर संसद जोर आजमाइश एवं हिंसा का अखाड़ा होकर बात एफआईआर की राजनीति तक बढ़ेगी, तो संसद का संचालन जटिल से जटिलतर होता जायेगा। संसद में तनाव कोई नई बात नहीं है। तनाव और तल्खी का इतिहास रहा है, पर बहुत कम अवसर ऐसे आए हैं, जब शारीरिक बल का दुरुपयोग देखा गया है। संसद भवन के प्रांगण में ही नहीं, बल्कि देश में कहीं भी सांसदों को ऐसे आमने-सामने नहीं आना चाहिए, जैसे गुरुवार को देश ने देखा है। संसद भवन के प्रांगण में जगह-जगह कैमरे लगे हैं। उन कैमरों की मदद से कम से कम यह तो सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषी कौन है? दुध का दुध एवं पानी का पानी हो और सच सामने आये। सच की जीत हो और झूठ नैस्तनाबूद हो। अगर किसी सांसद के सिर में चोट लगी है, तो यह वैसे भी गंभीर मसला है। भाजपा सांसद सारंगी ने यही बताया है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वजह से एक व्यक्ति उनसे टकराया और वह गिर गए। ऐसा ही आरोप कांग्रेस ने भी लगाया है। पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप लगेंगे, पर ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि सच सामने आए। यदि सच सामने न आए, तो कम से कम सभी सांसद ऐसी स्थिति फिर न बनने दें, इसके लिये संकल्पित हो।

शीतकालीन सत्र में आंबेडकर के नाम पर संसद के भीतर-बाहर जो कुछ हो रहा है, उससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल संसद की गरिमा से जानबूझकर खिलवाड़ करने पर तूले है। यह मानना अविश्वसनीय है कि यह धक्का-मुक्की अनजाने में हुई। राहुल गांधी आक्रामक ढंग से एक महिला सांसद के निकट जाकर उन्हें असहज करना तो बहुत ही शर्मनाक एवं कहीं अधिक फूहड़ है। पता नहीं किसके आरोपों में कितनी सच्चाई है, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि उक्त घटना संसद ही नहीं, देश को भी शर्मिंदा करने वाली है। राजनीति का स्तर इतना नहीं गिरना चाहिए कि वह मयार्दा से विहीन दिखने लगे। ऐसी राजनीति केवल धिक्कार की पात्र होती है। संसद की मर्यादा को तार-तार करने वाली ऐसी घटनाएं सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती कटुता का ही नतीजा है, जो देश के हित में नहीं है। पक्ष-विपक्ष के बीच बढ़ती शत्रुता न केवल भारतीय राजनीति बल्कि लोकतंत्र के लिए भी खतरनाक हैं। दोनों पक्षों के बीच शत्रु भाव कम होने के कोई आसार इसलिए नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि ऐसे मुद्दे सतह पर लाए जा रहे हैं, जिनका कोई औचित्य नहीं बनता और जिनका मकसद लोगों को बरगलाना एवं गुमराह करना है। बीते कुछ समय से यह जो भय का भूत खड़ा किया जा रहा है कि संविधान खतरे में है, वह राजनीति के छिछले स्तर का ही परिचायक है। कोई बताये तो संविधान कब और कैसे खतरे में आ गया। संसद में ऐसे विषयों को लेकर सार्थक एवं सौहार्द्रपूर्ण संवाद हो, वाद-विवाद की जगह कटुता न ले, विमर्श और विचार की गंभीरता से ही लोकतंत्र की शक्ति बढ़ेगी। दलगत पसंद और नापसंद स्वाभाविक है, किंतु उससे ऊपर उठकर रचनात्मक भूमिका निभाने का साहस भी जरूरी है।

प्रेषक

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# तुम एक पैसा दोगे वो दस लाख देगा

**व्यंग्य**



**सुरेश रायकवार**

हमारे देश में कभी भिखारियों की संख्या और समस्या नगण्य हुआ करती थी किन्तु वर्ष 1966 के एक फिल्मी गीत 'गरीबों की सुनो वो तुम्हारी सुनेगा, तुम एक पैसा दोगे वो दस लाख देगा' ने भीख को ही दान समझने वाले दानदाताओं के मन में सस्ती दया की भावना जागृत कर दी। कई लोगों को यह लगने लगा कि वो भिखारी को अठन्नी-चवन्नी की भीख देंगे और बदले में भगवान उन्हे लखपति तो बना ही देगा। जन-सामान्य के इसी लालच-भाव का लाभ उठाकर कई अकर्मण्य और धूर्त लोगों ने तेजी से भीख मांगने को धंधे के रूप में अपना लिया। मंदिर मस्जिद गिरजाघर गुरुद्वारों सभी के सामने मांगने वालों की कतारें लगने लगीं, जो आज भी बदस्तूर जारी है। भीख देकर कितने लखपति बने इसके आंकड़े तो उपलब्ध नहीं हैं किन्तु आए दिन लखपति और करोड़पति भिखारियों के किस्से समाचार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जरूरु पढ़े जा सकते है।

आज ही दयाराम जी ने एक हट्ठे कट्ठे भिखारी को भीख देने के लिए बुलाया और कहा झ आप शरीर से तो हृष्ट-पुष्ट हो, फिर भी भीख मांगते हो, कुछ काम धंधा क्यों नहीं करते? भिखारी बोला - धंधा ही तो करता हूँ साहब, भीख मांगना ही मेरा धंधा है।

भीख मांगना ही धंधा है सुनकर दयाराम जी को आश्चर्य हुआ, किन्तु उन्होने भिखारी से फिर पूछा- भीख मांगना भी कोई धंधा होता है क्या ! धंधा वो जिसमे कोई फायदा होता है, इस धंधे में क्या फायदा?

भिखारी बोला - बाबूजी आप जिसे भीख कहते है हम उसे 'दया की दुकान' कहते है और आप जैसे दयावानों की जरूरत के लिए ही हम यह धंधा करते हैं। लखपति बनने का स्वप्न सँजोये, रुपये 1/- से लेकर रुपये 10/- तक की दया दिखाने वाले, हमारी दुकान के मुख्य ग्राहक होते हैं। अभी पिछले सप्ताह ही आपने समाचार पढ़ा होगा, राजबाड़े के एक भिखारी ने सात दिनों में ही पिचहत्तर हजार कमाए थे, किन्तु बेचारे की किस्मत खराब थी कि उसकी सारी कमाई पुलिस ने जब्त कर ली। अब आप ही विचार कीजिये, क्या बिना पूंजी के इतना लाभ हो सकता है किसी धंधे या नौकरी में?

दयाराम जी ने फिर कहा - धंधे या मजदूरी में मेहनत लगती है भीख मांगने में तुम्हारा क्या लगता है।

भिखारी का जवाब सुनकर दयारामजी भौंचक्के रह गए, भिखारी बोला झ आप समझते होंगे हमे भीख मांगने में कुछ नहीं लगता, यह आपका भ्रम है बाबूजी। अब सुनिए झ प्रथम तो हमें सर्दी, गर्मी, बरसात में लगातार पाँच सात घंटे बैठना पड़ता है या खड़े होकर सबके सामने हाथ फैलाना होता है, जिसमे कम मेहनत नहीं लगती है! दूसरे, भीख मांगने में भी कौशल की आवश्यकता होती है जिसके लिए भिखारी को कठिन और प्रताड़ना युक्त प्रशिक्षण लेना होता है। तृतीय, भीख मांगने के नए-नए तरीके ढूँढना होते है, जैसे कभी हाथ पर तो कभी पैर पर पट्टा बांधना अथवा बैसाखी लेकर लँगड़े बनने का नाटक करना या कभी छोटे बच्चे को बीमार बनाकर गोद में उठाना, दयावान ग्राहकों से पाँच से दस रुपये निकलवाने के लिए हमे फटे पुराने और मैले कुचैले कपड़े भी पहनना पड़ते हैं। और चौथा, अन्य धंधों में दुकान की तरह ही हमें भी अपने ठीये का किराया देना पड़ता है, भीख के बड़े दूकानदारों के यहाँ कमीशन के आधार पर काम करना पड़ता है, गुंडों को हफ्ता देना पड़ता है और चौराहे पर भीख मांगने के लिए पुलिस को रिश्वत भी देना पड़ती है।

दयाराम जी ने एक और प्रश्न किया झ जब आपके खुद खाने और रहने के ठिकाने नहीं रहते हैं तो आप ये बच्चे क्यों पैदा करते है?

हमारी दया की दुकान में बच्चों की मांग सबसे अधिक होती है, हमारे लालची ग्राहकों को लगता है कि वे इन बेसहारा बच्चों को एक रुपया देंगे तो ऊपरवाला इन दयावान महाशय को दस लाख तो देगा ही देगा। बच्चे तो यदि नौ माह से कम अवधि में होने लगें तो हमें आपके बच्चे चुराने की आवश्यकता भी ना पड़े।

अब दयाराम जी ने कहा अच्छा एक अंतिम प्रश्न- इस धंधे की प्रेरणा आपको कहाँ से मिली?

भिखारी अब बड़े ही गर्व से कहने लगा झ साहब हमारे देश में कौन भीख नहीं मांग रहा है, नगर पालिकाएं राज्य सरकारों से, राज्य सरकारें केंद्र सरकारों से और केंद्र सरकार वैश्विक संस्थाओं/देशों से भीख मांग रही है, चुनाव में नेता वोट की भीख मांग रहे है, लड़के वाले दहेज की भीख, नौकरी वाले वेतन वृद्धि की, देश के युवा बेरोजगार रोजगार की, और देश की जनता सरकारों से सस्ता राशन, सस्ता तेल, फ्री बिजली, पानी, मुफ्त इलाज, मुफ्त आवास, कर्जा माफी, अनुदान पता नहीं क्या क्या।

हम तो केवल एक-दो रुपये ही मांग रहे हैं साहब।

दयाराम जी को अब पता चल चुका था कि वह भिखारी नहीं 'दया की दुकान' का दुकानदार है, इसलिए अपनी दया की राशि जेब में ही रखकर चुपचाप घर लौट आए।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# बड़े बकाएदारों के विद्युत विच्छेदन का एमडी ने दिया सख्त निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** प्रबन्ध निदेशक पूर्वांचल विद्युत वितरण शंभू कुमार ने बुधवार को उपखण्ड कार्यालय फूलपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपखण्ड कार्यालय पर लगे कैंप सहित कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में लगे कैंपो पर ओटीएस और राजस्व प्राप्ति की जानकारी ली। उन्होंने बड़े बकाएदारों के खिलाफ विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक मुश्त समाधान योजना 15 दिसंबर से 31 दिसम्बर तक चल रहे अभियान का सच जानने के लिए प्रबन्धक निदेशक पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम वाराणसी शम्भू कुमार फूलपुर विद्युत उपखण्ड कार्यालय स्थित कैम्प में दिन में दो बजे पहुंचे थे। सबसे पहले उन्होंने कैम्प में ओटीएस का कार्य सम्भाल रहे कार्यकारी सहायक सूरज सरोज, कम्प्यूटर आपरेटर विक्रांत देव से बुधवार को हुए ओटीएस की जानकारी ली। बताया गया कि बुधवार दो बजे तक 44 ओटीएस और 2 लाख 74 हजार विद्युत राजस्व की प्राप्ति हुई है। बुधवार की प्रगति पर एमडी सन्तुष्ट दिखे। इस दौरान उन्होंने ओटीएस कार्य मे लगे कर्मचारियों को और मेहनत से ओटीएस कार्य में लगे रहने का निर्देश दिया। उपस्थित उपभोक्ताओं से उनके किसी प्रकार की समस्या के बारे में पूछा। कोई शिकायत न मिलने पर अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुचे। जहां प्रबन्ध निदेशक को फूलों का गुलदस्ता मुख्य अभियंता नरेश कुमार द्वारा भेंट किया गया। कार्यालय में विद्युत उपखण्ड क्षेत्र में लगे विद्युत कैम्पों की जानकारी तथा अब तक के ओटीएस कार्य की समीक्षा की गयी। एमडी शम्भू कुमार ने उपखण्ड क्षेत्र में लगे सभी कैम्पो की जानकारी ली, कैम्प प्रभारी से रजिस्टेशन व बकाया राशि जमा की जानकारी ली। उपखण्ड अधिकारी भूपसिंह के नेतृत्व में ओरिलगांव में लगे कैम्प की जानकारी ली। दूसरा कैम्प दीदारगंज में लगने की जानकारी मिलने पर वहां उपस्थित अवर अभियंता विद्युत ओपी गौतम से रजिस्ट्रेशन एवं धन जमा की जानकारी ली। फूलपुर ग्रामीण के अवर अभियंता मनीष कुमार की जानकारी प्राप्त होने पर उनके लोकेशन की जानकारी ली। इसी प्रकार तहसील मुख्यालय के सब स्टेशन पर लगे कैम्प की जानकारी अवर अभियंता देवेंद्र सिंह से सीधे ली। इस अवसर पर देवेश भास्कर सहायक प्रबन्धक वाराणसी, मुख्य अभियन्ता नरेश कुमार, अधीक्षण अभियंता छैल बिहारी, अधिशासी अभियंता केके वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अतरौलिया में 50 लोगों ने ओटीएस का उठाया लाभ,2.50 लाख जमा



अतरौलिया क्षेत्र के पूरब पोखरे पर लगा विद्युत कैंप

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** एकमुश्त समाधान योजना के तहत मंगलवार को विद्युत उपखण्ड के अंतर्गत पूरब पोखरे पर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 50 लोगों ने योजना का लाभ उठाते हुए रजिस्ट्रेशन कराया, जिसमें 2.50 लाख रुपये जमा कराए गए। क्षेत्र में जगह-जगह विद्युत कैंप का आयोजन कर लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार राव ने बताया कि बिजली निगम की ओर से ओटीएस लागू की गई है जो 31 दिसंबर तक रहेगी। पहले रजिस्ट्रेशन करवाने वाले को अधिक लाभ मिलेगा। उपभोक्ता इसका लाभ लेने पहुंचें और बिजली बिल संबंधित शिकायत हो तो समाधान करवाएं। एसडीओ बृजेश कुमार राव ने बताया कि कैंप में मंगलवार को 50उपभोक्ताओं ने योजना में शामिल होकर 2 लाख 50 हजार रुपये बिल जमा किए। इस योजना का लाभ लोग 31जनवरीतक उठा सकते हैं।

# अटल जी का जन्मदिवस भारत के लिए गौरव का दिन



अटल जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता

**आजमगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर जिले में विविध आयोजन हुए। लोगों ने इसे भारत के लिए गौरव का दिन बताया।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार-भाजपा नेता धर्मेंद्र निषाद राजू के नेतृत्व में नगर पंचायत स्थित बाबा बालक दास मंदिर परिसर में लोगों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके विचारों को साझा किया। इसके साथ ही जागरूकता रैली निकाली गई। मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि आज का दिन पार्टी और भारत के लिए बहुत ही गौरव का दिन है। इस मौके पर सुनील कुमार पांडेय, धर्मेंद्र निषाद राजू, रमेश सिंह रामू, श्याम बिहारी चौबे ,राजदीप सिंह ,आशुतोष कुमार, ओमप्रकाश, नीरज सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता, श्रम प्रकोष्ठ रमाकांत मिश्र के नगर पंचायत स्थित आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।

**पटवध प्रतिनिधि** के अनुसार-गोपालपुर विधानसभा के मंडल बिलरियागंज में बुधवार को मंडल महामंत्री सूर्य प्रकाश मिश्रा के आवास पर अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि मयंक गुप्ता जिला रहे, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश गौंड ने किया। संचालन मंडल उपाध्यक्ष रुद्र प्रकाश राय ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा अटल बिहारी जी के जीवन का चित्रण किया गया। सूर्य प्रकाश मिश्रा, जगतपाल सिंह, अशोक कुमार राय, सूर्य प्रताप लाल श्रीवास्तव, हरिकेश राजभर, सुरेंद्र राय, चंद्रकांत राय ,हरिनाथ राजभर, जयराम यादव ,आशुतोष सिंह, हीरालाल शर्मा, बृजभूषण पासी, संतोष पासवान, संतोष यादव, कृपा शंकर राय, सुक्कू बंटी राय,अंकुर राय आदि रहे।

**माहुल प्रतिनिधि** के अनुसार-नगर के अहरौला रोड पर अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर भाजपा नेता व जायसवाल युवा मंच के जिला अध्यक्ष सुजीत जायसवाल आंसू द्वारा रैन बसेरा का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। अटल जी के चित्र पर माला पहनाकर व पुष्प अर्पित कर नमन किया, इस दौरान उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया। इस मौके पर राम मिलन अग्रहरि, सनी सिंह, दीपक राजभर, विष्णु अग्रहरि, अतुल मोदनवाल, संतोष सोनी, विक्रांत पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

**मार्टीनगंज प्रतिनिधि** के अनुसार-भाजपा बरदह मंडल की ओर से मंडल अध्यक्ष बृजेश राय के नेतृत्व में ब्रह्म बाबा स्थान से पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों का पर प्रकाश डाला गया। राजेश विश्वकर्मा, विजय प्रकाश सिंह, सुनील सिंह, विजय शंकर तिवारी, भोलेनाथ अग्रहरि, हंशु सरोज, दीपक राय, हेमंत तिवारी, चंद्रबली सरोज, विजय शंकर तिवारी, अशोक राय, इंद्रासन राय, शरद राय, चौनल आदि उपस्थित रहे।

# दावत बाल मेले में अभिभावकों ने उठाया लजीज व्यंजनों का लुत्फ



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती विद्यालय की छात्राएं

**आयोजन**

**बच्चों ने प्रस्तुत किया रंगारंग नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**सेंट जेवियर्स हाई स्कूल समेंदा में बाल मेले का आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल समेंदा के परिसर में मौज मस्ती और दावत बाल मेला का आयोजन रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। मुख्य अतिथि प्रो.रविंद्र कुमार राव डीन पीजीआई चक्रपानपुर, मंडल कारागार अधीक्षक आदित्य कुमार, अभय कुमार यादव डीन लाइफ लाइन एजुकेशनल इंस्टीट्यूट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध निदेशक प्रशांत चंद्रा एवं विशिष्ट अतिथि आवासीय विद्यालय प्रबंध निदेशक प्रदुमन जायसवाल व अनिरुद्ध जायसवाल, शैक्षिक निदेशक देवेंद्र झा, प्राचार्य विनेन्जय व समन्वयिका संगीता राय आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय में दक्षिण भारतीय पंजाबी, राजस्थानी, पश्चिम बंगाल समेत देश की विभिन्न प्रांतो के लोकगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।साथ ही विभिन्न प्रांतो में पकाए जाने वाले विशेष स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लगाए गए थे। इसके अलावा चायनीज व्यंजन चाट, टिक्की और स्वादिष्ट मिठाइयों का बच्चों और अभिभावकों ने लुफ्त उठाया। विभिन्न प्रकार के झूलों ने बच्चों का मन मोह लिया। अंतरराष्ट्रीय लोकगीत क्विज प्रतियोगिता, कला शिल्प आदि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार के लकी ड्रा रखे गये जिनमें जीतने वाले को आकर्षक पुरस्कार भी दिए गए। प्राचार्य ने क्रिसमस और नव वर्ष की सभी छात्रों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

# देवदूतों ने महसूस की ठंड तो बांट दिया पांच सौ कंबल



जरूरतमंदों को कंबल देते देवदूत के लोग

जनसंदेश न्यूज

**दीदारगंज (आजमगढ़)।** देवदूत हेल्पिंग हैंड्स के सानिध्य में मार्टिनगंज तहसील क्षेत्र के सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल आमगांव के प्रांगण में कम्बल वितरण समारोह हुआ। समारोह में दीदारगंज क्षेत्र के दर्जनों गावों के जरूरतमंद 500लोगों को देवदूत हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सदस्य,सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल के प्रबन्धंक दुर्गेश सिंह के हाथों कम्बल बितरित किया गया। कम्बल पाते ही पात्रों के चेहरे पर राहत की लकीर दिखने लगी। इस अवसर पर दुर्गेश सिंह ने कहा कि प्रतिवर्षो की भाति इस बार भी समाज के जरूरतमंदों को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार यादव, अभिषेक अस्थाना, दीपक कुमार मौर्य, रविकांत पटवा,साहिल आजमी, देवदूत हेल्पिंग हैंड्स के सदस्य गौरव सिंह, नारायण सिंह, अनूप सिंह परिहार,बलवंत सिंह, मनोज सिंह, नेहा सिंह, ऋचा सिंह, अनिल सिंह, उमेश बिंद,संतोष कुमार यादव, विशाल यादव, अंशू ,भानू गुप्ता, हरेंद्र यादव, उपेंद्र सिंह गुड्डू,आकाश सिंह, रिशू सिंह, योगेश मिश्र, बृजेश सिंह,श्याम सेवक चैहान,संदीप बिंद ,डा0प्रेम चंद यादव, अभिषेक यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# अधिकारियों ने किया सियरहां स्थित दुर्घटनास्थल का निरीक्षण

**मुआयना**

**सर्विस लेन पर रंबल स्ट्रिप का होगा निर्माण**

**बिजरवां के पास लगाया जायेगा लोहे का गर्डर**

जनसंदेश न्यूज



श्रीनगर सियरहां के पास निरीक्षण करती टीम

**पटवध (आजमगढ़)।** जनपद होते हुए लखनऊ से गाजीपुर बिहार तक जाने वाली पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन सेहदा से शिवालिक आयुर्वेदिक हॉस्पिटल बिजरवा होते हुए सठियांव को जाती है। श्रीनगर सियरहां स्थित आजमगढ़ बिलरियागंज मार्ग के क्रॉसिंग पर आयेदिन हो रहे दुर्घटनाओं से मरने वालों की संख्या काफी बढ़ गई थी। जिसको लोग अब एक्सीडेंट हब प्लेस के नाम से जानने लगे। इस मामले को लेकर अधिकारियों को अवगत भी कराया गया था। इसे संज्ञान में लेते हुए मंगलवार की सुबह आरटीओ प्रवर्तन डॉ.आरएन चैधरी के नेतृत्व में एआरटीओ अतुल यादव तथा आरआई पवन सोनकर और पीडब्ल्यूडी के एक्शियन विशाल पांडेय तथा यूपीडा की संयुक्त टीम ने मौके का स्थलीय निरीक्षण किया।

आरटीओ प्रवर्तन डॉ.आरएन चैधरी ने बताया कि मौके की स्थिति को देखते हुए दोनों साइड के सर्विस लेन पर रंबल स्ट्रिप का निर्माण अति आवश्यक है। दोनों साइड एक सूचक बोर्ड भी लगाया जाएगा जिससे एक्सीडेंट होने का खतरा कम हो। यूपीडा के अधिकारियों ने भी कहा कि हम दोनों साइड ब्रेकर का निर्माण करवाएंगे जिससे लोगों को चैराहे के समीप तक पहुंचने में गाड़ियों की गति धीमी हो जाए और एक्सीडेंट से बचा जा सके। टीम ने शिवालिक आयुर्वेदिक हॉस्पिटल बिजरवा के पास भी निरीक्षण किया।यहां बड़ी गाड़ियों के संचालन को रोकने के लिए यूपीडा द्वारा पहले से ही बड़े-बड़े पत्थर रखवाये गए हैं। लेकिन मोटर मालिकों द्वारा पत्थरों को जेसीबी से हटाकर बड़ी गाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने यहां लोहे के गार्डर लगवा कर बड़ी गाड़ियों के संचालन को रोकने की बात कही। इस मौके पर संतोष पासवान, रामनयन राय, निखिल कुमार, पुनीत राय, वरुण पांडे, विशाल राय, अंकुर राय, वासुदेव यादव, संदीप सरोज, राजकुमार सरोज, पप्पू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गंभीरपुर थाने में घुसा सियार सिपाही और होमगार्ड घायल

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** गंभीरपुर थाना परिसर में बने कमरे में सोमवार की रात लगभग 8.30 बजे पागल सियारघुस गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तकएक होमगार्ड एवं एक सिपाही को काटकर घायल कर दिया। बड़ी मशक्कत के बाद पागल सियार के चंगुल से अन्य सिपाहियों ने होमगार्ड व सिपाही को छुड़ाया। बताते चलें कि गंभीरपुर थाने पर तैनात कांस्टेबल अजीत पटेल व होमगार्ड चंद्र बदन चैहान अपने कमरे में दरवाजा बंदकर मोबाइल देख रहे थे और गस्त की तैयारी में ही थे। दरवाजे की सिटकिनी बन्द नहीं किए थे। इसी बीच पागल सियार दरवाजे को धक्का देकर अंदर घुस गया और सिपाही अजीत पटेल को बुरी तरह पकड़ लिया। सिपाही अजीत पटेल उसके जबड़े को पकड़कर छुड़ाने लगे, लेकिन वह छोड़ नहीं रहा था।छुड़ाने पहुंचे होमगार्ड चंद्र बदन चैहान को भी काट लिया। अन्य कांस्टेबल भी आ गए और सभी लोग उसके हाथ, पैर, सिर व जबड़े को पकड़कर छुड़ा रहे थे। पागल सियार कांस्टेबल को नहीं छोड़ रहा था। इसके बाद पिलास लेकर सियार के जबड़े में डालकर सियार को मारा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। तब जाकर सियार के चंगुल से सिपाही को छुड़ाया जा सका। घायल कांस्टेबल और होमगार्ड को लोग एक निजी अस्पताल में ले गए। सियार के इस तरह के काटने से अन्य सिपाही भयभीत हैं कि कब किसको काट ले। कारण कि थाने के आवास के पीछे चारों तरफ खेत व मैदान है जिससे अक्सर सियार दिखाई देते रहे हैं। थाना परिसर में सियार द्वारा कांस्टेबल और होमगार्ड के ऊपर हुए हमले को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा है।

# दर पर माथा टेकने के बाद लिया क्रिसमस मेले का आनंद



चर्च के अंदर प्रार्थना सभा में शामिल मसीही समाज के लोग।



चर्च के बाहर क्रिसमस मेले में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़।

**क्रिसमस की धूम**

**सेंटा क्लॉज रूपी खिलौनों के साथ खान-पान की दुकानों पर दिखी भीड़**

**आस्थावानों ने सड़क किनारे ही कैंडल और गुलाब चढ़ाकर व्यक्त की आस्था**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** एक बार फिर वही स्थिति उत्पन्न हुई, जिसका अंदाजा था। दोपहर 12 बजे के बाद चर्च परिसर के मुख्य गेट पर ताला लग गया। इस बात की जानकारी रखने वाले तो समयावधि के अंदर चर्च में पहुंचकर अपनी आस्था व्यक्त कर सके, बाकी उसके बाद पहुंचने वालों ने परिसर के बाहर सड़क किनारे गुलाब और कैंडल जलाकर अपनी आस्था जताई। इन सबके बाद भी त्योहार का उत्साह शाम तक उफान पर दिखा। चर्च के बाहर लगे क्रिसमस मेले में तरह-तरह की दुकानें सजी थी। शांता क्लाज रूपी खिलौनों के साथ खान-पान की दुकानों पर ज्यादा भीड़दिखी। आस्थावानों ने सड़क किनारे ही कैंडल और गुलाब चढ़ाकर आस्थाव्यक्त की।

हालांकि, सुबह से ही दिख रहा था हर दिल में उत्साह और कदम चल पड़े थे प्रभु यीशु दरबार की ओर। दोपहर बाद दरबार में पहुंचे तो पता चला कि कुंडी लगी है। इस दौरान युवाओं और बच्चों में ज्यादा उत्साह दिखा। उनमें सेल्फी लेने की होड़ मची रही।

चर्च के बाहर मेला लगा रहा। गुलाब और कैंडल के बाद प्रभु यीशु के चित्र की डिमांड ज्यादा रही। वहीं बच्चों की भीड़ खिलौना-गुब्बारा तो युवाओं की भीड़ चाट-फुल्की की दुकानों पर रही। शहर के जजी चैराहा स्थित होली ट्रिनिटी चर्च पर सुबह प्रार्थना सभा हुई। इसमें ईसाई समुदाय के अलावा अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया। सांता क्लाज ने लोगों को उपहार बांटे। प्रभु के दर्शन और मेले के लिए देर शाम तक शाम तक बच्चों ने लुत्फ उठाया वहीं परिजन भी बच्चों के साथ घूमते रहे।

# धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे व रैंपवाक पारम्परिक परिधान



कार्यक्रम में अपने बच्चे के साथ रैंपवाक करती महिला

**आजमगढ़।** बुधवार को आराजीबाग स्थित विद्यालय के प्रांगण में पारम्परिक परिधान में बच्चों के साथ उनकी माताओं ने रैपवाक प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर उक्त अवसर का आनन्द लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की।

सर्वप्रथम गणेश-पूजन तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि डा. माधुरी सिंह द्वारा दीप-प्रज्जवलित कर उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा समस्त अतिथिगणों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रतिभाग लेने वाले समस्त छात्र, छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर यूसी मिश्रा, अर्चना सिंह, जूरी सदस्य हिना देसाई, पूजा सिंह, पूनम तिवारी, अनीता द्विवेदी, रागिनी बरनवाल एवं विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# विहिप के तुलसी पूजन दिवस पर सौ ने किया महादान

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा विभाग आर्यमगढ़ जिला इकाई की ओर से बुधवार को तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इसमें कार्यकताओं द्वारा उत्साह पूर्वक 100 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया।

शिविर का शुभारंभ लालगंज की पूर्व सांसद संगीता आजाद, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जयनाथ सिंह, पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन, लोक दायित्व के केंद्रीय संयोजक पवन कुमार, अपर निदेशक चिकित्सा डा. बालचंद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कुमार, डा.अनिल कुमार प्रभारी अधिकारी, टेक्निकल ऑफिसर सुभाष पांडेय द्वारा तुलसी माता एवं गौमाता के चित्र के सम्मुख प्रज्जवलित करते हुए विधि विधान से पूजन कर किया गया। सेवा भारती के प्रान्त संगठन मंत्री सत्येंद्र, भाजपा नेता अखिलेश मिश्रा गुड्डू, महराणा प्रताप सेना के प्रमुख विजेंद्र सिंह, फिल्म अभिनेता संतोष श्रीवास्तव, उमा इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर राकेंदु भूषण शुक्ला, विहिप गोरक्षा प्रान्त संरक्षक अशोक अग्रवाल, विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षा के प्रान्त अध्यक्ष भानु प्रकाश पाण्डेय एवं राणा प्रताप राय सोनू, डीजीसी ओमप्रकाश पाण्डेय, अतुल कुमार राय ग्राम प्रधान हरैया, दुर्गाप्रसाद अस्थाना समेत अनेको विशिष्ट जन सम्मिलित हुए।पूर्व सांसद संगीता आजाद ने कहा तुलसी पूजन दिवस पर रक्तदान का यह कार्यक्रम पुनीत कार्य है।भाजपा नेता जयनाथ सिंह ने बताया की स्वस्थ रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में एक बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। सेवा भारती के प्रान्त संगठन मंत्री सत्येंद्र ने कहा की समाज में रक्त की आवश्यकता बहुत है और इस निमित्त गोरक्षा विभाग का कार्य सराहनीय है।



रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते अतिथि

विहिप के जिलाध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह पप्पू ने कहा की विहिप का गोरक्षा विभाग सदैव सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेता रहता है। इस अवसर पर दीनानाथ सिंह, गौरव रघुवंशी,दिनेश साहनी, मनोज सिंह, कुंवर गजेंद्र सिंह, शिशिर अस्थाना, रामबिहारी गिरी, चंदन सिंह, अरविन्द अग्रवाल, रविन्द्र पाण्डेय, मनोज विश्वकर्मा, अमित दुबे, नीरज अग्रवाल, राजन गुप्ता, उत्कर्ष सिंह, अंकुर गुप्ता, मुनीब गुप्ता, प्रभात सिंह, किशन मोदनवाल, इष्टदेव सिंह, संतोष गुप्ता, हरेंद्र मौर्या, शशांक तिवारी, सूरज पाण्डेय,इंद्रमणी सिंह,अरविन्द पाण्डेय, प्रशांत सिंह, अभय सिंह, अजीत सिंह,मकरध्वज यादव, अनूप पाण्डेय, मृत्युजय बरनवाल, शिवम सिंह, अज्जू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार में निशाने पर हैं मुस्लिम युवकः फराही

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के फरिहां गांव में बुधवार को दोपहर दो बजे पीस पार्टी कार्यालय पर पीस पार्टी के प्रदेश महा सचिव शाहआलम फराही ने प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार पर मुस्लिम युवकों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा सरकार में मुस्लिम युवकों को फंसाया जा रहा है। फरिहा गांव निवासी रईस अहमद को 18 दिसंबर को निजामाबाद पुलिस ने उसके घर से उठाया था और दूसरे दिन निजामाबाद में शेरपुर तिराहा से चोरी के सामान के साथ गिरफ्तारी दिखाकर निर्दोष गरीब आदमी को जेल में बंद कर दिया। इसकी जानकारी होने पर उसकी पत्नी रजिया ने अपने बेटे के साथ डीआईजी को पिछले हफ्ते प्रार्थना पत्र देकर उक्त प्रकरण की जांच कर न्याय के लिए भटक रही है। उन्होंने कहा कि निर्दोष जेल में बंद है और असली चोर पुलिस से मिलकर फलफूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा निर्दोष युवकों को फंसाया जा रहा है। यही कार्य पूर्व की सपा-बसपा और कांग्रेस की सरकारों में भी मुस्लिमों के साथ कार्यवाही कर फंसाया जाता था। अगर इस पर विराम नहीं लगा तो पीस पार्टी पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन करेगी।

# शिक्षा ऐसी हो जिसका उपयोग जीवन में किया जा सकेः शबाना

**आयोजन**

**बालिकाओं पर दें अधिक ध्यान वरना अशिक्षित रह जाएगी आधी आबादी**

**एलपीजी कॉलेज और कैफी आजमी पायनियर स्कूल में प्रतिभा सम्मान**

जनसंदेश न्यूज



विद्यार्थी को पुरस्कार प्रदान करतीं शबाना आजमी व अन्य

**फूलपुर (आजमगढ़)।** कस्बा स्थिति एलपीजी कालेज और कैफी आजमी पायनियर स्कूल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि अभिनेत्री शबाना आजमी और एसडीएम सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

उर्दू के मशहूर शायर कैफी आजमी और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्व. शिवप्रसाद जायसवाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस दौरान गीत-संगीत और कथक नृत्य का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि शबाना आजमी ने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिसका उपयोग जीवन में किया जा सके। शिक्षा में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। मेरे समझ से अब लड़कियों का ओहदा बढ़ता जा रहा है।

बालिकाओं पर शिक्षा का ध्यान अधिक दें। वरना देश की आधी आबादी अशिक्षित रह जाएगी। इसकी जिम्मेदारी मां और बाप की होती है। कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी होती है कि हमें एक दूसरे की कद्र करें। शिक्षा ऐसी हो जिससे कि लोगो की सोच बदले। बच्चों को अच्छा सुझाव दे। जिससे कि एक छात्र अच्छा इंसान बन सके।

उन्होंने अंत में अपने पिता कैफी साहब का प्रचलित शेर पढ़कर लोगों को शुक्रिया कहा कि प्यार का जश्न नई तरह मानाना होगा, गम किसी के दिल में सही गम को मिटाना होगा। संचालन कामेश्वर पांडेय ने किया। स्कूल के प्रबंधक अंशुमान जायसवाल और प्रतीक जायसवाल ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर बिजली विभाग के अवर अभियंता देवेंद्र प्रताप सिंह, कोतवाल सच्चिदानंद, आशुतोष त्रिपाठी, राजेश यादव, सोनू सिंह, निशा मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद चैबे थे।

# अंग्रेजी बोतल में देशी शराब बेचने वाला गैंग के 3 गिरफ्तार

कार्रवाई

**कबाड़ी से बोतल लेकर फैक्ट्री में भरी जाती थी देशी शराब**

जनसंदेश न्यूज



**मीरजापुर।** पुलिस ने अवैध रुप से चल रही अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। जो कबाड़ी से अंग्रेजी शराब की बोतले खरीद कर उसमें देशी शराब भर कर सप्लाई करता था। जिले के साथ ही आसपास के जनपदों में लाइसेंसी ठेकेदारों को भी आपूर्ति किया जा रहा था।

गैग के 3 सदस्यों को पुलिस एस ओ जी एवं सर्विलांस की टीम ने संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया। मौके से भारी मात्रा में अपमिश्रित शराब, उपकरण, नकली क्यू आर कोड, खाली शीशी, रेपर, ढक्कन और एक मोटर सायकिल बरामद किया गया है। गैंग का खुलासा एसपी अभिनंदन ने पुलिस लाइन में किया। बताया कि विंध्याचल थाना पुलिस, एसओजी, सर्विलांस और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में फैक्ट्री पकड़ी गयी है। एसआईटी का गठन कर गैंग के खिलाफ कठोर कार्यवाही किया जायेगा। अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को भी कब्जे में लिया जाएगा। जिले में कबाड़ की दुकान से शराब की शीशी खरीद कर उसमें अपमिश्रित शराब भरकर बेचने के धंधे में लगे गैंग के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से शराब की फैक्ट्री मिली। कबाड़ी से शीशी मिलने के बाद उसमें अपमिश्रित देसी शराब भरा जाता था। बाहर से मंगाए गए ढक्कन को मशीन से सील करके उस पर नकली अंग्रेजी शराब का रैपर लगाकर बाजार में बेच दिया जाता था। इस धंधे में अंग्रेजी शराब के कुछ ठेकेदारों के भी शामिल होने की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस गैंग के सभी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए जांच अभियान में लगी है। सर्विलांस के माध्यम से उनके नंबरों को ट्रेस किया जा रहा है। एसपी अभिनंदन ने बताया कि इस गैंग पर कठोर कार्रवाई करते हुए एसआईटी का गठन किया जाएगा। ताकि गैंग में शामिल सभी सदस्यों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकें। उनके द्वारा अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति को जप्त किया जायेगा।

## सुशासन दिवस के रूप में मनायी गयी भारतरत्न की जयंती



**अदलहाट।** क्षेत्र के पथरौरा ग्राम स्थित ग्राम प्रधान ममता श्रीवास्तव पति संजय श्रीवास्तव के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेई व प0 मदन मोहन मालवीय का जन्म दिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर गरीब, वृद्ध, असहाय, विधवा महिलाओं व विकलांगो को कम्बल वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल रहे। मुख्य अतिथि द्वारा अटल बिहारी बाजपेई व मालवीय जी के चित्र पर पुष्पांजली माल्यार्पण कर नमन कर कम्बल वितरण प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा गरीब, विधवा, विकलांग वृद्धों को कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान रामलाल, यासीन, जुल्फेकार अली, फूल कुवर, समीम बानो, खुसबू, बदामा, श्रीराम सहित सभी पात्र लाभार्थी कम्बल पाकर चहक उठे। इस अवसर पर भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, बैजनाथ प्रजापति, शिवम श्रीवास्तव, लक्ष्मन सिंह, शिव कुमार, शालिक सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे। सभा का संचालन अनुप जायसवाल द्वारा किया गया।

## संक्षेप

### कंबल व ऊनी कपड़े पाकर खिल उठे जरूरतमंदों के चेहरे

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र के तिवारीयान वार्ड सभासद अवनीश त्रिपाठी के आवास पर बुधवार को जय श्री कृष्णा फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरण किया गया। जय श्री कृष्णा फाउंडेशन के संजीव अग्रवाल के साथ काशी से चलकर आएं दर्जनों व्यापारियों की टीम ने सभासद के आवास पर पहुंचकर सैकड़ों जरूरतमंद व असहायों को कंबल व कपड़े वितरण किया। इस दौरान जरूरतमंद व असहायों के चेहरे पर कंबल और ऊनी कपड़े पाकर खुशी छाई रही। जहां जरुरतमंद व असहायों ने जय श्री कृष्णा फाउंडेशन के पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए प्रशंसा किया। इस अवसर पर पृथ्वीनाथ तिवारी, अमरेश केसरी, आकाश सिंह, सभासद संतोष केसरी, शिखर उपाध्याय, अरशद जमाल के साथ व्यापारी अभिनव गुप्ता व निलेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### भाकियू की मांग पर नहर शिल्ट सफाई का कार्य प्रारम्भ

**इमलियाचट्टी।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष के मांग पर नहर शिल्ट साफ सफाई का कार्य प्रारंभ विगत दो दिनों से शुरू कर दिया गया है। वहीं भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव और जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी ने डोंगिया और अहरौरा बांध से संचालित होने वाली सभी नहरो के शिल्ट सफाई का कार्य प्रारंभ करने की मांग सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से किया। किसान नेता ने बताया कि इसी के बाद मेन कैनाल की मरम्मत और सफाई का कार्य भी होना है जिसको किया जाना आवश्यक है। उपस्थित रहने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन सिद्धनाथ सिंह, प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह, जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### वैश्य समाज मातृ संगठन की बैठक सम्पन्न

**मीरजापुर।** अदलहाट क्षेत्र के बैकुंठपुर स्थित ऊषा सनराइज पब्लिक स्कूल में वैश्य समाज उत्तर प्रदेश मातृ संगठन की बैठक आयोजित हुई। जिसमें युवा प्रदेश अध्यक्ष अजय गुलाब जायसवाल ने आगामी माह में सर्व वैश्य समागम समारोह की रुप रेखा प्रस्तुत कर कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी पर कहा कि भारत में आधी आबादी महिलाओं की है। हमें वैश्य समाज की महिलाओं का मार्गदर्शन कर उन्हें अबला से रानी दुर्गावती व लक्ष्मी बाई बनाना होगा तभी हमारा वैश्य समाज श्रेष्ठ समाज कागजों से निकलकर धरातल पर प्रकाशित होगा। इस अवसर पर आशा देवी, शीला गुप्ता, रेखा केशरी, सावित्री केशरी, लखवन्ती सोनी, तारा देवी, वन्दना जायसवाल, उमा, ऊषा सनराइज पब्लिक स्कूल की अधिष्ठाता ऊषा जायसवाल उपस्थित रहीं।

### जेसीबी से हो रही नहरों की सफाई

**हलिया।** स्थनीय विकास खंड में नहरों की शिल्ट सफाई का कार्य जेसीबी से जोरों पर चल रहा है। रोस्टर के हिसाब से एक जनवरी को नहरों का संचालन होना है जिसको लेकर सिंचाई विभाग द्वारा अदवा, हलिया राजवाहा, पुरवा राजवाहा, सुखड़ा बांध से संचालित सिकटा, महुगढ़ राजवाहा, पवारी राजवाहा, गलरा, नौगवां सहित क्षेत्र की विभिन्न नहरों की शिल्ट सफाई जेसीबी से किया जा रहा है। जिससे गेहू की सिचाई के लिये टेल तक पानी पहुचाने में सहूलियत होगी। टेल के किसानों की सिचाई समय पर होगी जिससे गेहूं की अच्छी पैदावार होगी। नहरों की सफाई न होने से टेल तक पानी पहुचने मे समस्या होती थी। किसानों की फसल सूख जाती थी। इस संबंध में जेई सिद्धार्थ ने बताया कि टेंडर के माध्यम से ठेकेदार के द्वारा शिल्ट सफाई का कार्य चल रहा जिससे टेल पर पानी पहुंचने मे किसानों को सुबिधा होगी। एक जनवरी को रोस्टर के मुताबिक नहरों का संचालन होगा इसके पूर्व सभी राजवाहा की शिल्ट सफाई हो जाएगी।

### गरीब असहायों को वितरित किया गया कंबल

**कलवारी।** विकासखंड पटेहरा के ग्राम सभा बसही में पंचायत भवन पर कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए खंड विकास अधिकारी पटेहरा विजय शंकर तिवारी व ग्राम प्रधान बसही अभिषेक सिंह ने गरीब असहयों को कंबल वितरित किया। कड़ाके की ठंड के दस्तक के बाद समाजसेवी संस्थाओं ग्राम पंचायतों के प्रमुखों के द्वारा 100 जरूरतमंद गरीब असहयों को कंबल वितरण किया गया। खंड विकास अधिकारी पटेहरा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि कड़ाके की ठंड के मध्य जरूरतमंदों को बसही पंचायत भवन पर कंबल वितरण किया गया है। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार पांडेय, विजय शंकर सिंह, दिनेश सिंह, जयशंकर सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चाकू के साथ चार गिरफ्तार

**मड़िहान।** संतनगर थाना द्वारा एक युवक को बनकी मोड़ से चाकू के साथ पकड़ा गया और चार वारंटी को घर से पकड़ कर बुधवार को न्यायालय भेजा गया। थाना क्षेत्र के तुलसीपुर निवासी 30 वर्षीय रमेश उर्फ सोमू बनकी मोड़ पर कहीं वारदात करने के लिए जाने वाला था कि गश्त में निकले एसआई शिव प्रकाश यादव को देख छिपने लगा। शक वश पकड़ कर तलाशी लिया तो उसके पास से चाकू बरामद हुआ जिसे धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में चालान किया गया। चार वारंटी जिसमें बनकी निवासी राजेंदर कोल, सिरसी निवासी बच्चा कोल, राहकला घोघिया निवासी वकील कोल और होरीलाल कोल को पकड़ कर संबंधित न्यायालय हेतु गिरफ्तार कर भेजा गया। इस कार्यवाही से अन्य वांछित वादकारियों में हड़कंप मच गया। थानाध्यक्ष संतनगर जितेंद्र सरोज ने बताया कि एक अभियुक्त चाकू के साथ शेष चार अन्य लोगों को न्यायालय में उपस्थित नहीं होने से न्यायालय द्वारा बिना जमानती वारंट जारी होने पर सभी को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया गया।

### आरपी क्रिकेट क्लब ने मीरजापुर क्रिकेट क्लब को 9 विकेट से हराया

**चील्ह।** सेठ द्वारिका प्रसाद बजाज स्कूल के मैदान में बुधवार को बी डिवीजन अंडर फोर्टिन टूनामेंट में आरपी क्रिकेट क्लब और मीरजापुर क्रिकेट क्लब के बीच 15-15 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें आरपी क्रिकेट क्लब टॉस जीत कर फील्डिंग चुनी। फिल्डिंग करते हुए कैश ने एक विकेट व अभिनव ने दो विकेट, याग्वाल ने दो विकेट, अवनीश ने दो विकेट लिया। इस प्रकार मीरजापुर क्रिकेट क्लब ने 74 रन का लक्ष्य दिया। तत्पश्चात बल्लेबाजी करने उतरी आर0पी0 क्रिकेट क्लब ने बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति की। जिसमें अमित यादव ने 4 चौके 4 छक्के की मदद से नबाद 43 रन बनाया और प्रांजल ने नबाद 23 रन बनाकर आरपी क्रिकेट क्लब विजई हुई। जिसमें पूर्व प्रमुख कोन शंभूनाथ यादव ने विजई टीम के खिलाड़ी अमित यादव को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### 25 हजार के इनामी समेत 6 तस्कर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पशु तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद पुलिस को सफलता मिली। विभिन्न थाना क्षेत्रों में 151 गौवंश बरामद कर 25 हजार के एक इनामी सहित 6 तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करी में प्रयुक्त 5 पिकअप व 1 डीसीएम ट्रक जप्त किया गया। जिले की राजगढ़, लालगंज, ड्रमण्डगंज, मड़िहान एवं चुनार पुलिस को सफलता मिली। अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपदीय पुलिस ने गो-तस्करी तथा इसमें संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर लगातार अलग-अलग थाना क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं आपरेशन के नेतृत्व में थाना राजगढ़ पुलिस ने 2 मामले में 4 आरोपी को गिरफ्तार कर 19 गौवंश बरामद किया। लालगंज पुलिस ने 2 मामले में 15 गौवंश बरामद किया। जबकि ड्रमण्डगंज पुलिस ने 32 गौवंश बरामद किया। चुनार पुलिस ने 25 गौवश बरामद किया। मड़िहान पुलिस ने 25 हजार के इनामी तस्कर समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में कानूनी कार्यवाही करते हुए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

### एसपी ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

मीरजापुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा पुलिस लाइन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। साथ ही उनके आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुये सुविचारों पर व्याख्यान दिया गया तथा उनके जीवन के बारे में बताया गया। इस दौरान अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** सोशल मीडिया प्लेट्फार्म फेसबुक पर प्रधानमंत्री भारत सरकार पर अभद्र टिप्पणी प्रसारित कर आम जनमानस की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, सामप्रदायिकता एवं अराजकता फैलाने के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष लालगंज को सम्बन्धित अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव मय पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलित करते हुए वांछित अभियुक्त हीरामनी यादव पुत्र विजय कुमार यादव निवासी काशीनाथ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### शिव मंदिर से घंटा चोरी

**सीखड़।** चुनार थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर से बीती रात में 25 किलोग्राम का लगा घंटा चोर काट कर उठा ले गए। सुबह जब ग्रामीण दर्शन करने गए तो देखा मन्दिर में लगा घंटा गायब है।

## गरीबों की सहायता से बढ़कर कोई पुण्य नहीं : रिंकी कोल



**लालगंज।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर उप जिलाधिकारी लालगंज आशाराम वर्मा के नेतृत्व में तहसील परिसर में मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल के बीच क्षेत्र के गरीब, असहाय, पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किया गया।

कुल 300 पात्र व्यक्तियों को कंबल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गरीबों की सहायता से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन गरीबों के प्रति गंभीर है। शासन की मंशा है कि प्रत्येक गरीब को कंबल वितरित किया जाए जिससे ठंड के समय गरीबों को ठंडी से बचाव हो सके। विधायक द्वारा कुल 251 कंबल गरीबों को एवं पात्र व्यक्तियों को अपने हाथ से वितरित किया गया। शेष कंबल उप जिलाधिकारी ने गरीबों को वितरित करते हुए कहा कि सरकार के पास पर्याप्त कंबल है। प्रत्येक पात्र गरीबों को कंबल वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह व राजस्व निरीक्षक लेखपाल अपनी भूमिका निभाते उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर डाला प्रकाश



**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत के ब्रह्मणान वार्ड में स्थित जिला कार्य समिति सदस्य भाजपा संतोष सिंह के आवास पर बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अजय कुमार उपाध्याय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सुशासन दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पांडेय ने अटल जी के विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए कई अहम कार्य किए। ऐसे में हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा मण्डल मंत्री लक्ष्मी सेठ ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पवन उपाध्याय, विशाल सिंह, अशोक सिंह, सुरेश सिंह, अजय सेठ, विजय सोनी, अंजनी मोदनवाल, अनिल सिंह, संतोष तिवारी ने भी अपने विचार को रखा। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।

## भाजपाइयों ने मनाया अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन

**मड़िहान।** क्षेत्र के पड़रिया कलां में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी के आवास पर भाजपाइयों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन मनाया। पूर्व जिलाध्यक्ष गंगासागर दुबे ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि आज का दिन भारतीय राजनीति और जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। अटल जी के बारें में प्रकाश डालते हुए श्री दुबे ने बताया कि जब भी सत्ता और विचारधारा के बीच एक को चुनने की नौबत आई, तो अटल बिहारी बाजपेयी ने विचारधारा को खुले मन से चुना। वह ज्यादातर विपक्ष में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि बाजपेयी जी के भाषण का विरोधी भी मुरीद थे। कार्यक्रम में अनिल पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, दुर्गेश सिंह, सुरेन्द्र दुबे, विजय पटेल, रामकेवल मौर्य, मुन्नीलाल पाल, रामजतन पाल समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### संदिग्ध हालात में महिला समेत तीन की मौत

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के अलग अलग गांव में मंगलवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव लेकर घर चले गये। थाना क्षेत्र के निकरिका गांव निवासी 45 वर्षीय बसंत राम गांव में ही खोवा बनाने का कारखाना चलाते थे। मंगलवार की रात भोजन करने के बाद घर मे सोए थे। रात में लघुशंका करने के किए उठे और गस्त खाकर जमीन पर गिर गए। परीजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराये। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक जिला अस्पताल रेफर कर दिए। परीजन निजी साधन से बसंत को लेकर वाराणसी जा रहे थे।तभी रास्ते मे उसकी मौत हो गयी। दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के बगाही गांव की 35 वर्षीय महिला ममता शाम को भोजन करने के बाद घर मे सोई हुई थी। महिला की अचानक हालत विगड़ गयी। परीजन महिला को अचेतावस्था में सीएचसी राजगढ़ लेकर पहुचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना में पतेरी गांव निवासी 70 वर्षीय शिव प्रसाद मंलवार की शाम अचानक अचेत हो गए। उनके परीजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ लेकर पहुचे। जहां चिकित्सक ने परीक्षण मृत घोषित कर दिया। अलग अलग गांव में हुई मौत से मृतकों के परीजन रोते रोते बेहाल हो गए। पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव को लेकर घर चले गए। इस संबंध में आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डा0 अनूप कुमार ने बताया कि अलग अलग गांव के एक महिला सहित तीन लोगों की संदिग्ध हाल में मौत हो गयी हैं।

### नीम के पेड़ पर लटकता मिला श्रमिक का शव

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के अमोई गांव के मजरा नौडीहवा जंगल मे बुधवार की दोपहर 44 वर्षीय श्रमिक का निम के पेड़ में फंदे से लटकता शव देख क्षेत्र में दहशत फैल गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुची पुलिस शव को पेड़ से उतरवाकर जाच पड़ताल में जुटी है। अमोई गाव निवासी शिवलाल कोल का 44 वर्षीय पुत्र उमा कोल श्रमिक था जिवको परिजन के लिए प्रतिदिन शहर जाकर मजदूरी का काम करता था। परिजनों से दूर गांव के मजरा नौडीहवा जंगल मे अकेले झोपड़ी लगाकर रहता था। बुधवार की दोपहर गांव के लोग जंगल की तरफ से वापस लौटते समय उमा का शव मड़हे से दूर निम के पेड़ में गमछा के सहारे लटकता देख चकित हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पेड़ से उतरवाकर जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है।

### रजिस्ट्री ऑफिस बना जेबकतरों का अड्डा

**मीरजापुर।** जेबकतरे ने अधिवक्ता को निशाना बनाया और 10 हजार की गड्डी पर हाथ साफ कर दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के रजिस्ट्री ऑफिस में मंगलवार की दोपहर गौतम चेंबर के अधिवक्ता नागेंद्र कुमार गौतम अपने क्लाइंट को लेकर दोपहर में रजिस्ट्री कराने गए थे और कोट में 10 हजार की गड्डी रखे हुए थे जिस पर जेब कतरे ने हाथ साफ कर दिया। बाहर निकालने के बाद जब उन्होंने अपना जेब खंगाला तो उन्हें पता चला कि जब से पैसे निकल गए हैं इसके बाद मौके पर गए पूछताछ किया लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। वहीं नागेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि कर्मचारियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अक्सर यहां ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। भीड़भाड़ में जेबकतरे मौका देख कर अपना काम कर जाते हैं। कभी-कभी लोग शिकायत करते हैं तो कभी पता ही नहीं चलता है। जिससे निराश होकर वह अपने चेंबर पर वापस आ गए। वहीं नागेंद्र कुमार गौतम सहित कई अधिवक्ताओ ने रजिस्ट्रार से मिलकर कैमरा चेक करवाने की बात कही। जहां कैमरा भी मौके पर खराब मिला। सीसीटीवी फुटेज से भी कुछ खास राहत नहीं मिली। रजिस्टार ऑफिस भी जेबकतरों का अड्डा बन गया है। जहां आए दिन मौका मिलने पर यह जेबकतरे किसी को भी अपना निशाना बना लेते हैं। वहीं इस मामले को लेकर अधिवक्ता पुलिस अधीक्षक से मिलकर पत्रक देंगे।

### भारत निर्वाचन आयोग ने पार्टी द्वारा की गई शंकाओं का जवाब दिया

**मीरजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं घटाने तथा मतदान के दिन पांच बजे के बाद मतदान प्रतिशत वीटीआर के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का विस्तार से वर्णनकर इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा की गई शंकाओं का समाधान किया। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और नियम आधारित बताते हुए सभी आरोपों और शंकाओं का सटीक जवाब दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि शाम 5 बजे तक जारी किए गए मतदान प्रतिशत और अंतिम मतदान आंकड़ों में अंतर पूरी तरह स्वाभाविक है। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी मतदान केंद्रों से आंकड़ों का संग्रह और सत्यापन किया जाता है, जो रात 11:45 बजे तक जारी रहता है। भारत निर्वाचन आयोग ने यह भी बताया कि मतदान का अंतिम और वैध रिकॉर्ड फॉर्म 17सी में दर्ज किया जाता है, जो मतदान केंद्र बंद होते ही उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंटों को सौंप दिया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित है, जिसमें किसी भी प्रकार की हेरफेर असंभव है। मतदाता सूची का अद्यतन एक पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण प्रक्रिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया सख्त नियमों और प्रावधानों के तहत होती है। राजनीतिक दलों और जनता की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाती है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो जाती है।

### ग्यारह सौ गरीबों में वितरण हुआ कम्बल

**हलिया।** क्षेत्र के सेमरिया स्थित ब्रजदेव एशेनाल प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में बुधवार को स्वराज सोसाइटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के जयंती के अवसर पर 11 सौ गरीबों, असहायों में कम्बल वितरण किया है। इस दौरान कम्पनी के डायरेक्टर समाज सेवी देवेश गिरि अपने माता गोमती देवी पत्नी चंदा गिरी तथा बेटी श्रुति तथा मिठी एवं ब्लॉक प्रमुख पुष्प कुमार सिंह के साथ गरीबों निराश्रितों में 1100 कंबल वितरण कर पुनीत का कार्य किया है। समाजसेवी देवेश गिरी ने बताया कि ठंड को देखते हुए 11 सौ गरीबों में कम्बल वितरण किया गया है। समाज सेविका चंदागिरी ने कहा कि कंबल वितरण पुनीत का कार्य है। भीषण ठंड को देखते हुए गरीबों में कंबल वितरित किया गया है। पुष्प कुमार सिंह ने कहा कि कंबल से आराम ही नहीं मिलता बल्कि ठंड से निजात मिलती है। निराश्रितों में कंबल का वितरण करना चाहिए कंबल पाते ही गरीबों के चेहरे खिल उठे।

### वाहन पर लदे पशुओं को पुलिस ने किया बरामद, तस्कर फरार

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान के पास से बुधवार भोर चार बजे के करीब पुलिस ने पिकप वाहन पर लदे 8 नर गोवंशों बरामद किया है। पुलिस को पीछा करते देख गोवंश लदे पिकप वाहन को छोड़कर तस्कर मौके से फरार हो गए। मंगलवार की देर रात यूपी एमपी सीमा स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद सरोज, एसआई भरत राय हेड कांस्टेबल संजय यादव, सत्येन्द्र यादव व कांस्टेबल वेद प्रकाश अंतराज्यीय सीमा पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान मध्यप्रदेश की ओर से तेज गति से आ रहे। गोवंश लदे पिकप वाहन चालक ने पुलिस को देखकर ड्रमंडगंज की ओर तेजी से गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। संदेह होने पर पुलिस पिकप वाहन का पीछा करने लगी। पिकप चालक गोवंश लदे पिकप वाहन को ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकप वाहन में आठ नर गोवंशो को लदा पाया। पुलिस ने बरामद किए गए आठ गोवंशों को सुरक्षित महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल पर भेजवा दिया है। गौ तस्कर वाहन छोड़कर मौके से भाग निकले। वाहन से 8 पशुओं को बरामद कर गौ आश्रय स्थल भेजवाया गया है। पिकप वाहन को सीज कर अज्ञात गौ तस्करों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**चुनार।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जमुहार गांव में स्व0 सुर्यकेश सिंह स्मृति कप कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्कूल के प्रांगण में मुख्य अतिथि गजेन्द्र प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख राजगढ़ तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में इंस पटेल प्रधान संघ अध्यक्ष व भाजपा युवा नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलध्यक्ष राजबहादुर सिंह ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम आयोजकों द्वारा आएं अतिथियों का माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सौरभ सिंह ने किया। इस अवसर पर अशोक कुमार सिंह, रामबाबू सिंह, राजकुमार सिंह, हरिकेश सिंह, राजमणि सिंह, अतुल सिंह, राही प्रकाश सिंह, अमित कुमार सिंह, सतेन्द्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, सचिन सिंह, भानु प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**चील्ह।** विकास खंड कोन के नेवड़िया गांव में बुधवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में समूह के लोगों के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम योग प्रशिक्षक द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए एक पेड़ मां के नाम पर विस्तृत चर्चा किया गया। बताया गया कि एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दशार्ता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थाई स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्धि भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। योग प्रशिक्षक शिव धनी यादव द्वारा पौधा देकर एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

# संस्था के लोगों ने लेफ्टिनेंट पुनीत को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज




**मीरजापुर।** विंध्य क्षेत्र के पुनीत श्रीवास्तव जो इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित हुए हैं का अभिनंदन समृद्धि फाउंडेशन के अध्यक्ष इंदु प्रकाश एवं सचिव कृष्ण मोहन शुक्ला एवं संस्था के सम्मानित पदाधिकारीगण द्वारा सम्मान पत्र एवं अंग वस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम समृद्धि फाउंडेशन एवं मैनुअल ताइक्वांडो अकादमी के तत्वाधान में सन्त शिरोमणि रविदास पार्क सिविल लाइन फतहा में आयोजित 10 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर आयोजित किया गया। समस्त प्रतिभागी बच्चों को मुख्य अतिथि पुनीत श्रीवास्तव लेफ्टिनेंट इंडियन आर्मी, विशिष्ट अतिथि शेषधर दुबे, अनिल शुक्ला, इंदु प्रकाश, संजीव श्रीवास्तव के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया।

लेफ्टिनेंट पुनीत श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण वर्तमान परिवेश में समाज के समस्त युवाओं के लिए अति महत्वपूर्ण है। अनिल शुक्ला ने कहा कि शरीर के बाह्य आत्मरक्षा के साथ-साथ यदि हम आध्यात्मिक चिंतन के साथ आगे बढ़ेंगे तो निश्चित रूप से हम मानव के जीवन लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर सर्वेश सिंह, सुरेश कुमार, शैलेंद्र श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, विवेक यादव आदि लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार ने किया।

# सुशासन दिवस के रूप में मनी पूर्व पीएम अटल की जयंती, दी गयी श्रद्धांजलि


पूर्व पीएम अटल व मदन मोहन मालवीय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई


कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण देखते अधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जिले में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयन्ती बुधवार को सुशासन दिवस के रूप में मनायी गयी। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के सम्बोधन कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी बीएन सिंह, अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, डीआईआएस जयराम सिंह, आरएस मौर्या, ओएसए मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अधिकारीगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्व अटल बिहारी बाजपेयी पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया। सुशासन सप्ताह के दौरान जनमानस की शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया गया, जिससे जनमानस को शिकायतों के निस्तारण त्वरित गति से किया गया।

इस दौरान जनपद में आयोजित माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता, एकल पाठ प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। उधर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पुलिस लाइन चुर्क स्थित क्वार्टर गार्ड में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए सलामी दी। इस दौरान एसपी ने अधिकारियों व कर्मियों को देश की एकता की रक्षा करने और देश को मजबूत बनाने में तन, मन से योगदान करने व सदैव अहिंसा का पालन करते हुए समस्त विवादों को शांतिपूर्वक और संवैधानिक उपायों द्वारा हल करने की शपथ दिलायी।

## जयंती

### विभिन्न स्थानों पर आयोजित गोष्ठी में उनके पदचिह्नों पर चलने का लिया गया संकल्प

एसपी ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी सभी के लिये प्रेरणाश्रोत हैं। जिनके बताये गये विचारों का अनुगमन कर हम सभी सही एवं कर्तव्य पथ पर चलकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। इस मौके पर सीओ नगर डा. चारू द्विवेदी, सदर संजीव कटियार, रणधीर मिश्रा, मो. नदीम समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा जनपद के समस्त थाना/चौकी तथा पुलिस कार्यालयों में भी पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती मनाई गयी। इसी तरह भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्म जयन्ती भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता की अगुवाई में जिला कार्यालय पर मनायी गयी। इस दौरान उनके चित्र पर जिला प्रभारी अनिल सिंह, जिलाध्यक्ष, सदर विधायक भूपेश चौबे ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

जिला प्रभारी ने कहा कि स्व. अटल जी तीन बार देश के प्रधानमंत्री होने के अलावा हिन्दी कवि पत्रकार व प्रखर वक्ता भी थे। वह जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। वे कुशल राजनीतिज्ञ के साथ ही लेखक व कुशल वक्ता थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर ओमप्रकाश दूबे, कृष्णमुरारी गुप्ता, उदयनाथ मौर्या, अशोक कुमार मौर्या, रविन्द्र केशरी, अनूप तिवारी, बृजेश श्रीवास्तव, सुरेश शुक्ला, अनिल सिंह, मनीष अग्रहरी, विपिन तिवारी, अजीत रावत, कमलेश चौबे, राघो सिंह, बलराम सोनी, रुबी गुप्ता, पुष्पा सिंह, ज्योति सिंह, कविता यादव, अरुण चौबे, रमेश जायसवाल, राजन पाण्डेय, कैलाश तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### मनी पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती, किया नमन

**बीजपुर।** एनटीपीसी आवासीय परिसर के कल्याण केंद्र में बुधवार को महामना मालवीय मिशन के तत्वावधान में महामना पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि संजय असाठी मुख्य प्रबंधक ओएंडएम, विशिष्ट अतिथि कृष्णकली सिन्हा उपाध्यक्ष महिला मंडल व नीलू असाठी, सह अतिथि संजय खेड़ा अपर महाप्रबंधक व अंकुर खरे अध्यक्ष मालवीय मिशन के साथ मां सरस्वती और मालवीय के चित्र पर माल्यार्पण किया और दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत करायी। इसके बाद मालवीय मिशन और आसपास के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। मुख्य अतिथि ने कहा कि मालवीय मिशन शिक्षा के रूप में पुनीत कार्य कर रहा है। धन्यवाद ज्ञापन राकेश कुमार राय ने किया। संचालन श्रीराम यादव ने किया। इस मौके पर एनएस कोरंगा, केपी पाल, रामजी द्विवेदी, मालवीय मिशन के संजय कुमार, राजेन्द्र प्रसाद,रामनिवास यादव,शिवप्रसाद तरजबली के साथ साथ समस्त कार्यकर्ता, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

### दुद्धी में भाजपाइयों ने अटल को किया नमन मरीजों का बांटा फल

**दुद्धी।** स्थानीय मण्डल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायी। मां गायत्री विद्यालय में हुई संगोष्ठी में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मुख्य अतिथि श्रवण सिंह गोंड़ ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए कई अहम कार्य किए। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। नपं अध्यक्ष कमलेश मोहन, सुरेंद्र अग्रहरि, दिलीप समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इस क्रम में 51 जरूरतमंद लोगों में कम्बल वितरित किया गया। बाजपेयी जी के कार्यकाल में कार्य कर चुके नान्हू राम, कृष्ण देव अग्रहरी, सूरजदेव सोनी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर सामानित्त किया गया। इसके बाद सीएचसी पर मरीजों में फल, ब्रेड का वितरण किया गया। इसी क्रम में दुमहान ग्राप में भाजपाजनों ने सुशासन यात्रा निकाली। अध्यक्षता सुमित सोनी तथा संचालन प्रेमनारायण मोनू सिंह ने किया। मौके पर संजू तिवारी, रामसुरेश कुशवाहा, दीपक गुप्ता, विनोद जायसवाल, धनंजय रावत, मनीष जायसवाल, अंशुमान राय, हिमांशु चौरसिया, प्रदीप शर्मा, मोहित अग्रहरी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### भूमि पूजन से विधायक खेल महाकुंभ का हुआ आगाज

**सोनभद्र।** अटल बिहारी बाजपेयी जन्म शताब्दी व सुशासन दिवस के अवसर पर विधायक खेल महाकुंभ का शुभारंभ बुधवार को हाइडिल मैदान पर भूमि पूजन व पं. मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी के चित्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, जिला प्रभारी अनिल सिंह, सदर विधायक भूपेश चौबे, पूर्व क्षेत्र उपाध्यक्ष रमेश मिश्र ने पुष्प अर्पित कर किया। खेलेगा सदर खिलेगा सोनभद्र सिद्धांत को सार्थक करता खेल महाकुंभ का भव्य आगाज करते हुए खेल महाकुम्भ आयोजक भूपेश चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि खेलोगे तभी खिलोगे। इसीलिए विधायक खेल महाकुंभ का आयोजन राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकने का भी अवसर दे रहा है। उनके विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेलने, खिलने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए विधायक खेल महाकुंभ सबसे बड़ा मंच बना है। खेल महाकुंभ का उद्घाटन करने के साथ युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन भी किया। सदर विधायक ने कहा कि इस बार खेल महाकुंभ में वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स को शामिल किया गया है। गांव, पंचायत स्तर की टीमों को सभी खेल विधाओं में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। लिंग समानता को बढ़ावा देने के लिए लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई जाएंगी। जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी ने कहा कि खेल महाकुंभ खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की सदर विधायक की अच्छी पहल है। खिलाड़ियों को मंच देने, उनके अंदर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने व उनकी प्रतिभा को निखारने का यह एक अनूठा मॉडल है। ऐसे ही आयोजनों से देश को भविष्य के खिलाड़ी मिलते हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का झंडा बुलंद करते हैं। जमीनी स्तर पर जब ऐसे कार्यक्रम होंगे तो देश में युवा खिलाड़ियों की बढ़ोतरी होगी। इस मौके पर पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल, नरेन्द्र कुशवाहा, आलोक सिंह, रामलखन सिंह, तीरथराज, अमरेश पटेल, अजीत चौबे, मनोज सोनकर, पुष्पा सिंह, मीनू चौबे, रुबी गुप्ता, विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, संतोष शुक्ला, सुरेश शुक्ला, अनूप तिवारी, बलराम सोनी, महेन्द्र पाण्डेय, विजय श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, आशीष केशरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### अटल आवासीय विद्यालय से निकली प्रभातफेरी, कार्यक्रमों ने बांधा समा



**डाला।** अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर विद्यालय के मुख्य द्वार से प्रभात फेरी निकालकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व उप श्रमायुक्त मिजार्पुर क्षेत्र अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि अटल के चरित्र से ज्ञान अर्जित किया जा सकता है। वे एक पत्रकार, कवि और प्रधानमंत्री रहे। वे एक मात्र नेता थे जो सत्ता में विपक्ष में रहते हुए देश का प्रतिनिधित्व करने जेनेवा गए, जहां हिंदी में भाषण देकर नए आयाम को स्थापित किया। उप श्रमायुक्त ने कहा कि आपका भविष्य ही आपके परिवार का भविष्य है। इस दौरान बच्चों को विशेष तौर पर अटल की कविताओं का पाठ स्मरण कराया गया। प्रधानाचार्य बीके मंडल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर साहब सिंह, इंद्रिरा मिश्रा, टीके नन्दी समेत तमाम लोग मौजूद रहे। उपप्रधानाचार्य जाकिर हुसैन ने धन्यवाद ज्ञापन व जेपी सिंह ने संचालन किया।

## कार की टक्कर से बाइक सवार सीआईएसएफ जवान की मौत

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सीआईएसएफ कालोनी के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सीआईएसएफ जवान की मौत हो गई। बताया गया कि संतोष कुमार यादव 38 पुत्र स्व. श्याम लाल सीआईएसएफ कालोनी ए-65 बुधवार को बीजपुर की तरफ से अपने कालोनी की तरफ जा रहे थे कि सीआईएसएफ कालोनी से लगभग 400 मीटर पहले पीछे से आ रही एक कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे संतोष यादव घायल हो गए। सीआईएसएफ जवानों की मदद से घायल संतोष को एनटीपीसी धन्वंतरि चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि कार को थाने में खड़ा करा शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

## 770 कर्मचारी दीर्घकालीन सेवा सम्मान से सम्मानित

**जनसंदेश न्यूज**

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को मल्टीफैसिलिटी सेन्टर के हॉल में आयोजित दो दिसवीय दीर्घकालीन सेवा सम्मान कार्यक्रम में 770 स्टाफ व श्रमिकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन सभी स्टाफ व श्रमिकों को प्रदान किया गया जिन्होंने हिण्डाल्को में अपने कार्यकाल के 25 वर्ष या उससे अधिक पूर्ण किये।

निवर्तमान मुखिया व सीओओ एन. नागेश ने कहा कि कम्पनी में कार्य करते हुए इतनी लम्बी अवधि में आपने कई उतार-चढ़ाव देखें और आपकी ही मेहनत व लगन से आज कम्पनी विश्व पटल पर एक अलग स्थान बना सकी है। उन्होंने कहा कि किसी भी कम्पनी की प्रगति में उसके कर्मचारियों का योगदान अमूल्य होता है।

नवागत मुखिया समीर नायक ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और अगर हम आज अपने को भविष्य के अनुरूप नही ढालेंगे तो प्रतिस्पर्धा में हम पिछड़ जायेंगे। इसलिए सकारात्मक बदलाव जरूरी है, जिससे कि हिण्डाल्को का परचम आगे आने वाले कई वर्षों तक इसी प्रकार शिखर पर लहराता रहे। जसबीर सिंह, एनएन राय, जयेश पवार, राजेश कपूर, कैलाश प्रधान, हिमांशु श्रीवास्तव, तपन पॉल, रवि गुप्ता, सुरेंद्र तिवारी, जयश्री तिवारी, यशवंत कुमार ने 770 स्टाफ व अधिकारियों तथा श्रमिकों को उनकी धर्मपत्नी के साथ मंच पर चैयरमैन द्वारा हस्ताक्षरित चांदी का स्मृति चिन्ह प्रदान कर व माला पहना कर लांग सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया। इसके पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आयोजन में संस्थान के मानव संसाधन विभाग व ईआर विभाग के सभी सहकर्मियों का योगदान रहा।

## जन्मे हैं राम रघुरइया अवधपुर में बाजे बधइया



**सोनभद्र।** रामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ के द्वितीय दिवस के अवसर पर राम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवमी तिथि मधुमास पुनीता। शुक्ल पक्ष अभिजीत हरिप्रीता मध्य दिवस अति शीत न घामा। पावन काल लोक विश्रामा। दीनों पर दया करने वाले कौशल्या के हितकारी कृपालु प्रभु प्रगट हुए-भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप निहारी। लोचन अभिराम तनु घनश्यामा निज आयुध भुज चारी। भूषण मन वनमाला नयन भूषण वनमाला नैन विशाला शोभा सिंधु खरारी।

व्यास आचार्य सूर्य लाल मिश्र के मुखारविंद से निकले छंदों के साथ राम का जन्म हुआ। सालिक राम को पालने में झुलाकर जन्म उत्सव की झांकी दिखाई गई। यजमान सत्यपाल जैन ने सह पत्नी रजनी जैन के साथ पालने की डोर पकड़ कर रस्म निभाई। मौके पर मानस पांडाल में राम जन्म उत्सव की झांकी सजाई गई। इसके एक दिन पूर्व रात्रि प्रवचन के प्रारंभिक क्रम में कथावाचक नीरज ने संगीतमय शिव विवाह तथा नारद मोह की कथा सुनाते हुए कहा कि विवाह तो बहुत हुए हैं, लेकिन शिव विवाह समाज के लिए अनुकरणीय है।

शिव ने ससुर का पैर नहीं छुआ इसी कारण दक्ष प्रजापति ने दामाद को समाज में झुका राजा, लेकिन भगवान शिव ने इस परंपरा को तोड़ते हुए यह संदेश दिया कि जिसका एक बार पाव पूज लिया जाय उल्टा उससे पैर छुआने पर ससुर का विनाश ही होता है। संचालन आचार्य संतोष कुमार द्विवेदी ने किया। मौके पर सत्यपाल जैन, सुशील पाठक, मिठाई लाल सोनी, सुधाकर पांडे, इंद्रदेव सिंह, अयोध्या दुबे, किशोर केडिया, विजय जैन, आशुतोष शुक्ला, अशोक गुप्ता, आलोक शुक्ला, रवि जालान, संजय सोनी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### भरत चरित्र का वर्णन सुन श्रोता हुए भावविभोर

**चोपन।** प्रीतनगर गड़ईडिह स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर पर चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय राम कथा के आठवें दिन कथा वाचक पंडित दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा वाचक ने भरत के त्याग, समर्पण और आदर्शों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि भरत चरित्र संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने भरत के श्रीराम के प्रति अगाध प्रेम और धर्मपरायणता को प्रमुख रूप से उजागर किया। कथा के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो गए और पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक सुनील सिंह ने बताया कि कथा का समापन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। मौके पर मुख्य यजमान सतीश अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, निधि अग्रवाल, विनित सिंह, राजा मिश्रा, प्रवीण सिंह, रामसुंदर निषाद, नवल किशोर, संतोष सिंह, धीरज, कपूर चंद्र, रामयश, बबलू सोनी, अनिल यादव, अमित, विकास समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## आर्यन एकेडमी में वार्षिक खेल महोत्सव में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा


छात्र को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य व प्रबंध निदेशक

**सोनभद्र।** आर्यन एकेडमी में वार्षिक खेल महोत्सव का शुभारंभ प्रबन्ध निदेशक विनोद जालान ने फीता काटकर और प्रधानाचार्या चित्रा जालान ने हवा में गुब्बारा उड़ाकर किया। इस दौरान जलेबी रेस, फ्राग रेस, बैलून बैलेसिंग, बाल वीथ बास्केट, बैलून गेम, क्रास हैण्ड रेस, टाई रेस, रेस, कबड्डी और क्रिकेट मैच आदि प्रतियोगिताएं हुईं।

प्रबंध निदेशक ने विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में और अच्छा प्रयास करने और ज्यादा पुरस्कार जीतने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय ही एक ऐसा मंच है जहां बच्चे बहुत कुछ कलात्मक व रचनात्मक सीखते हैं। इसलिए बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय की अहम भूमिका होती है। प्रधानाचार्य ने बच्चों को बधाई दी। वहीं बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ विद्यालय द्वारा किए जा रहे खेलकूद व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे हमारे पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। मौके पर दिव्यांस, अंशू, आशुतोष, कृष्णा, अथर्व, उज्वल, नित्यम, अनुज, रूद्र, अतुल, अन्नू, सुमन, सृष्टि, आदित्य समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल का मना वार्षिक क्रीड़ाउत्सव

**ओबरा।** स्थानीय सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा उत्सव और क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर अमल रोज ने विद्यालय का ध्वज फहराकर एवं परेड को सलामी देकर किया। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं दौड़, लंबी कूद, रिले रेस, जैबलिन थो, और गोला फेंक का आयोजन हुआ। वहीं क्रिसमस कार्यक्रम में ईसा मसीह के जन्म की झांकी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही मनमोहक नृत्य संगीत ने सबको मंत्रमुग्ध किया। सेंटा क्लॉज ने बच्चों का मनोरंजन किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि प्रेम और करुणा की भावना ही सर्वोपरि है। हम सबको आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए। प्रधानाचार्या, मैनेजर व उपप्रधानाचार्य ने विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सिस्टर अमल रोज ने कहा कि खेल केवल छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए ही नहीं बल्कि उनके टीमवर्क और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण होता है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का एससीएसटी आयोग उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**म्योरपुर।** स्थानीय खेल मैदान में बुधवार को आयोजित 21 वें अन्तर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन एससीएसटी आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतसिंह खरवार व बसपा दुद्धी विधान सभा प्रभारी संजय गोंड़ धुर्वे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि ने बीना व रेनुकूट क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोग उपाध्यक्ष ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों में आपसी सहयोग व भाईचारे की भावना विकसित होती है और खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है। मुख्य अतिथि संजय गोंड़ धुर्वे ने कहा कि इस तरह के बड़े प्रतियोगिता का आयोजन होना बहुत बड़ी बात है। प्रधान प्रतिनिधि गणेश कुमार जायसवाल ने कहा कि खिलाड़ी कड़ी मेहनत करके खेल से भी अपना कैरियर बना सकते है। उद्घाटन मैच बीना व रेनुकूट के बीच खेला गया, जिसमें रेनुकूट टीम ने बीना को 120 रनों के भारी अंतर से हराया। मौके पर शारदा खरवार, दीपक सिंह, सुजीत सिंह, मोहरलाल खरवार, अमरकेश सिंह, संदीप भारती, रामविचार गौतम, बबई सिंह मरकाम, रंजीत जायसवाल, वकील अहमद समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## शिक्षा स्तर में बढ़ोतरी करना उपक्रम का उद्देश्य

**डाला।** उपक्रम एजुकेशनल फाऊंडेशन द्वारा आयोजित चलती-फिरती लाइब्रेरी झोला पुस्तकालय का आयोजन बुधवार को रामलीला मैदान में किया गया। उपक्रम की सह संस्थापक किरण तिवारी ने बताया कि झोला पुस्तकालय का उद्देश्य समाज में पठन संस्कृति का विकास कर शिक्षा के स्तर में बढ़ोतरी करना है।

झोला पुस्तकालय के माध्यम से विभिन्न प्रकार के बाल साहित्य, पत्रिका-प्लूटो, साइकिल, चकमक, गणित व विज्ञान की रोचक पुस्तकें एवं बड़ों के लिए हंस पत्रिका, साहित्य, नोवेल आदि रही। प्रबंधक अंकित मौर्य ने बताया कि क्षेत्र में कोई लाइब्रेरी नहीं है, इसलिए उपक्रम का यह प्रयास है कि सभी को किताबों के साथ और कहानियों के जरिए जोड़ा जा सके। कार्यक्रम समन्वयक तूलिका ने कहा कि लोगों को अलग-अलग विधाओं की जानकारी मिल सके इसके लिए हमने झोला पुस्तकालय में उस तरह की व्यवस्था भी की है जहां पर किताबों को अलग-अलग रखा गया है। बड़े दिन के अवसर पर उपक्रम की टीम कृति और प्रेमलता द्वारा बच्चों के लिए विभिन्न पुस्तकालय की गतिविधियों खजाने की खोज, बुक टॉक, रीड अलॉउड का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। संचालन नूतन मेहरोत्रा ने किया।

### दो वाहनों के खराब होने से राज्यमार्ग पर लगा जाम

**रेणुकूट।** पिपरी थाना क्षेत्र में आए दिन लग रहे जाम की वजह से लोग परेशान हो रहे हैं। मंगलवार की रात से फिर राख लदा एक ट्रक खराब होने से कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। डीएम, एसपी ने जाम को लेकर कई बार बैठकें भी की, मगर अब तक इस समस्या से निजात नहीं मिल सकी है। डीएम ने ऊर्जा परियोजनाओं के अधिकारियों को आदेश दिया है कि सड़क पर खराब हुए वाहनों को तत्काल क्रेन की मदद से हटाया जाए और मुख्य मार्ग पर वाहनों द्वारा परिवहन के दौरान गिरे राख को हटाया जाए। लेकिन आदेशों को दरकिनार कर ओवरलोड राख लदे वाहनों का धड़ल्ले से परिवहन किया जा रहा है। जिससे जाम की समस्या का निराकरण नहीं हो रहा है। मंगलवार की देर शाम एक राख लदा ट्रक खराब होने से रात नौ बजे से शुरू हुआ जाम बुधवार की दोपहर तक लगा रहा। जिसमें फंसकर लोग परेशान होते रहे। पिपरी थाना प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि दो वाहनों के अगल-बगल खराब होने से जाम की स्थिति बन गई थी, दोनों को किनारे कराया गया, तब जाकर यातायात बहाल हुआ।

## पांडु नदी में डूबने से विक्षिप्त की मौत

**कोन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिपरखांड़ गांव के पास से बह रही पांडु नदी में डूबने से एक विक्षिप्त की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अकल शाह के रूप में हुई है। बताया गया कि बुधवार की सुबह जब लोग नदी में स्नान करने गये तो शव देखा। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसपर पहुंची पुलिस शव की पहचान करा पीएम के लिए सीएचसी भेजवा दिया।

## संत फ्रांसिस चर्च में क्रिसमस की धूम

**जनसंदेश न्यूज**


कार्यक्रम को संबोधित करते फादर

**अनपरा।** संत फ्रॉंसिस असिसी चर्च में क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पल्लीपुरोहित फादर रॉबर्ट सुनील नोरोन्हा के नेतृत्व में ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रभु ईसा मसीह के जन्म के गीत गाते हुए यूखरिस्तीय पूजनविधि में पूर्ण भक्ति-भावना के साथ भाग लिया।

इस दौरान चर्च परिसर रंग-बिरंगी झालरों से जगमग था। प्रभु ईसा मसीह के जन्म की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। फादर रॉबर्ट सुनील नोरोन्हा ने कहा कि प्रभु ईसा मसीह शांति के राजकुमार थे। उन्होंने अपने जीवन द्वारा समस्त विश्व को शांति, क्षमा और करुणा का संदेश दिया था।

इस मौके पर सिस्टर जोसफिन, सिस्टर सरिता, सिस्टर पासकोला, सुनील सिरिल, विल्सन जोसफ, राजेश बडिंग, आनंद बखला समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### दुद्धी में उत्साह से क्रिसमस गीत पर झूमे बच्चे

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे के क्रिश्चियन चर्च में मेरी क्रिसमस डे कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सांता क्लाज ने बच्चों को केक व टॉफियां वितरित किया। मेरी क्रिसमस गीत पर बच्चों ने नृत्य भी बड़े उत्साह से किया। क्रिश्चियन चर्च परिसर में बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सांता क्लाज, मदर मैरी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। सांता क्लाज को देखकर बच्चे खुश हो गए। बच्चों ने सांता क्लाज से टाफियां व उपहार लिए। वी विश यू मेरी क्रिसमस गीत पर बच्चों ने नृत्य पेश किया। चर्च के फादर मिथिलेश मसीह व कृपाओं की माता चर्च के फादर टाइट्स लोबो ने क्रिसमस डे के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर चेयरमैन कमलेश मोहन, कमल कानू, सरफराज मसीह, पियर्सन मसीह, बाबा मसीह, नीलम मसीह अभिषेक मसीह, अनीता मसीह जोनी मसीह, शिरीन मसीह, अंजली मसीह, सुधा मसीह, अरविंद, अजित मसीह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### राधा-कृष्ण की झांकी के साथ निकली शोभायात्रा

**दुद्धी।** तहसील परिसर स्थित रामलीला मंच पर बुधवार की देर शाम रासलीला की शुरूआत हुई। वहीं दोपहर में राधा कृष्ण की भव्य झांकी के साथ नगर में गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा यात्रा समूचे नगर में भ्रमण किया। शोभायात्रा तहसील परिसर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए अमवार मोड़, संकट मोचन मंदिर चौक, रामनगर होते हुए पुनः तहसील के रामलीला मंच पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में अनिल गुप्ता, कमल कानू समेत तमाम लोग शामिल रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**दुद्धी।** म्योरपुर थाना क्षेत्र के जुर्रा गांव में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए सीएचसी भेज दिया। उधर मौत की खबर लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि ईश्वर प्रसाद 32 पुत्र राय सिंह निवासी जुर्रा, म्योरपुर मंगलवार की रात घर से बाइक लेकर गांव में ही निकला था। इस बीच वह कुछ दूर सड़क किनारे बाइक सहित गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने देखते ही परिजनों को सूचना दिया। जिस पर पहुंचे परिजन निजी वाहन से उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक डा. संजीव कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस को मेमो के जरिये घटना की सूचना दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई।

# क्रिसमस: धूमधाम से मना प्रभु यीशु का जन्मोत्सव


यूरोपियन कालोनी स्थित कैथोलिक चर्च में उमड़ी भारी भीड़।

**डीडीयू नगर।** प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस के रूप में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। मसीही समुदाय के लोगों ने गिरजाघरों में सुख शांति के लिए प्रार्थना करने के बाद एक-दूसरे को बधाई दी। साथ ही घरों में केक काटा और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया।

यूरोपियन कॉलोनी स्थित वाल यीशु कैथोलिक चर्च में भी विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। यहां आयोजित मेले में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की तैयारी पिछले एक माह से चल रही थी। एक दिसंबर से ही मसीही समुदाय के लोगों के घरों में केरोल गीत गाए जाने लगे और विशेष प्रार्थना सभाओं का

**क्रिसमस**

**बाल यीशु की सजाई गई झांकी, आकर्षण का केंद्र रहा**

दौर शुरू हो गया। वहीं एक से बढ़कर एक केक बनाने की तैयारी शुरू हो गई। घरों में क्रिसमस ट्री सजाए गए।

मंगलवार की रात नगर के यूरोपियन कॉलोनी स्थित बाल यीशु चर्च में बाल यीशु की झांकी सजाई गई और विशेष प्रार्थना की गई। बुधवार की सुबह आठ बजे चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई। नोवेल प्रार्थना, उपदेश, बीमारों के लिए चंगाई प्रार्थना, पुनर्मिलन संस्कार के साथ साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम दिन भर चलता रहा। प्रार्थना के बाद अन्य धर्मों के लोग भी चर्च परिसर में बाल यीशु की झांकी देखने पहुंचे। यहां विशेष का आकर्षण का केंद्र चर्च परिसर में सजी चरनी की झांकी रही। लोग प्रभु यीशु के जन्म की झांकी को निहारते रहे। वहीं गिरजाघर में फादर विजय शांतिराज के साथ अन्य पादरियों ने लोगों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान बाल यीशु के समक्ष कैंडल जलाए गए। मौके पर चर्च के बाहर चाट, गोलगप्पे, चाउमिन, मंचूरियन, गुब्बारे, खिलौने, पोस्टर सहित अन्य दुकानें सजी रही। यहां खरीददारों की भीड़ जुटी रही। सुरक्षा के मद्देनजर बड़े पैमाने पर पुलिस तैनात रही वहीं स्काउट और गाइड व नागरिक सुरक्षा के लोग तैनात रहे।

## क्रिसमस डे: सेंट्रल पब्लिक स्कूल में बाल मेला आयोजित


सेंट्रल पब्लिक स्कूल में आयोजित बाल मेले में प्रतिभाग करते नन्हें बच्चे।

**डीडीयू नगर।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल परशुरामपुर में बुधवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले में अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान विद्यालय के बच्चों की ओर से कुल 55 खान-पान के स्टॉल सजाए गए थे, वही 10 सजीव झांकियां भी प्रदर्शित की गई थी। इसके अलावा साइंस, कॉमर्स, स्पोर्ट व क्राफ्ट की अलग-अलग प्रदर्शनी भी सजाई गई थी। चित्रकला प्रदर्शनी को भी लोगों ने खूब सराहा। बाल मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि चेतना मंच के महामंत्री प्रकाश चंद चौरसिया तथा विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान जफरपुर रामविलास यादव, ग्राम प्रधान अमोघपुर सुनील कुमार चौहान, ग्राम प्रधान परोरवा रामेश्वर प्रसाद सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत सीएमडी डॉ विनय कुमार वर्मा ने किया। डा. विनय कुमार वर्मा ने कहा कि बाल मेले के माध्यम से स्कूल ने बच्चों को विभिन्न प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया है, जिसका परिणाम रहा कि बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा में अभिभावकों व स्कूल के शिक्षकों की मेहनत प्रदर्शित हो रही है। बाल मेला में अतिथियों के स्वागत में छात्राओं ने अनोखा नृत्य किया, फिर बच्चियों ने अलग ढंग से स्वागत किया। सजीव झांकियों में भगवान यीशु के जन्म की झांकी, भारत माता की झांकी, नारी शक्ति की झांकी, पर्यावरण की झांकी, पांचों स्कूल के बिल्डिंग की झांकी, एक वर्ष में जितने भी कार्यक्रम हुए उन कार्यक्रमों की संयुक्त झांकी को लोगों ने खूब पसंद किया। इस मौके पर डायरेक्टर सत्यम वर्मा सहित माजिद परवेज, प्रशांत कुमार राय, सर्वजीत यादव, सूफी शमसुद्दीन सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। संचालन कुमार रवि व धन्यवाद ज्ञापन प्रिंसिपल बिभा सिंह ने किया।

## मरवटिया में सामने आया फर्जी पट्टा किए जाने का मामला

**नौगढ़।** क्षेत्र के मरवटिया गांव में फर्जी पट्टा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने नायब तहसीलदार प्रभुनाथ यादव को जांच करके 02 दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। बताया कि तहसील में फर्जीवाड़ा करने वालों को चिन्हित करके थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

क्षेत्र के मरवटिया गांव निवासी एक व्यक्ति के नाम से गांव में नवीन परती के नाम से राजस्व के अभिलेखों में दर्ज भूमि को फर्जी तरीके से पट्टा किए जाने का मामला संज्ञान में आया है। राजस्व विभाग से तत्काल जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी कुंदन राज कपूर ने कहा कि फर्जी तरीके से पट्टा आवंटन के अभिलेखों में स्टांप पेपर भी लगाया गया है, जिसकी जांच कराई जा रही है।

बीते छह माह से तहसील नौगढ में अपने कार्यकाल में किसी को भी पट्टा के रूप में भूमि आवंटित किए जाने के बारे स्पष्ट रूप से इंकार करके कहा कि पट्टा किए जाने के लिए कोई भी प्रस्तावित फाईल तहसील में नहीं आई है।

फजीर्वाड़ा करने वालों की जांच कराई जा रही है। जल्द ही थाने में यफ आई दर्ज कराया जाएगा। फर्जी रूप से आवंटित पट्टा के लाभार्थी संत कुमार पाण्डेय का बयान दर्ज किया गया है। जिसने बताया है कि कभी भी पट्टा के रूप में भूमि पाने के लिए आवेदन नहीं किया है। जल्द ही फर्जीवाड़ा करने वालों को चिन्हित करके जेल भेजे जाने की कार्रवाई होगी।

### एक मुश्त समाधान योजना में 1.55 लाख की वसूली

**नौगढ़।** बिजली विभाग का एक मुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत जेई रविशंकर प्रजापति के नेतृत्व में बुधवार को देवखत व हरियाबांध गांव में विद्युत बिल वसूली कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बकाएदारों से 01 लाख 55 हजार बकाया बिजली की वसूली किया गया। वहीं बिजली बिल नहीं जमा करने वाले 32 लोगों की बिजली काटी गई। जेई रविशंकर प्रजापति ने बताया कि बिजली बिल उपभोक्ताओं से संपर्क कर के तत्काल एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत ओटीएस कराकर के लाभ उठाने के बारे में बताया गया। एसएसओ गोबिंद प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र नौगढ़ से संचालित अमदहां फीडर व रिठियां फीडर से की जाने वाली बिजली की आपूर्ति वाले गांवों के बिजली बकाएदारों से वसूली किए जाने के लिए देवखत व हरियाबांध गांव में कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें देवखत गांव में लगाए गए कैंप में 35 हजार रुपए बकाया बिजली बिल की वसूली व 10 उपभोक्ताओं को बिल नहीं जमा किए जाने पर बिजली कनेक्शन काटा गया।

## अध्यक्ष पद पर डॉ. संजय सहित अन्य पदों पर 11 ने किया नामांकन

**सकलडीहा।** प्रांतीय चिकित्सा संघ जनपद चंदौली का चुनाव आगामी 6 जनवरी को होगा। इसको लेकर सरगर्मी तेज होगया है। मंगलवार को देर शाम तक अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर कुल 11 लोगों ने नामांकन किया है। चुनाव अधिकारी डॉ. गुलाब वर्मा और डॉ. एके दूबे की ओर से 27 दिसम्बर को नाम वापसी और 30 दिसम्बर को नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल के बाद 6 जनवरी को सुबह दस बजे से 3 बजे तक सीएमओ कार्यालय में चुनाव और मतगणना व परिणाम की घोषणा किया जायेगा।

प्रांतीय चिकित्सा संघ की जिला ईकाई शाखा का नामांकन को लेकर काफी गहमागहमी रहा। मंगलवार को देर शाम तक अध्यक्ष पद पर डॉ. संजय यादव, डॉ. संजय पटेल, डॉ. मुन्ना राम, डॉ. जेपी गुप्ता ने नामांकन किया।



इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिये डॉ. रविकांत, डॉ. संजय कुमार सचिव पद पर डॉ. देवेश पांडेय, डॉ. हीरालाल सिंह और कोषाध्यक्ष के लिये डॉ. प्रदीप पांडेय व एडीटर पर डॉ. कौशल कुमार ने नामांकन किया।

अंत में केन्द्रीय कार्यारिणी सदस्य पद पर डॉ. उग्रसेन ने नामांकन किया। चुनाव अधिकारी डॉ. गुलाब वर्मा और डॉ. एके दूबे ने बताया कि नाम वापसी और नामांकन पत्रों की जांच होने के बाद सीएमओ कार्यालय में 6 जनवरी को सुबह दस बजे से तीन बजे तक चुनाव व परिणाम की घोषणा किया जायेगा।

इस मौके पर डॉ. संजय यादव, डॉ. एलबी शर्मा, डॉ. रविकांत सिंह, डॉ. देवेश पांडेय, डॉ. उग्रसेन, डॉ. बीके प्रसाद, डॉ. संदीप गौतम, डॉ. नीलेश मालवीय मौजूद रहे।

## नाला निर्माण की समस्या को एसडीएम ने दिया दूर कराने का निर्देश

**सकलडीहा।** सकलडीहा में मुआवजा को लेकर व्यापारियों के धरना प्रदर्शन के बाद से नाला व सड़क निर्माण कार्य बंद पड़ा है। जिसके कारण सोनकर बस्ती में नाला का पानी घूसने से ग्रामीण परेशान है। समाजसेवी गोविंद सोनकर की शिकायत पर एसडीएम अनुपम मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों के साथ समस्या का निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

पीडब्ल्यूडी विभाग ने बीते दिनों तीन दिन के अंदर समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया था। 25 दिन बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो पाया। सकलडीहा में फोर लेन निर्माण के दौरान कार्यदायी संस्था की ओर से मनमानी ढ़ग से अधिग्रहण किये जाने व मुआवजा नहीं दिये जाने को लेकर


पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए एसडीएम अनुपम मिश्रा।

बीते एक दिसम्बर को व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन किया था। मौके पर पहुंचे पीडब्ल्यूडी विभाग के एक्सीईन राजेश कुमार ने तीन दिनों के अंदर समस्या का समाधान कराने का भरोशा दिया था।

25 दिन बाद भी समस्या तो दूर मुआवजा की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो पाया। नाला निर्माण नहीं होने के कारण नाबदान का पानी सोनकर बस्ती में जाने पर समाजसेवी गोविंद सोनकर ने प्रधान और पीडब्ल्यूडी से किया। इसके बाद भी निस्तारण नहीं होने पर एसडीएम से गुहार लगाया। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर पीडब्ल्यूडी विभाग से शीध्र से शीध्र समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया। किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगा। इस बाबत एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग राजस्व टीम के साथ भूमि को चिन्हित कर निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया है। मौके पर पीडब्ल्यूडी एसडीओ आशीष श्रीवास्तव, जेई अमरदेव पाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्त, गोबिंद सोनकर सहित अन्य रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला छात्रा का शव

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे स्थित कटरिया के समीप एक छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। स्थानीय लोगों ने शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी, जबकि शव की पहचान जफरपुरवा चौकी अंतर्गत एक गांव के रूप में हुई।

जफरपुरवा चौकी क्षेत्र के एक गांव की किशोरी मंगलवार की देर शाम अपने घर से कहीं चली गई थी। जिसका पता लगाने के लिए परिजन छानबीन कर ही रहे थे, तभी बुधवार की सुबह कटरिया गांव के समीप नेशनल हाईवे किनारे शव संदिग्ध परिस्थिति में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने इस मामले में हत्या का आरोप लगाया है उनका कहना है की छात्रा को किसी ने जानबूझकर आघात पहुंचाया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में अलीनगर थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा।

## संक्षेप

### पांच लाख की लागत से कस्बा में बन रहा इंटरलॉकिंग मार्ग



**चहनियां।** कस्बा में क्षेत्र पंचायत कोटे से इंटरलॉकिंग व नाली का कार्य चल रहा है जो पांच लाख रुपये की लागत से बन रहा है। बन रहे मार्ग के मानक के अनुसार बनने के लिए प्रमुख अरुण जायसवाल ने निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता परखी। चहनियां कस्बा में विगत कई वर्षों से उत्तर तरफ के लोग मार्ग व नाली के लिए परेशान थे। इस मार्ग से आने जाने वाले लोगो ने क्षेत्र पंचायत सदस्य आनन्द सिंह से शिकायत किया था। जो प्रस्ताव बनाकर प्रमुख को दिया था। उक्त मार्ग बनना शुरू हो गया है। यह मार्ग 92 मीटर पांच लाख रुपये की लागत से बन रहा है। मार्ग की गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि हमारा यही उद्देश्य है कि क्षेत्र में लगभग हर मार्ग दुरुस्त हो, नाबदान के पानी की समस्या न रहे। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा, क्षेत्र पंचायत सदस्य आनन्द सिंह, जयशंकर जायसवाल, शिवलाल जायसवाल, राकेश जायसवाल, संजय बरनवाल, पंचम चौहान आदि उपस्थित रहे।

### मध्य प्रदेश के लोकायुक्त का सवैयां पट्टीदारी में हुआ स्वागत



**चंदौली।** मध्य प्रदेश के लोकायुक्त सत्येंद्र कुमार सिंह बुधवार को अपने पैतृक घर सवैयां पट्टीदारी पहुंचे। इस दौरान उनके आगमन पर परिवार के साथ ही आसपास के ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इसकी सूचना मिलते ही अगल-बगल के गांव और शुभचिंतकों का बधाई देने और मिलने का तांता लग गया। उनके छोटे भाई संतोष कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन ने बताया कि बड़े भाई सत्येंद्र कुमार सिंह का मध्य प्रदेश लोकायुक्त पद पर होना हम लोगों के लिएगर्व का बात है। साथ ही क्षेत्र और जनपद चंदौली का मान बढ़ाने का काम किये है। शुरू से ही सरल स्वभाव और अपने कार्य के प्रति ईमानदार बड़े छोटों को सम्मान देना उनकी स्वभाव में रहा है। बताया कि सत्येंद्र कुमार सिंह ने अपनी मेहनत से उपलब्धियां अर्जित कर जो मान-सम्मान बढ़ाया है वह घर परिवार के लिए बहुत बड़ी बात है। इस मौके पर और राज बहादुर सिंह पूर्व महामंत्री डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन, पूर्व प्रधान रविंद्र प्रताप सिंह उर्फ मनोज, आशीष सिंह, ब्लॉक प्रमुख चंदौली संजय सिंह बबलू, दिनेश सिंह, ओम प्रकाश, सच्चिदानंद सिंह, आशु सिंह, अंकित सिंह, संतोष सिंह, राहुल सिंह मौजूद रहे।

### हड़ताल से वापस लौटे ट्रांसपोर्टर

**नियामताबाद।** हिंदुस्तान पैट्रोलियम सरेसर के अधिकारियों द्वारा निविदा प्रक्रिया में अनियमितता से आक्रोशित ट्रांसपोर्टरों ने बुधवार को अधिकारियों के आश्वासन के बाद तेल भराई शुरू कर दी। हिंदुस्तान पैट्रोलियम सरेसर के निविदा प्रक्रिया में अनियमितता बरते जाने के बाद ट्रांसपोर्टरों ने सोमवार को तेल भराई ठप कर पेट्रोलियम के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए थे। मंगलवार को सीओ आशुतोष, एसडीएम आलोक कुमार के साथ ट्रांसपोर्टर की बैठक उप महाप्रबंधक एसआर राहा ने किया। लेकिन इसमें भी कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला था। लेकिन बुधवार को अधिकारियों के आश्वासन के बाद तेल भराई शुरू हुई। इसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### एकमुश्त समाधान योजना के तहत जगह-जगह लगेगा कैम्प

**चंदौली।** एकमुश्त समाधान योजना के लिए गुरुवार को बिजली अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कैम्प लगाया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक करने के साथ ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराएंगे। इस दौरान बिजली अधिकारियों द्वारा सुल्तानपुर, दरवेसपुर, पचफेड़वा, देवई खरगीपुर, कोडरिया, खगवल, दिघवट, पचोखर, गोगहरा, कटरिया, पंडी मंगरौर, निर्भयदास चकिया टाउन, केसार गोलाबाद, खरखोली, सैयदराजा मार्केट, नरसिंहपुर किडहिरा, बरियारपुर में कैंप आयोजित कर बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अभियंता अरबिंद कुमार यादव ने बताया कि शासन के निर्देश पर एक मुश्त समाधान योजना लागू की गई है। बिजली बकाएदार उपभोक्ता इसका लाभ उठा सकते हैं। इसमें उपभोक्ताओं को छूट मिलेगी। उपखंड अधिकारी विवेक मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि कहा कि योजना का लाभ देने के लिए बकाएदार उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन भी करने साथ ही बकाया बिजली बिल नहीं जमा करने कनेक्शन काट दिया जा रहा हैं। बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना का लाभ दिलाने के लिए उपखंड अधिकारी अमर सिंह पटेल, संतोष कुमार, मिथलेश कुमार बिन्द, अवर अभियंता सुनील कुमार पासवान, अभिषेक सिंह, दीपक दास, अमीत शेखर, राज कुमार, मोहम्मद शाहिद, प्रदीप कुमार यादव, जयप्रकाश, मनोज कुमार विश्वकर्मा, रवि शंकर प्रजापति, उपेन्द्र कुमार, मेराज खान, संजीव कुमार, विनोद कुमार मौजूद रहेंगे।

## शिक्षित व संगठित हों विश्वकर्मा समाज के लोग: हंसराज


विश्वकर्मा उत्थान मंच के कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़।

**चंदौली।** विश्वकर्मा उत्थान मंच के नेतृत्व में विश्वकर्मा गौरव एवं स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन बुधवार को मुख्यालय स्थित एक वाटिका में मनाया गया। जहां समाज के लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया।

इस दौरान वाराणसी भाजपा जिलाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा समाज के गौरव थे। जैल सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन का सफल एक साधारण कार्यकर्ता से शुरू करके विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रपति तक का सफर

**आयोजन**

**अटल बिहारी वाजपेयी जयंती व ज्ञानी जैल सिंह का पुण्यतिथि मनाई**

तय किया।

विधायक कैलाश आचार्य व रमेश जायसवाल ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए केंद्र की मोदी और प्रदेश के योगी सरकार कृत संकल्पित है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के द्वारा जनता और देश का विकास ही उनकी प्राथमिकता थी।

विश्वकर्मा उत्थान मंच के जिलाध्यक्ष श्रीकांत विश्वकर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण व अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। इस दौरान विश्वकर्मा महिला सभा अध्यक्ष अनीता शर्मा, शैलेश विश्वकर्मा, बुद्धू लाल विश्वकर्मा, नीरज विश्वकर्मा, मीना विश्वकर्मा हीरा विश्वकर्मा दीनदयाल विश्वकर्मा मनीता विश्वकर्मा उपस्थित रही।

संचालन राजेश विश्वकर्मा राजू ने किया। वहीं दूसरी पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धा सुमन व्यक्त किया और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का सीधा प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सहकारिता विभाग के अधिकारियों और मत्स्य सहकारी समिति बहुउद्देशीप पैक्स डेरी सहित तमाम विभागों के लोग शामिल थे। इस दौरान अजीत सिंह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में सहकार से जीवन में समृद्धि लाने के लिए सरकार कटिबंध है। इसे बढ़ावा देकर गांव के लोगों को समृद्ध बनाने का अवसर प्रदान किया है। इस दौरान श्रीप्रकाश उपाध्याय, धर्मेंद्र सिंह, चंदन यादव, अभिषेक त्रिपाठी, विकास,तनुश्री,योगेश रघुवंशी उपस्थित रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी ने अखंड भारत के निर्माण में निभाई थी अहम भूमिका



**चंदौली।** कलेक्ट्रेट सभागार चंदौली में बुधवार को भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती के अवसर पर एक सप्ताह से आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों के विजेताओं के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रमेश जायसवाल ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। साथ ही पुरस्कार प्राप्त छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को अटल जी के व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। ऐसे महान व्यक्तित्व को अपनाकर ही हम अपने देश को अपने समाज को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने अटल जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल को याद करते हुए अखंड भारत के निर्माण में उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया। साथ ही पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन पथ में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। विजेता छात्र-छात्राओं को उनके खाते में अकाउंट पेई चेक प्रमाण पत्र तथा टोकन चेक विधायक रमेश जायसवाल ने वितरित किया गया। अटल जी की कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता की प्रथम विजेता पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चंदौली की आदि शक्ति को 10000 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त दिव्य शक्ति को 5000 रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त अनामिका पांडेय को 25000 का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी ने भी अपने विचार रखें। संपूर्ण कार्यक्रम के संपादन का दायित्व निर्वहन डॉक्टर सुकृति मिश्रा प्राचार्य पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय चंदौली व जनपद नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ प्रवीण भारती, डॉ शमशेर बहादुर सिंह, डॉ अमित कुमार पांडे, विनोद कुमार, डॉ अनुराधा पांडेय आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सैयद अली अंसारी के नेतृत्व में स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पवन गुप्ता ने किया और धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ सुकृति मिश्रा के द्वारा किया गया।

### पुलिस लाइन में मनी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

**चंदौली।** पुलिस लाइन चन्दौली में बुधवार को पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके तस्वीर



पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की एकता की रक्षा करने और देश को मजबूत बनाने के कार्य में तन, मन से योगदान करने व सदैव अहिंसा का पालन करते हुए समस्त विवादों को शांतिपूर्वक और संवैधानिक उपायों द्वारा हल करने की शपथ दिलायी गयी। बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी हम सभी के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं जिनके बताये गये विचारों का अनुगमन कर हम सभी सही एवं कर्तव्य पथ पर चलकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन चन्दौली, समस्त शाखा प्रभारी के साथ पुलिस कार्यालय व पुलिस लाइन में नियुक्त समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसके अलावा जनपद के समस्त थाना, पुलिस चौकी तथा पुलिस कार्यालयों में भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गयी।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की मनी जयंती

**डीडीयू नगर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशासन दिवस के रूप मे मनाया। नगर के कैलाशपुरी स्थित पोद्दार भवन में एकत्र होकर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर तिलक और पुष्पार्चन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल देश के ऐसे नेता थे जिनके लिए देश प्रथम था। सभी दलों के नेता उनका सम्मान करते थे। उन्हें देश की राजनीति में अजातशत्रु के नाम से जाना जाता है। नगर अध्यक्ष कुंदन सिंह ने कहा कि अटलजी ने सुशासन का जो मॉडल अपने प्रधानमंत्री काल मे देश के सामने रखा उसको देश ने सदैव सराहा। अपने नाम के अनुरूप अटल ने तमाम विरोधों के बावजूद परमाणु परीक्षण कर-के देश के सामने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित किया। उनके व्यक्तित्व से सभी युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। गोष्ठी में कैलाश किशोर पोद्दार, किरण शर्मा, डॉ. विश्वनाथ चौहान, सौरभ चंद्रा, भरत चौहान, जयकिशन गोंड, सुधीर घोष, पवन गुप्ता, सतीश चौहान, आराधना गुप्ता, चंद्रेश्वर, सुनील, इकबाल अहमद राजू, महेंद्र पटेल, आकाश कन्नौजिया, ऋषि चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेलबर्न में दो स्पिनरों के साथ उतर सकता है भारत

## खराब फॉर्म के बाद रोहित शर्मा करेंगे ओपनिंग?

**सीरीज में बढ़त हासिल करने उतरेगा भारत**

**जडेजा-सुंदर को मिल सकता है मौका**

**गिल को मिल सकता है आराम**



**मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें क्रिसमस सेलिब्रेशन के बाद गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच में उतरेंगी। भारत का पिछले 10 वर्षों में इस मैदान पर रिकॉर्ड अच्छा रहा है जिसे देखते हुए भारतीय प्रशंसकों को रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम से काफी उम्मीदें होंगी। तीसरे टेस्ट के बाद ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और खिलाड़ी इससे आगे बढ़ना चाहेंगे।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर चल रही है और रोहित की सेना की नजरें बॉक्सिंग डे टेस्ट से सीरीज में बढ़त हासिल करने पर टिकी होंगी। भारत ने पहला मैच जीता था, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी। गाबा टेस्ट बारिश से बाधित रहा था और लगातार खेल प्रभावित होने के चलते ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

भारत के लिए मेलबर्न टेस्ट विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दो मैचों में हार से बचना होगा। भारत शेष दो मैचों में एक ड्रॉ और एक जीत दर्ज कर सका तो भी उसकी उम्मीदें रहेंगी। गाबा टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद अब भारत अधिकतम 138 अंक हासिल कर सकता है और उसकी पीसीटी 60.52 पहुंच सकती है अगर वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न और सिडनी टेस्ट में जीत दर्ज करने में सफल रहा। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम अगर अगले दो मैच जीतने में सफल रही तो वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से अपने नाम कर लेगी।

मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत का पलड़ा ऑस्ट्रेलिया पर भारी है। पिछले 10 वर्षों में टेस्ट में यह ग्राउंड भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर 2014 से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल तीन मुकाबले खेले हैं और उसे दो में जीत मिली है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। वहीं, पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम पिछले 10 वर्षों में एमसीजी पर भारत के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी है। यह आंकड़े भारत के लिए राहत देने वाले हैं क्योंकि टीम की नजरें बढ़त हासिल करने पर टिकी हुई हैं। भारतीय टीम ने अब तक पहले तीन मुकाबलों में अलग-अलग स्पिनरों को मौका दिया है। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया था, जबकि एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट में रविचंद्रन अश्विन को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया था। ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट में अश्विन की जगह ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को खिलाया गया और उन्होंने उस मैच में बल्ले से दम दिखाया। जडेजा ने पिछले मैच में जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे उनका मेलबर्न टेस्ट में खेलना तय माना जा रहा है। वहीं, मेलबर्न में स्पिनरों को मदद मिल सकती है, ऐसे में टीम प्रबंधन जडेजा के अलावा सुंदर को भी प्लेइंग-11 में शामिल कर सकता है।

भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म चिंता का सबब बन गई है। रोहित इस सीरीज में छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं, लेकिन पिछले दोनों ही मैचों में बल्ले से प्रभावित नहीं कर सके हैं। इस सीरीज में अब तक उन्होंने चार पारियों में तीन, छह और 10 रन बनाए हैं। हैरानी की बात है कि उन्हें तीनों ही पारियों में तेज गेंदबाजों ने अपना शिकार बनाया है। भारतीय कप्तान पिछले कुछ वक्त से दाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते दिख रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक, पिछली 12 पारियों में उन्होंने दाएं हाथ के तेंज गेंदबाजों के खिलाफ सिर्फ 106 रन बनाए हैं। नौ बार वह आउट हुए हैं और उनका औसत 11.8 का रहा है। हैरानी की बात ये है कि टेस्ट क्रिकेट में उनका औसत साल दर साल गिरता जा रहा है। इस साल उन्होंने 26.39 के औसत से रन बनाए हैं।

रोहित की जगह केएल राहुल यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करने उतर रहे हैं। राहुल ने इस स्थान पर खुद को साबित भी किया है, इसके बावजूद कुछ पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि रोहित को ओपनिंग में वापसी करनी चाहिए। इन विशेषज्ञों का कहना है कि रोहित छठे नंबर की जगह ओपनिंग में दोबारा उतरेंगे तो इससे उन्हें फॉर्म में वापसी करने में मदद मिलेगी। रोहित को हाल ही में अभ्यास के दौरान घुटने में चोट लगी थी, लेकिन कप्तान ने चोट के कारण व्यक्त की जा रही आशंकाओं को खारिज कर दिया था।

रोहित ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बल्लेबाजी स्थान को लेकर भी पूछा गया था लेकिन उन्होंने संदेह बरकरार रखा था। भारतीय कप्तान ने कहा था कि वह वही करेंगे जो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। इस संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता कि रोहित ओपनिंग में उतरेंगे। अगर रोहित ओपनिंग में उतरते हैं तो राहुल को तीसरे नंबर पर भेजा जाएगा। हालांकि, ऐसे में शुभमन गिल प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना पाएंगे और उन्हें बाहर बैठाया जा सकता है। भारत गिल को बाहर रखने का जोखिम उठा सकता है क्योंकि उसके पास जडेजा के रूप में एक ऐसा बल्लेबाज मौजूद है जो छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है।

भारत ने जहां हमेशा की तरह प्लेइंग-11 में संशय बरकरार रखा है, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने मैच से पहले अपनी एकादश घोषित कर दी है। उन्होंने युवा सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास को मौका दिया है जो टेस्ट में डेब्यू के लिए तैयार हैं। कोंस्टास ने दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के लिए खेलते हुए भारत के खिलाफ शतक जड़ा था। उन्हें नाथन मैकस्वीनी की जगह मौका दिया गया है।

**दोनों टीमें इस प्रकार हैः**

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया** : उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड।

### क्रिसमस पर नए लुक में नजर आए धोनी, सांता क्लॉज बनकर बेटी और पत्नी को दिए तोहफे



**नई दिल्ली।** आज पूरी दुनिया में क्रिसमस का त्योहार मनाया जा रहा है। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान धोनी भी क्रिसमस के रंग में रंगे नजर आए। वह खुद सांता क्लॉज बनकर अपने घर पहुंचे और बेटी व पत्नी को सरप्राइज दिया। इस दौरान धोनी ने बेटी जीवा और पत्नी साक्षी को तोहफे भी दिए। इसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हैं। धोनी के नए लुक का खुलासा उनकी पत्नी साक्षी ने किया।

## बॉलीवुड न्यूज

### 'मैं दिल तुम धड़कन' शो के प्यारे बाल कलाकार ने क्रिसमस पर दिया खास संदेश



**मुंबई।** क्रिसमस की बेल और लाइट्स के साथ चारो तरफ जश्न का माहौल छाया हुआ है ऐसे में शेमारू उमंग के शो 'मैं दिल तुम धड़कन' का सेट भी इस रंगबिरंगे माहौल में खूबसूरत नजर आ रहा है। शो में कान्हा का किरदार निभाने वाले बाल कलाकार कविश खुंगर भी इस जादुई समय को लेकर बेहद उत्साहित हैं। अपनी मासूमियत और चुलबुले अंदाज से वे हर जगह प्यार और जादू का रंग बिखेर रहे हैं। कविश खुंगर ने क्रिसमस के लिए अपनी खास तैयारियों और सेंटा क्लॉज से अपनी इच्छाओं को लेकर अपनी ख्वाहिशे साझा करते हुए कविश ने कहा, "मुझे चॉकलेट्स, आइसक्रीम और खिलौने बहुत पसंद हैं। इस साल, मैं एक मैजिक शो देखना चाहता हूं, जहां जादूगर अपनी छड़ी घुमाकर सब कुछ असली बना दे। मुझे मैजिक शो बहुत पसंद हैं, इसलिए मैं सेंटा से उसकी टिकट मांगने वाला हूं। इसके अलावा, मैं अपने पसंदीदा रोबोट गेम भी मागूंगा जो मेरी लिस्ट में सबसे ऊपर है। ये मेरे क्रिसमस को और भी खास बना देगा! कविश ने यह भी बताया कि वह सेंटा क्लॉज को उनके गिफ्ट्स के बदले कैसे सरप्राइज देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "मैंने अपनी मम्मी से गुलाब जामुन बनाने के लिए कहा है, क्योंकि मुझे लगता है कि सेंटा को ये बहुत पसंद आएंगे। इसके साथ ही, मैं अपनी क्रिसमस ट्री के पास चॉकलेट्स और आइसक्रीम भी रखूंगा। जब वो रात में मेरे लिए गिफ्ट्स देने आएंगे, तो मैं चाहता हूं कि उन्हें मेरा यह छोटा सा सरप्राइज देखकर खुशी हो। मैं अपने स्टाइल में सेंटा को धन्यवाद कहूंगा जो हम बच्चों के क्रिसमस को बहुत खास और जादुई बनाते हैं। कविश की मासूमियत और उत्साह हमें याद दिलाते हैं कि यह त्योहार सिर्फ पाने का नहीं, बल्कि देने का भी है। अपनी अनोखी विशलिस्ट और सेंटा के लिए प्यारे से सरप्राइज प्लान के साथ, कविश ने इस क्रिसमस को अपने आसपास के सभी लोगों के लिए और भी खास बना दिया है।

### समृद्धि शुक्ला व रोहित पुरोहित के धमाकेदार परफॉर्मेंस से सजेगा आईटीए अवॉर्ड्स का मंच



**मुंबई।** नए साल की शुरुआत करें 24वें इंडियन टेलीविजन एकेडमी अवॉर्ड्स के साथ, जहां होगी ग्लैमर, धमाकेदार परफॉर्मेंस और ढेर सारी मस्ती! यह स्टार-स्टडेड इवेंट नए साल का शानदार स्वागत करने का सबसे बेहतरीन तरीका है, जिसमें टीवी इंडस्ट्री के सबसे बड़े स्टार्स अपने जबरदस्त टेलेंट और उपलब्धियों को प्लेटफॉर्म पर पेश करेंगे। 24वें कळअ अवाड्र्स एक शानदार आयोजन होने वाले हैं, जिसमें होगा एलीगेंस, रोमांच और धमाकेदार पल, क्योंकि प्रसिद्ध और मशहूर हस्तियाँ एक साथ आकर एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्टता को सम्मानित करेंगी। यह एक यादगार शाम होने वाली है, जब टीवी, फिल्म और ओटीटी के सबसे टैलेंटेड सितारे अपनी चमक से सबका ध्यान खींचेंगे। रेड कार्पेट पर कई मशहूर हस्तियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, जिनमें रुपाली गांगुली, भाविका शर्मा, अलीशा परवीन, शिवम खजूरिया, फहमान खान, सोनाक्षी बत्रा, रोहित पुरोहित, समृद्धि शुक्ला, कन्वर ढिल्लन, नेहा हरसौरा, अभिका मलाकार, कृषाल आहुजा, गशमीर महाजनी, हर्षद चोपड़ा, प्रणाली राठौड़ और भी कई सितारे शामिल थे। इनके अलावा बॉलीवुड के स्टार्स राजकुमार राव और तापसी पन्नू ने भी इस शाम के ग्लैमर में चार चाँद लगाए हैं। हर एक सेलिब्रिटी ने स्टाइल और एलिगेंस से भरी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, जिससे यह रात सच में जादुई बन गई। इस ग्लैमरस रात की सबसे खास बात होगी 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की समृद्धि शुक्ला (अभिरा) और रोहित पुरोहित (अर्मान) का शानदार डांस एक्ट। "देखा तेनु" और "ओ माही" जैसे खूबसूरत गानों पर ये जोड़ी अपनी परफॉर्मेंस से स्टेज को रोमांटिक और मैजिकल बना देगी।

### मस्ती, परिवार व नई ताजगी संग साल को विदा करेंगे एक्टर्स




**मुंबई ।** कहते हैं अंत भला तो सब भला। तो आप भी ढेर सारी हंसी, मस्ती और फैमिली टाइम के साथ साल को विदा करने के लिए तैयार हो जाइए। एंड पिक्चर्स लेकर आ रहा है आपके फेवरेट पारेख परिवार की धमाकेदार वापसी। देखिए 'खिचड़ी 2' का प्रीमियर 29 दिसंबर को शाम 5 बजे, और साल को हंसते-हंसते अलविदा कह। पुरानी यादों और नए मजेदार ट्विस्ट का जबर्दस्त कॉम्बो, 'खिचड़ी 2' साल को अलविदा कहने का बेस्ट मौका लेकर आया है। जबर्दस्त कॉमेडी से लेकर दिल को छू लेने वाले लम्हों तक, 'खिचड़ी 2' हर पीढ़ी के दिलों तक पहुंचने वाला यादगार सफर है। इस त्यौहार के मौके पर, एंड पिक्चर्स फिर साबित कर रहा है कि मस्ती, जोश और अपनों के साथ का सही मजा यहीं मिलता है। फिल्म के प्रोड्यूसर जमनादास मजेठिया कहते हैं, "खिचड़ी 2 परिवार और उनके मजबूत रिश्तों का जश्न है। खिचड़ी की दुनिया में वापस जाना मेरे लिए बेहद दिलचस्प और जज्बाती सफर रहा, जिसने एक बार फिर ढेर सारी यादें और खुशी के पल ताजा कर दिए। दर्शकों के पसंदीदा किरदारों को नए और अनोखे मोड़ के साथ पेश करना वाकई शानदार अनुभव था। इस बार, पारेख परिवार देश की हिफाजत के लिए एक रोमांचक मिशन पर निकलता है, जो उनकी खास कॉमेडी में एक नया रंग भरता है।

## संक्षेप

### तीन दिवसीय योग शिविर का हुआ समापन



**केराकत।** मुफ़्तीगंज विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत बेलाव बाजार में स्थित महावीर माडर्न पब्लिक स्कूल बेलांव में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शम्भू नाथ यादव जिला प्रभारी और सत्यम सिंह पतंजली योग शिविर द्वारा योग प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में यौगिक जॉगिंग, सूर्य नमस्कार के साथ आसनों और प्राणायामों को विस्तृत रूप से छात्रों को बताया गया। खान-पान, आहार-विहार के साथ आंत के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गयी। मोटापा कम करने के लिए पादवृत्त आसन, द्विचक्रिका आसन, हलासन उत्तानपादासन आदि आसन बताए गए। शुगर रोग हेतु मंडूकासन, भुजंगासन, कमर और मेरूदण्ड हेतु मरकटासन भुजंगासन पर विशेष बल दिया गया। आसनों को बताते हुए प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि आसन शारीरिक मुद्राओं द्वारा किया जाता है जिससे हमारा शरीर लचीला रहता है और बढ़ती उम्र का शरीर पर प्रभाव नहीं पड़ता और प्राणायाम श्वास तकनीकी पर आधारित है इससे आन्तरिक शक्तियां प्राप्त होती हैं। समापन के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक अंजनी कुमार सिंह ने योग के महत्व को बच्चों को समझाते हुए उन्होंने कहा कि योग प्राचीन भारतीय व्यायाम और स्वास्थ्य अभ्यास है। अंत में प्रधानाचार्य ने उपस्थित जनों को योग का मूल मंत्र करें योग रहें निरोग से परिचित कराते हुए योग करने से जीवन सरल और सुन्दर हो जाता है बताकर कार्यक्रम समाप्त होने की घोषणा करते हैं।

### सकलडीहा में तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप, हाहाकार

**सकलडीहा।** कस्बा के सघन तिराहा पर जल निगम की पाइप लगाये जाने को लेकर बीते तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। जिसके कारण सकलडीहा, नागेपुर, टिमिलपुर, तेन्दुई सहित विभिन्न गांवों के पच्चास हजार आबादी के लोग पेयजल की संकट से जूझ रहे है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी निर्माण कार्य में तेजी लाने के बजाय मौन साधे हुए है। जिसे लेकर व्यापारियो में आक्रोश है। सकलडीहा स्थित टिमिलपुर में जल निगम की तीन लाख पानी की टंकी से सकलडीहा, नागेपुर, तेन्दुई, सिरोहुपुर, ईटवा, बलारपुर, ताजपुर, दुगार्पुर आदि गांव के पच्चास हजार से आबादी वाले गांवों में हजारों उपभोक्ता के घरों में पानी जाता है। बीते कई दिनों से सधन तिराहा पर पाइप लीकेज था। सड़क निर्माण के दौरान कार्यदायी संस्था की ओर से पाइप सड़क के दोनों ओर लगाया जा रहा है। पाइप लगाये जाने में बिलंब के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। जिसके कारण कस्बा सहित आसपास के लोग पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। पेयजल के अभाव में स्नान और नित्य क्रिया के लिये घर की महिला और बच्चों को परेशानी का सामाना उठाना पड़ रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी ने समस्या का शीध्र समाधान कराये जाने की मांग किया है। उधर विभागीय अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू है। देर शाम तक पेयजल आपूर्ति शुरू करा दी जायेगी।

### टैंकर की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर समदपुर गांव के पास बुधवार की देर शाम टैंकर की चपेट में आने से अधेड़ की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अहरौरा थाना क्षेत्र के बरही ग्राम निवासी 50 वर्षीय नन्दू गुप्ता पुत्र हनुमान साव का समदपुर ग्राम में ननिहाल है।वे अपने मामा नान्हक साव के यहां आये थे। शाम को बाइक खड़ा कर पैदल गांव जाने हेतु रोड क्रास कर रहे थे। इसी दौरान सोनभद्र से वाराणसी की ओर जा रही तेज रफ्तार टैंकर ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे नन्दू गुप्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक टैंकर लेकर फरार हो गया। मौके पर पहुंचे निरीक्षक क्राइम ने शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

### 31 तक लें एकमुश्त समाधान योजना का लाभः शम्भू कुमार

**केराकत।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन द्वारा चलाई जा रही एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत डोभी क्षेत्र में लगाए गए वसूली कैम्प में बुधवार को कार्पोरेशन के पूर्वांचल के एमडी प्रबंध निदेशक शंभू कुमार अचानक पहुंच गए और निरीक्षण किया। उनके पहुंचते ही वहां थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मच गई। वहां उपस्थित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहाकि योजना का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें और बड़े विद्युत बकायेदारों के विच्छेदन में कोई लापरवाही न बरतें। अधिशासी अभियंता जौनपुर दिव्यरंजन ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अधिशासी अभियंता दिव्य रंजन ने अपने समूचे क्षेत्र का विवरण देते हुए बताया कि बुधवार को आयोजित कैंपों में केराकत में आठ लाख इक्यावन हजार, डोभी में 5 लाख 15 हजार, थानागद्दी में 10 लाख 93 हजार और जलालपुर कैम्प में 3 लाख रुपयों की वसूली की गई। 458 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया था जबकि 199 बड़े बकायेदारों उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। इसके अतिरिक्त 26 उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान भी किया गया। एसडीओ संजीव कुमार भास्कर, अवर अभियंता चित्रसेन वी दिनेश यादव डोभी एसडीओ प्रियांशु सिंह, पंकज कुमार, थानागद्दी में एसडीओ मनीष कुमार व अवर अभियंता पिंटू कुमार सिंह विशेष रूप से सक्रिय रहे।

### शिक्षक साथी के सम्मानित होने पर शिक्षकों में हर्ष

**सुइथाकला।** सुशासन दिवस के अवसर पर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ईशापुर में बतौर प्रधानाध्यापक जनकधारी दूबे के जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा सम्मानित होने पर शिक्षा क्षेत्र के शिक्षकों में हर्ष का माहौल छा गया। अहियाई (भगासा) निवासी प्रधानाध्यापक दूबे सुशासन सप्ताह के तहत विद्यालय में सुशासन और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए गए। साथ ही कक्षा पांचवीं की छात्रा मंशा विंद को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बैग देकर सम्मानित किया गया। लोग श्री दूबे को बधाई देते नजर आए। इस दौरान अजय मिश्रा, पंकज सिंह, त्रिवेणी प्रसाद विन्द, मनोज सिंह, सतीश सिंह, सुधाकर सिंह, अरविंद यादव, उमेश चन्द्र यादव डॉ. रणंजय सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# टेस्ट रैंकिंग में बुमराह का जलवा

## सर्वोच्च रेटिंग हासिल कर अश्विन की बराबरी की, कोहली शीर्ष 20 से बाहर



**दुबई।** भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ब्रिस्बेन में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी की पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया। बारिश से प्रभावित इस मैच में बुमराह ने 94 रन देकर नौ विकेट हासिल किए थे। इस दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने 14 अतिरिक्त रेटिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल करने में कामयाब हो गए।

तेज गेंदबाज के अब 904 रेटिंग अंक हो गए हैं। इसी के साथ उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। 2016 में अश्विन ने सर्वोच्च रेटिंग (904) हासिल की थी। इस तरह वह आईसीसी इतिहास में संयुक्त रूप से सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय टेस्ट गेंदबाज बन गए। दक्षिण अफ्रीका कगिसो रबाडा दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवड तीसरे पायदान पर हैं।

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में बड़ी गिरावट देखने मिली है। पर्थ टेस्ट के बाद बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे यशस्वी एक स्थान के नुकसान के साथ पांचवें नंबर पर आ गया है, जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो स्थान के नुकसान से 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इस तरह यशस्वी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। गिल भी चार स्थान के नुकसान से 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। कोहली खराब प्रदर्शन के चलते शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं और एक स्थान के नुकसान के साथ 21वें नंबर पर खिसक गए हैं। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे कप्तान रोहित शर्मा को पांच स्थान का नुकसान हुआ है और वह 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# देश की तरक्की में सहकारिता का योगदान जरूरी : सीमा



**जौनपुर।** जनपद मे बुधवार को नवगठित बीपैक्स, डेयरी तथा मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ कार्यक्रम कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी ने कहा कि नये बीपैक्स का गठन भविष्य के लिए शुभ संकेत है। स्वतंत्रता के बाद देश की तरक्की में सहकारिता का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

नई समितियो के गठन से सहकार से समृद्धि योजना को बल मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन तथा पूर्व विधायक कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने जौनपुर मे सहकारिता आंदोलन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे प्रतिभागियो को नई दिल्ली मे केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व मे दस हजार बीपैक्स के शुभारंभ के कार्यक्रम को भी सीधे प्रसारण के रूप में दिखाया गया।

कार्यक्रम मे जनपद की नवगठित बीपैक्स, प्राथमिक दुग्ध समितियो और मत्स्य समितियो को मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा सीमा द्विवेदी और चेयरमैन अरविंद कुंवर वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा निबंधन प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। विशिष्ट अतिथि सुधाकर उपाध्याय अध्यक्ष केन्द्रीय उपभोक्ता भंडार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके पूर्व सहायक आयुक्त अमित कुमार पांडेय ने अंगवस्त्रम और स्मृतिचिन्ह देकर सांसद और चेयरमैन जिलासहकारी बैंक का स्वागत किया। एडीसीओ द्वय लालजी, सतीश मौर्य, विजय कुमार और प्रीति सिंह ने बुके व अंगवस्त्रम देकर अतिथियो का स्वागत किया। बैठक का संचालन एडीओ बक्शा ब्रह्मजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम मे सहायक आयुक्त जौनपुर अमित कुमार पांडेय, वरूण यादव, सुधाकर, धनंजय सिंह, अंजना श्रीवास्तव, कैलाश सिंह, बीपैक्स सचिव, जनप्रतिनिधिगण तथा क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

### 325 सीएटीसी कैंप में कैडेटों ने किया फायरिंग का अभ्यास

**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड स्थित मड़ियाहूं पीजी कॉलेज परिसर में 325 सीएटीसी कैंप कमांडेंट कर्नल आलोक सिंह धर्मराज के नेतृत्व में चल रहा है। कैंप में सैन्य अभ्यास कक्षाओं के अतिरिक्त फायरिंग का भी अभ्यास कराया जा रहा है। सूबेदार निहाल सूबेदार बीर बहादुर सूबेदार बलवीर सिंह द्वारा कैडेटों को शस्त्र चलाने का गन सिखाया गया। कैडेटों ने इस दौरान अचूक निशानेबाजी का प्रदर्शन किया। एक गोली एक दुश्मन के मुकाम को हासिल करते हुए एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान मेजर आरपी सिंह, कैप्टन यश यश मिश्रा, कैप्टन विनय, सेकंड ऑफिसर अभिषेक सिंह और विभूति नारायण सिंह आदि एनसीसी अधिकारी उपस्थित रहे।

### हमने तो केवल दो बार ही पलटी मारी है : ओमप्रकाश राजभर

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** संगठनात्मक मजबूती के लिए अतरौलिया पहुंचे सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर अपने पुराने अंदाज में नजर आए। पार्टी बदलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सपा के लोग नौ बार पलटी मारे तो कोई नहीं कहा, कांग्रेस के लोग 10 बार पलटी मारे, बसपा 11 बार पलटी मारी तो उसको कोई नहीं कहता, हमने तो दो बार ही पलटी मारी है। विधानसभा में प्रत्याशी उतारने के सवाल पर कहा कि अतरौलिया विधानसभा से कोई प्रत्याशी उतारने की मंशा नहीं है। हमको आजमगढ़ मिला है इसलिए यहां पर काम कर रहे हैं।

अमित शाह के अंबेडकर वाले बयान पर कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है और हमेशा कांग्रेस पार्टी यहां तक की कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न देने में भी भागती रही। कांग्रेस पार्टी ने अंबेडकर को चुनाव दो बार हरवाया। सपा ने प्रमोशन में आरक्षण खत्म कर लाखों लोगों को बर्बाद कर दिया। बाबा साहब के नाम पर जो गरीबों की योजनाएं बनी थीं उसे सपा ने ही समाप्त कर दिया। आजमगढ़ मंडल की राष्ट्रीय कमेटी की बैठक में पहुंचे पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि सभी राष्ट्रीय नेताओं को एक-एक मंडल की जिम्मेदारी दी गई है जिसमें आजमगढ़ मंडल की जिम्मेदारी मुझे दी गई है। यहां के संगठन को मजबूत करने के लिए यहां बार-बार आकर संगठन को जो बूथ स्तर से लेकर ब्लॉक, विस, जिला, मंडल और प्रदेश से यहां नेता बनाना है।

### याद किये गये पूर्व मंत्री वंश नारायण सिंह पटेल

**रामनगर।** मड़ियाहूं विधानसभा के जयसिंहपुर बाजार में स्व. वंश नारायण सिंह के आवास पर शोक सभा का आयोजन हुआ। अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके पुत्र निर्भय नारायण सिंह पटेल ने कहाकि पिताजी के मार्गदर्शन पर चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अपना दल (एस) राष्ट्रीय सचिव माता बदल तिवारी, राजेश सिंह, उदय पटेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कैलाश यादव, राजनाथ पटेल, जिला पंचायत सदस्य राकेश पटेल, विजय पटेल, सुनीता पटेल, रवी पटेल एवं अन्य अन्य लोगों ने उपस्थित होकर श्रदांजलि दी।

# एसडीएम ने किया शिविर का उद्घाटन



**जौनपुर।** ग्राम सभा पुरेन्व जलालपुर में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के पद पर चयनित साखी सिंह रघुवंशी के जन्मदिन पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का उद्घाटन राजेश चौरसिया उप जिलाधिकारी शाहगंज ने किया। उक्त शिविर में वाराणसी के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डा. दिव्या सिंह, डॉ. रोशनी सिंह, डा. आलोक अग्रवाल, रि. सीएमओ डॉ. रवि सैनी की मेडिकल टीम आदि द्वारा शिविर में 11 बजे से उपस्थित होकर गांव, क्षेत्र के सभी जरूरतमंद महिलाओं, पुरुषों व बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।

डॉक्टरों द्वारा जांच करके आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। जांच में मुख्य रूप से शुगर, बीपी, वेट, इसीजी द्वारा विधिवत जांच किया गया तथा महिलाओं से सम्बंधित रोग महिला विशेषज्ञ द्वारा जांच कर की गई। एसडीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। इसलिए सभी माताओं, बुजुर्गों तथा युवाओं को नियमित रूप से जांच कराकर स्वस्थ आहार व व्यायाम से स्वस्थ रहना चाहिए। सखी सिंह ने युवाओं को विशेष कर लड़कियों के लिए पढ़ाई, लिखाई, जागरूकता के साथ ही अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की सलाह दिया गया। लड़कियां को बेझिझक अपने मासिक धर्म इत्यादि हेतु स्वच्छ पैड व स्वस्थ आहार का प्रयोग करना चाहिए। आयोजन सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. जेपी सिंह द्वारा किया गया। डॉ. प्रदीप सिंह, शिवांश सिंह, बृजभान राजभर, हरिलाल राजभर, अनुराग सिंह, रामपूजन सिंह, संतोष सिंह, शनि सिंह, इरशाद अंसारी, मुकेश आदि लोग उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। अंत में विवि शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जेपी सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



क्रिसमस-डे के अवसर पर नगर के सेंट पैट्रिक स्कूल में सजी प्रभु यीशु की झांकी।

# जौनपुर



# वाजपेयी ऐसे नेता थे जिन्होंने विरोधी दलों के बीच भी एक खास मुकाम हासिल किया : दयालु

**आयोजन**

### 100वीं जयंती पर राज्यमंत्री ने नपा के टाउनहॉल में विशेष प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु ने नगरपालिका के टाउन हाल में आयोजित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अद्वितीय व्यक्तित्व और कृतित्व को नमन किया। प्रदर्शनी में अटल जी के छात्र जीवन से लेकर उनके प्रभावशाली राजनीतिक सफर को क्रमवार ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसमें उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान लिए गए ऐतिहासिक फैसलों, भारत के विकास और समृद्धि के बड़े प्रयासों को भी रेखांकित किया गया है।

प्रदर्शनी में अटल जी की देशभक्ति, सेवा और अदम्य साहस को बखूबी दर्शाया गया है। राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दिलाई। उनकी विरासत हमें हमेशा मार्गदर्शन देती रहेगी। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अटल जी से जुड़ी स्मृतियों को ताजा करते हुये कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 ई० को भारत के मध्य प्रदेश राज्य में स्थित ग्वालियर के शिंदे की छावनी में हुआ था। उनकी प्रारंभिक



शिक्षा ग्वालियर में ही हुई थी। उन्होंने विक्टोरिया कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और कानपुर के डीएवी कॉलेज से राजनीति विज्ञान में एम.ए किया था। अटल बिहारी वाजपेयी ने लॉ की पढ़ाई अपने पिता के साथ कानपुर के डीएवी कॉलेज से की थी। दोनों ने एक ही कक्षा में लॉ की डिग्री हासिल की और इस दौरान दोनों एक ही साथ हॉस्टल में भी रहे थे। अटल बिहारी वाजपेयी जब डीएवी कॉलेज आए, तब अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन चरम पर था। राजनीति में कूदने पर उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। अटल बिहारी वाजपेयी अपने प्रारंभिक जीवन में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आ गए थे। 1942 के 'भारत छोड़ो' आन्दोलन में उन्होंने भाग लिया था और 24 दिन तक कारावास में रहे थे। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी से की थी। वे 10 बार लोकसभा में और 2 बार राज्यसभा में सांसद रहे। वे एकमात्र ऐसे सांसद है जो चार अलग-अलग राज्यों दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश से सांसद बने थे। 6 अप्रैल 1980 ई० में उनको भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर आसीन किया गया था।

अटल बिहारी वाजपेयी ने 16 मई 1996 को देश के 10वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। किन्तु इस बार इनको संख्या बल के आगे त्याग-पत्र देना पड़ा था। 19 मार्च 1998 को पुनः अटलजी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई थी और फिर 13 अक्टूबर 1999 को अटलजी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। वे 1997 में जनता पार्टी सरकार से विदेश मंत्री बने और संयुक्त राष्ट्र संघ के एक सत्र में उन्होंने हिंदी में अपना भाषण दिया था। अटल बिहारी वाजपेयी एक दिग्गज नेता थे और उन्होंने विरोधी दलों के बीच भी एक खास मुकाम हासिल किया था। यहां तक कि जवाहर लाल नेहरू ने भविष्यवाणी करते हुए कह दिया था कि एक दिन अटल बिहारी वाजपेयी भारत के प्रधानमंत्री होंगे। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि दुनिया को भारत की परमाणु शक्ति का एहसास दिलाने वाले भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ही थे। अनेक अंतर्राष्ट्रीय दबावों के बाद भी उन्होंने पोखरण परमाणु परीक्षण को करवाया और भारत को एक परमाणु शक्ति सम्पन्न देश बनाया। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव, अटल बिहारी बाजपेयी को अपना राजनैतिक गुरु मानते थे। पाकिस्तान के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए, उन्होंने 19 फरवरी 1999 को दिल्ली से लाहौर तक सदा-ए-सरहद नाम की एक बस सर्विस शुरू की थी जिसमें उन्होंने भी एक बार यात्रा की थी। अटल बिहारी वाजपेयी को कई बार सम्मनित किया जा चुका है। उन्हें पद्म विभूषण, लोकमान्य तिलक पुरस्कार, श्रेष्ठ सांसद पुरस्कार व गोविंद वल्लभ पंत जैसे पुरस्कारों से नवाजा गया। उनको दिसम्बर 2014 में देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से भी नवाजा गया। 2009 में उन्हें स्ट्रोक आया था जिसके कारण वे ठीक से बातचीत नहीं कर पाते थे और काफी लंबे समय बीमार रहने के बाद 16 अगस्त 2018 में उनका निधन हो गया। कार्यक्रम के उपरांत राज्य मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने अटल बिहारी वाजपेई के साथ कार्य कर चुके अशोक श्रीवास्तव और हरिश्चंद्र सिंह को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर उत्तरी के मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने किया। उक्त अवसर पर ओमप्रकाश सिंह, मनोरमा मौर्य, सुशील मिश्र, पीयूष गुप्ता, रामसूरत मौर्य, आमोद सिंह, अमित श्रीवास्तव, रागिनी सिंह, इंद्रसेन सिंह, कमलेश निषाद, सिद्धार्थ राय, अवनीश यादव आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेशीय महिला खेल समारोह का हुआ दमदार आगाज



**जौनपुर।** इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर बुधवार को प्रदेश स्तरीय महिला वॉलीबाल एवं खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह के अतिथि रमेश सिंह विधायक शाहगंज, डॉ. दिनेश चन्द्र जिलाधिकारी एवं साईं तेजा सीलम मुख्य विकास अधिकारी रहे। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समस्त अतिथियों को डॉ. अतुल सिन्हा क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बुके, माल्यार्पण तत्पश्चात अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर साईं तेजा सीलम, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खेल के प्रति समर्पण और अनुशासन की बात पर बल देते हुए राज्य सरकार द्वारा खेल के प्रति किये जा रहे कार्यो का उल्लेख किया गया। तदोपरान्त जिलाधिकारी द्वारा 18 मण्डलों के खिलाड़ियों की उपस्थिति पर भूरि-भूरि प्रंशसा करते हुए उ0प्र0 के लगभग 10 मण्डलों के कार्यकाल का स्मरण करते हुए यह आश्वासन दिया गया कि खिलाड़ियों को भोजन एवं आवासीय व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी विशेषकर भोजन व्यवस्था दुरूस्त हो इसके लिए उन्होंने क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया। रमेश सिंह विधायक शाहगंज द्वारा खेल के प्रति राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यो का उल्लेख करते हुए खिलाड़ियों से कहा गया कि यदि आप अपने खेल प्रदर्शन से देश एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित करते हैं तो राज्य सरकार द्वारा आपको अच्छी नौकरी भी दी जायेगी तथा यह आशा व्यक्त किया कि उपस्थित खिलाड़ियों में से निश्चित ही कई खिलाड़ी भविष्य में अपने खेल के माध्यम से देश का नाम रौशन करेंगे। विधायक द्वारा उपस्थित महिला वॉलीबाल एवं खो-खो की विधिवत उद्घाटन घोषणा भी की गयी। अतिथियों द्वारा वॉलीबाल ग्राउण्ड व खो-खो ग्राउण्ड में उपस्थित होकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त दोनो प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। अन्त में उपस्थित अतिथियों को डॉ0 अतुल सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चन्दन सिंह, उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया। वॉलीबाल में पहला मैच गोरखपुर बनाम मिर्जापुर के मध्य हुआ जिसमें गोरखपुर की टीम (2-0) 25-04, 25-16 से विजेता हुई। दूसरा मैच अयोध्या मण्डल एवं मेरठ मण्डल के मध्य हुआ जिसमें अयोध्या की टीम (2-0) 25-22, 25-14 से विजेता हुई। तीसरा मैच कानपुर मण्डल एवं मुरादाबाद मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें कानपुर की टीम (2-0) 25-13, 25-06 से विजेता हुई। चौथा मैच झांसी मण्डल एवं सहारनपुर मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें झांसी मण्डल की टीम (2-0) 25-07, 25-19 विजेता हुई। पांचवा मैच लखनऊ एवं देवीपाटन मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ की टीम (2-0) 25-02, 25-02 से विजेता हुई। छठां मैच चित्रकूट एवं मेरठ के मध्य खेला गया जिसमें मेरठ की टीम (2-1) 18-25, 25-11, 25-18 से विजेता हुई। खो-खो में पहला चित्रकूट बनाम मुरादाबाद के मध्य खेला गया जिसमें मुरादाबाद की टीम 5 अंको से विजयी हुई। दूसरा मैच अयोध्या एवं लखनऊ के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ की टीम 04 अंको से विजयी हुई। तीसरा मैच देवीपाटन बनाम सहारनपुर के मध्य खेला गया जिसमें देवीपाटन की टीम 15 अंकों से विजयी हुंई। चौथा मैच वाराणसी बनाम बरेली के मध्य खेला गया जिसमें वाराणसी की टीम 08 अंको से विजयी हुई। पांचवा मैच लखनऊ बनाम झांसी के मध्य खेला गया जिसमें लखनऊ की टीम से 07 अंको से विजयी हुई। छटवां मैच प्रयागराज बनाम विन्ध्याचल के मध्य खेला गया जिसमें प्रयागराज 12 अंको से विजेता हुई। सातवां मैच गोरखपुर बनाम मेरठ के मध्य खेला गया जिसमें गोरखपुर की टीम 04 अंको से विजयी हुई। आठवां मैच आजमगढ़ व विन्ध्याचल के मध्य खेला गया जिसमें आजमगढ़ की टीम 12 अंको से विजयी हुई।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**जनसंदेश न्यूज**



मृतक आदित्य मौर्या की फाइल फोटो

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के कलिंजरा मोड़ के पास बुधवार की दोपहर एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई तो दूसरा युवक घायल हो गया।

बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के मुरादपुर कोटिला गाँव निवासी करीब 24 वर्षीय प्रशांत मौर्या उर्फ चंदन अपने चचेरे भाई करीब 20 वर्षीय आदित्य मौर्या के साथ कलिंजरा मोड़ पर जा रहे थे। वह जैसे ही मोड़ पर पहुचें तभी एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से आदित्य मौर्या की मौत हो गई। जबकि प्रशांत मौर्या घायल हो गया जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में होने के बाद घर भेज दिया गया। वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए आवश्यक कार्यवाई में जुटी है।



प्रभारी निरीक्षक से वार्ता करते सांसद बाबू सिंह कुशवाहा

## युवक की मौत के बाद उसके घर पहुंचे सांसद बाबू सिंह कुशवाहा

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के कलिंजरा मोड़ पर बुधवार की सड़क दुर्घटना में हुई एक युवक की मौत के बाद सूचना मिलते ही आनन-फानन में कोतवाली परिसर में पहुचे जौनपुर समाजवादी पार्टी के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे से कहाकि सड़क दुर्घटना में मुरादपुर कोटिला निवासी युवक आदित्य मौर्या की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जाना यह जरूरी है कि आदित्य मौर्या को ट्रैक्टर से जानबूझ कर तो नहीं मारा गया है। इसके बाद सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने मृतक युवक के परिजनों से मिलकर उन्हें हर सम्भव मदद और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

## सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया पूर्व पीएम अटल बिहारी का जन्मोत्सव

**समारोह**

### जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया

### प्रतियोगिताओं में विजेताओं को किया गया सम्मानित

**जौनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को जनपद में सुशासन दिवस मनाया गया। उनकी स्मृतियों को पुनर्जीवित करते हुए उनको नमन भी किया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रेक्षागृह में सुशासन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु सहित विधायक शाहगंज रमेश सिंह, सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशू, सदस्य महिला आयोग गीता बिंद, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण की उपस्थिति में लोक भवन लखनऊ में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया तथा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को सुना गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी सहित अन्य द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण भारत में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनाई जा रही है। आज महामना मदन मोहन मालवीय जी की भी पावन जयंती है। आज हम अपने इन दोनों महानायकों को नमन करते हैं। उन्होंने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की शिक्षा-दीक्षा, राजनीतिक यात्रा पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों द्वारा भी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी तथा महामना मदन मोहन मालवीय जी के योगदानों को याद किया गया तथा नमन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया।



जिलाधिकारी के द्वारा विस्तार से उनके योगदानों को साझा किया गया। इस अवसर पर सुशासन सप्ताह के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग से चित्रकला प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले अंशु विश्वकर्मा, शुभम सागर, सरोज, प्रिया मौर्य, प्रियांशी को, निबंध प्रतियोगिता में आतिफ, शगुन चौरसिया, अंश विश्वकर्मा, सिद्धार्थ तिवारी, आंचल मौर्य, वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिक्षा तिवारी, यशराज सरोज, शीश खान, आयुष पांडे, रिया चौहान खेल एवं शारीरिक शिक्षा में अमित कुमार, आदित्य पटेल, सोनम कुमारी, यश सेठ, मंशा तथा कशिश सिंह को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र, स्कूल बैग, कॉपी, ड्राइंग बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग में निबंध प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले साक्षी यादव, रिया सिंह तथा शिवम पांडे, भाषण प्रतियोगिता में अभिनव कीर्ति पांडे, आफताब, हिमांशु विश्वकर्मा, एकल काव्य में गौरव जयसवाल, सुमित सिंह, सौम्या सिंह को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5000 तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 3000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2000 रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वरुचि श्रीवास्तव, जनकधारी दुबे, खुशबू, नीतू सिंह, संजय मिश्रा, अखिलेश कुमार सहित अन्य प्रधानाध्यापकगण और शिक्षक गण को सदस्य विधान परिषद, जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख और नूपुर श्रीवास्तव ने किया।

## पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर महा मेगा कैम्प का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**मछलीशहर।** मछलीशहर के ग्राम सभा दादपुर के कम्पोजीट विद्यालय के मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म-दिन के अवसर पर कमला हास्पिटल रिसर्च एवं ट्रामा सेंटर द्वारा सभी क्षेत्रवासियों एवं ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क महा मेगा कैम्प का आयोजन किया गया।

इस महा मेगा कैम्प में कमला हास्पिटल के सीएमडी डॉ. मोहम्मद अरशद, कमला हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. आरबी चौहान, ग्लोबल हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार गौतम, कमला हास्पिटल के आंख रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कैम्प में आए हुए रोगियों का उपचार किया एवं स्वास्थ्य संबंधी कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया। इस मेगा कैम्प में डाक्टर रंजीत यादव, मैनेजर संजय कुमार सिंह, अजय मौर्य, राजकुमार गौतम, अभिषेक गौतम, अमर सिंह चौहान एवं प्रियंका यादव उपस्थित थे। कमला हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. आरबी चौहान ने कहा कि इस प्रकार के कैम्प के आयोजन से गरीबों को काफी हद तक राहत मिलती है। इस महा मेगा कैम्प में लगभग दो सौ रोगियों का उपचार किया गया।

## पुलिस कर्मियों ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि




**बदलापुर।** सिंगरामऊ थाना परिसर में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व की सराहना की। उन्होंने आग्रह किया कि सभी अटल जी के जीवन से प्रेरणा लें और अपने कार्यों में उनकी सीखों को आत्मसात करें। कार्यक्रम का समापन अटल की कविताओं और उनके योगदान को याद करते हुए किया गया। सभा में थाना परिसर के सभी कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

## अटल जी को भाजपाइयों ने किया नमन, निकाली पदयात्रा

**जफराबाद।** क्षेत्र के सुगुरदीपुर गांव में ब्लॉक प्रमुख सिरकोनी के आवास पर बुधवार को भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. हरेन्द्र सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की शख्सियत का व्यक्ति विरले ही जन्म लेता है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने हमेशा आम आदमी की समस्या के लिए आगे आकर लड़ते रहे। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के स्तम्भ रहे। उनकी सोच सदैव विकास की रही। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि डॉ. सिंह, रमेश , सत्यप्रकाश, शशिकांत, शैलेश सेठ, डॉ. अखिलेश सिंह आदि ने अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात डॉ. हरेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में एक पदयात्रा निकाली गई ।

## संक्षेप

### दबंग ने काटा बिजली कनेक्शन, दो दर्जन घर अंधेरे में

**जलालपुर।** थाना क्षेत्र के करदहां गांव में बिजली कनेक्शन काटे जाने की घटना से दो दर्जन से अधिक घरों में पिछले छह दिनों से अंधेरा छाया हुआ है। इस घटना के कारण गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई है। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत कार्यालय जौनपुर में प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उपभोक्ताओं ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि सरकारी जमीन पर स्थापित ट्रांसफार्मर से पिछले 35 वर्षों से बिजली की आपूर्ति हो रही थी। लेकिन गांव के सभाजीत सिंह ने अपने घर के पास से गुजर रहे बिजली तारों का विरोध करते हुए कथित तौर पर गैरकानूनी तरीके से कनेक्शन काट दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कटने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, और दैनिक जीवन मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की अपील की है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से गौरीशंकर सिंह, राजेंद्र सिंह, जालिम सिंह, रामबली, लाल साहब सहित अन्य दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### सरकार के प्रति जागरूक करना सुशासन दिवस का मुख्य उद्देश्य

**गौराबादशाहपुर।** अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर हर वर्ष 25 दिसंबर को भारत में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2015 में अटल बिहारी वाजपेई को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इसके बाद मोदी सरकार ने वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों विशेष रूप से छात्रों को सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति जागरूक करना है। इसका लक्ष्य बेहतर प्रशासनिक प्रणाली और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी है। उक्त बातें अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित एक नागरिक चौपाल में पूर्व विधायक डॉक्टर हरेंद्र प्रताप सिंह ने कहीं। इस दौरान रैली निकालकर लोगों को सुशासन दिवस के बारे में भी बताया गया। एक मैरिज हाल में रैली पहुंचकर सभा के रूप में भी परिवर्तित हो गई जहां पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी सोनकर के पति दिनेश सोनकर, संतोष कुमार मौर्य, मनोज सिंह, सागर साहू, संतोष कुमार साहू इत्यादि उपस्थित रहे।

### महाराज बिजली पासी की जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा

**मछलीशहर।** स्थानीय क्षेत्र के बड़ेरी बाजार से राष्ट्रीय पार्टी विकास संघ के तत्वाधान में वीर शिरोमणि सनातन हिंदू हृदय सम्राट महाराजा बिजली पासी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा निकालकर संगोष्ठी का हुआ आयोजन। शोभायात्रा यात्रा बड़ेरी बाजार से प्रारंभ होकर नगर में चुंगी चौराहे, तहसील से भ्रमण करते हुए रोडवेज परिसर में समाप्त हुई एवं एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक शुभम पासी युवा टीम अध्यक्ष राष्ट्रीय पासी विकास संघ रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. अभिषेक रावत राष्ट्रीय अध्यक्ष पासी विकास संघ रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा महाराजा बिजली पासी पासी समुदाय के एक महान भारतीय राजा थे, वे उत्तरी भारत में एक राजा के रूप में लोकप्रिय थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान हरिशंकर पासी, सुभाष पासी, राजेश पासी, सूरज पासी, दिनेश पासी का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम में संजय सरोज, विमल सरोज महामंत्री भाजपा, सुरेंद्र सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### अकरम जौनपुरी के सम्मान में काव्य गोष्ठी का आयोजन

**जौनपुर।** शहर के मोहल्ला दीवान शाह कबीर ताड़तला में बीती रात उस्ताद शायर अकरम जौनपुरी के सम्मान में काव्य गोष्ठी का आयोजन अंजुमन सुब्हानिया शिराज ए हिन्द अव्वल के बैनर तले अंजुमन के निजामी मोहम्मद आदिल राईनी की अध्यक्षता में उनके आवास पर की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उस्ताद शायर अकरम जौनपुरी ने शिरकत किया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ तिलावत ए कुरआन से मौलाना मोहम्मद अजवद कासमी ने किया और नात ए पाक का नजराना अंजुमन चार यारी के निजामी सूफी तबरेज अहमद ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं को भी प्रस्तुत किया। मजहर आसिफ ने पढ़ा "मुझे दुनियां से आंसू छुपाना है इसी खातिर मैं घर से तब निकलता हूँ कि जब बरसात होती है" अकरम जौनपुरी ने पढ़ा "जब नबी का कसीदा रकम हो गया खुशबुओं से मोअत्तर कलम हो गया।" संचालन करते हुए मरकजी सीरत कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मजहर आसिफ ने कहा की अकरम जौनपुरी का व्यक्तित्व ऐसा है जो हमारे शहर के लिये जरूरत बन गए हैं जो अपनी काव्य रचना के माध्यम से शिराज ए हिन्द जौनपुर की सदियों पुरानी विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। अध्यक्षता कर रहे मोहम्मद आदिल राईनी ने किया ।अकरम जौनपुरी द्वारा लिखी गयी एक नात को श्रोताओं के समक्ष पेश किया। तत्पश्चात मोहम्मद आदिल राईनी ने अकरम जौनपुरी को अंगवस्त्र भेंट करके उनका स्वागत व अभिनंदन किया। अजहरुद्दीन अंसारी, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद समरा ने उन्हें मुबारक बाद पेश किया।

## स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बांधा समा



**चंदवक।** मॉडर्न विंग्स पब्लिक स्कूल कोपा में वार्षिकोत्सव संवर्धन धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव की थीम थी कुंभ। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डा. विजय कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष एवं महामंत्री शिक्षक संघ, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग एवं मुख्य अनुशास्ता टी डी कॉलेज, विशिष्ट अतिथि डा. राहुल सिंह अध्यक्ष शिक्षक संघ, डा. शैलेंद्र सिंह महामंत्री शिक्षक संघ, डा. राकेश सिंह पूर्व समन्वयक एवं डा. राजबहादुर यादव समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय एवं डा. प्रवीण कुमार सिंह बीएड विभाग बदलापुर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि जौनपुर, गाजीपुर एवं वाराणसी सीमा पर अवस्थित यह विद्यालय इस क्षेत्र के बच्चों की अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। यह जनपद के पूर्वांचल में शिक्षा की अलख जगाएगा। विशिष्ट अतिथियों ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, विशिष्ट कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा की। स्कूल सेक्रेटरी शिवांगी सिंह, कॉर्डिनेटर रंजीत सिंह और आकांक्षा पांडेय के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य, एकांकी, मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। पीजी से यूकेजी ग्रुप के कार्यक्रम की तैयारी खुशबू, नफीशा, निखत एवं नंदिनी ने, फर्स्ट स्टैंडर्ड से थर्ड में स्टैंडर्ड की तैयारी शिवानी, अनामिका एवं प्रीति ने फोर्थ से सिक्स्थ स्टैंडर्ड की तैयारी अदिति, अलंकृता, श्वेता एवं प्रतिमा ने तथा सेकेंडरी और हॉयर सेकंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं का कार्यक्रम शिल्पी, अजीत, आकाश, सोनी, नेहा, निधि एवं बबीता ने तैयार कराया था कार्यक्रम में गजब का अनुसान और प्रदर्शन दिखाई दिया। विद्यालय के चेयरमैन एवं प्रदेश उपाध्यक्ष स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोशिएशन मैनेजमेंट गुरु डा. अनिल यादव ने आए हुए सभी अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। भव्य और सुंदर वार्षिकोत्सव के आयोजन के लिए पूरे विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए सबको क्रिसमस, वीर बाल दिवस तथा नववर्ष की बधाई दी । संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. संतोष यादव, डॉ. संजय यादव, डॉ. भानुशंकर, डॉ. अन्नू, राहुल यादव, संतोष कुमार गोंड, इंद्रसेन यादव, पंकज मिश्रा, संत यादव, परमेश पाल, मनीष, सुंदरम, अरविंद, ओंकार, जितेंद्र आदि ने महत्वपूर्ण योगदान।

## सेंट पैट्रिक में धूमधाम से मना क्रिसमस का पर्व

**जौनपुर।** नगर के पंचहटिया स्थित सेंट पैट्रिक स्कूल में बुधवार को क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी और मुंह मीठा कराया। आये हुए अतिथियों ने प्रिंसिपल सिस्टर ग्रेसी जोसेफ को उपहार देकर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर सिस्टर ग्रेसी ने कहाकि क्रिसमस पर्व शांति का पर्व है। इस दिन प्रभु यीशु ने जन्म लिया था और उन्होंने संसार को करूणा, दया और सत्य के मार्ग पर चलने का उपदेश दिया था। हम सभी को एक दूसरे की मदद करनी चाहिये क्योंकि हम सभी एक ईश्वर की ही संतान हैं। इस मौके पर राकेश उपाध्याय समेत स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा। लोगों ने एक दूसरे को केक खिलाकर क्रिसमस की बधाईयां दी।





# चर्च में छाया प्रभु यीशु के जन्म का उल्लास



**क्रिसमस**

**आयोजित हुई विशेष प्रार्थना सभा**

**सेंट थामस स्कूल मे सजा क्रिसमस ट्री रहा आकर्षण का केंद्र**

**गोपीगंज।** नगर में पड़ाव स्थित मिशन कंपाउंड व सेंट थामस स्कूल में सर्द हवाओं के बीच ईसाई समाज द्वारा मध्य रात प्रभु यीशु का जन्मोत्सव धूमधाम से साथ मनाया गया। विशेष प्रार्थना सभा के साथ ही मैरी क्रिसमस की लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी। क्रिसमस के लिए आकर्षक विद्युत झालरों से सज कर तैयार सी एन एन आई चर्च और विद्यालय देर रात तक मैरी क्रिसमस की धूम से गुंजायमान होता रहा। बुधवार को सुबह पादरी सुशील डीन पास्टर ने कैंडल प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विशेष प्रार्थना सभा के बाद प्रभु यीशु का संदेश दिया। पादरी ने कहा कि प्रभु यीशु पूरी दुनिया में भगवान के रुप में पूजे जाते हैं। ऊंच-नीच की खाई पाटने में समाज के अंदर उनकी प्रमुख भूमिका रही इस दौरान ईसा मसीह के जीवन पर आधारित कार्यक्रम और जिंगल बेल की प्रस्तुति फैंसी ड्रेस कैटवाक की प्रस्तुति कर बच्चों ने मन मोह लिया। इस अवसर पर रविन्सन मैथ्यू, अनिल डैनियल, सुशील डैनियल, एडविन मसीह, यश मैथ्यू, विनय मैथ्यू, सरोज मैथ्यू, विशाल मैथ्यू, रंजना मसीह ,पियू मैथ्यू आदि डैनियल परिवार, मशीह परिवार, मैथ्यू परिवार, नाथ परिवार के लोग रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना सेंट मेरिज स्कूल में क्रिसमस डे



**भदोही।** नईबाजार स्थित सेंट मेरीज स्कूल में बुधवार को इसाई समुदाय का महत्वपूर्ण पर्व क्रिसमस डे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देर रात तक मैरी क्रिसमस की धूम से गुंजायमान होता रहा, जहां चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर सभी ने प्रभु इशा मसीह और उनके बलिदान को याद किया। वहीं स्कूली बच्चों ने आकर्षक, सुंदर, मनोहरी झांकी सजाई थी। प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित संगीतमय नाटक भी प्रस्तुत किया गया। सैंटा क्लोज के रूप में सजे छोटे छोटे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस डे की बधाई दी। साथ ही विभिन्न तरह के बने पकवान खिलाया। लोगों को उपहार दिए गए। स्कूल के प्रिंसिपल फादर आनंद लाकरा ने सभी को यीशु के जन्म से जुडे कई रोचक प्रसंग बताते हुए प्रभु यीशु का संदेश दिया। कहा कि प्रभु यीशु गरीबों एवं असहाय के बीच रहना ज्यादा पसंद करते थे। इसलिए वह हर व्यक्ति के लिए प्रिय साबित हुए। कहा कि पर्व पर विश्व भर में फैले ईसा मसीह के करोड़ों अनुयायियों के लिए पवित्रता का संदेश लाता है तथा उनके बताए हुए मार्ग एवं उच्च आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित करता है, क्योंकि ईसा मसीह भेदभाव को नहीं मानते थे। इस मौके पर सिस्टर रेनू, सिस्टर रंजना, नीरज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# अटल जी ने गठबंधन की स्थिर सरकार देकर बनाया भारत को मजबूत: दिलीप



जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नई बाजार आजाद नगर बूथ संख्या 321 में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती को भदोही नगर मंडल महामंत्री राजीव मोदनवाल के नेतृत्व में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल दिलीप गुप्ता और विशिष्ट के रूप में विनय उमर राजेश उमर ने अटल बिहारी वाजपेई को याद करते हुए उनके भाषण शैली, वाकपटुता, भाषा पर पकड़, स्पष्ट वादिता, कवि हृदय, साहित्यिक रचनाओं के साथ-साथ देश को सशक्त समृद्ध और स्वावलंबी भारत के निर्माण के लिए योगदानों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई ने राजनीतिक अस्थिरता के दौर में गठबंधन की स्थिर सरकार देकर, परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, ग्रामीण सड़क योजना, आठवीं तक की शिक्षा मुफ्त प्रदान करने, दूरसंचार क्रांति को जन-जन तक पहुंचाने आदि निर्णय के माध्यम से देश को प्रगति पथ पर चलायमान कर दिया। अटल जी की कविताएँ, जैसे ₹हार नहीं मानूंगा,₹ उनके अटल विश्वास और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक हैं, जो हमें हर चुनौती में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। इस मौके पर राजेश मोदनवाल, उमेश विश्वकर्मा, इकबाल अंसारी, पारस सोनकर, बाशदेव याद,व श्याम जी गुप्ता, चंद्र भान, डब्बू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती



**भदोही।** भारत रत्न ,पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर बुधवार को पुलिस लाइन में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए सलामी दी गयी। पुलिस अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी कात्यायन ने उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की एकता की रक्षा करने और देश को मजबूत बनाने के कार्य में तन, मन से योगदान करने व सदैव अहिंसा का पालन करते हुए समस्त विवादों को शांतिपूर्वक और संवैधानिक उपायों द्वारा हल करने की शपथ दिलायी गयी। पुलिस कर्मियों को सम्बोधित करते हुए एसपी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी जी हम सभी के लिये प्रेरणाश्रोत हैं। जिनके बताये गये विचारों का अनुगमन कर हम सभी सही एवं कर्तव्य पथ पर चलकर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर, औराई व क्षेत्राधिकारी भदोही व क्षेत्राधिकारी कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाईन के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके अलावा जनपद के समस्त थाना, चौकी तथा पुलिस कार्यालय में भी पूर्व प्रधानमंत्री ह्लभारत रत्नह्व अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीरों पर माल्यार्पण करते हुए उनकी जयंती मनाई गयी।

## सुशासन दिवस के रूप मे मनाई गई पूर्व प्रधान मंत्री की जयंती

**गोपीगंज।** भारतीय जनता पार्टी गोपीगंज मंडल के विभिन्न बूथों पर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गयी। जिस क्रम में नगर के बूथ संख्या 394 के बूथ अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल के आवास पर मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सर्वप्रथम सुबह 9:30 बजे नई दिल्ली के स्वर्गीय अटल जी के स्मृति स्थल सदैव अटल से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। तदुपरांत बूथ क्षेत्र में स्वर्गीय अटल जी के समय कार्य कर चुके पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाशनाथ जायसवाल को अंग वस्त्र और माल्यार्पण करके उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विजय शाहू, राजकुमार मोदनवाल, काशीनाथ साहू, प्रदीप जायसवाल, कल्लू अग्रवाल, बीनू गुप्ता, चौधरी मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

## चार दिन तक छह घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** विद्युत विभाग के भदोही सब स्टेशन के अंतर्गत कई फीडरों में आरडीएसएस, नगर निकाय व बिजनेस प्लान योजना के तहत कार्य होना है। इस कार्य से 26 दिसम्बर गुरुवार से 29 दिसम्बर रविवार तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता आरबी शर्मा ने बताया कि रजपुरा चौराहा पर एक्सेल पी केबल लगाया जाएगा। एक्सेल पी केबल लगने से भदोही सब स्टेशन के कुशियरा, नेशनल, इंडस्ट्रियल व ममहर फीडर प्रभावित रहेंगे। अधिशासी अभियंता आरबी शर्मा ने बताया कि कुशियरा फीडर, नेशनल फीडर, इंडस्ट्रियल फीडर व ममहर फीडर की विद्युत सप्लाई गुरुवार से रविवार तक प्रतिदिन सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता ने उक्त फीडर से संबंधित विद्युत उपभगताओं से सुबह ग्यारह बजे से पहले ही विद्युत से सम्बंधित कार्य पूरा करने की आहवाहन किया है।

# आत्महत्या से पहले मनोज ने मां व बड़े भाई पर लगाया आरोप, वीडियो वायरल

**फॉलोअप**

**जफराबाद के मोहल्ला नासही में मंगलवार को सुबह बंद कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था युवक**

**जफराबाद।** नगर पंचायत के मोहल्ला नासही में मंगलवार को सबह 34 वर्षीय युवक मनोज सोनी घर के बंद कमरे में पंखे के चुल्ले से फांसी पर लटकता हुआ पाया गया था। परिवार की सूचना पर पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार को सुबह आत्महत्या पहले मनोज सोनी का वीडियो वायरल होना शुरू हो गया।

मनोज अपनी सगी मां तथा बड़े भाई पर घर के प्रॉपर्टी को लेकर विवाद तथा मां के द्वारा मुकदमा करने की तकलीफ का वीडियो बनाया है। मां के द्वारा पत्नी को तकलीफ पहुंचाना। अपने बच्चों को समझाना। अपनी पत्नी को बच्चों को संभालने का संदेश देना। अपने बच्चों को मां की सेवा करने का संदेश देना। अपनी मां को सब कुछ ले लेने की बात कहना। अपनी बहनों को बच्चों को संभालने की बात कहने का संदेश वीडियो बनाया है। पारिवारिक तकलीफ को व्यक्त करने के बाद मनोज ने अपने आप को फांसी के फंदे पर लटका लिया। 12 मिनट तक परिवार में हुए तकलीफों के बारे में वीडियो बनाकर व्यक्त किया है। मरने से पहले मनोज के इस वीडियो ने सबके मन को झगझोर कर रख दिया है। मंगलवार को देर शाम पोस्टमार्टम के बाद मनोज का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। मनोज के सुसाइड को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त थी। इस वीडियो ने लोगों के मन में चल रहे तरह-तरह के कयास पूर्ण विराम लगा दिया है। अब चर्चा सिर्फ एक बात की है कि क्या मां भी ऐसी हो सकती है। वीडियो वायरल होने के मामले में थानाध्यक्ष जेपी यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उनके परिवार से उनकी पत्नी की तरफ से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। यदि वह करवाई की मांग की तहरीर देतीं है तो कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन के विवाद में मारपीट चार लोग घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत परासिन गांव में जमीनी विवाद में दबंगों ने महिला समेत चार लोगों को लाठी डंडे से पीटकर कर लहूलुहान कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

बीबीगंज चौकी क्षेत्र के परासिन गांव में बुधवार को जमीनी विवाद के चलते दबंग पट्टीदारों ने 25 वर्षीय पकंज, 19 वर्षीय राजन पुत्रगण उमाशंकर, 37 वर्षीय शिवकुमार पुत्र दयाराम व 47 वर्षीय संतारा पत्नी उमाशंकर को लाठी डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पकंज की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कुशल प्रबंधन, अनुशासन ही सफलता की कुंजी : नुरुल होदा



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बीबीए के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण के तहत छात्रों को हरियाणा के मानेसर औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कराया गया।

हरियाणा के मानेसर औद्योगिक सम्पदा में स्थित प्रेसिशन मेटल्स एंड प्रेफाब सलूशन्स में छात्रों को शीट मेंटल पार्ट्स का निर्माण प्रक्रिया के बारे में बताया गया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नुरुल होदा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुशल प्रबंधन नेतृत्व एवं अनुसाशन ही व्यवसाय संस्थानों की सफलता की कुंजी है।

गुणवत्ता के लिए आईएसओ 9001-2015 प्रमाणित कंपनी सीएनसी लेजर कट एवं प्रेस बेंडिंग वेल्डड तकनीक से प्री-इंजीनियर्स, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, मेंटल बिल्डिंग, इंडस्ट्रियल शेड्स एवं माल गोदाम आदि का निर्माण करती है। नुरुल होदा ने कहा कि जस्ट इन टाइम तकनीक, शून्य त्रुटि सहनशीलता एवं उच्च गुणवत्ता से ही ग्राहक को बेहतरीन उत्पाद से संतुष्ट किया जा सकता है। छात्रों को कंपनी का अनेक विभागों का दौरा कराया गया, जिसके बाद छात्रों ने अपना प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण किया। छात्रों द्वारा मैनेजमेंट सम्बंधित सवाल किया गया जिसका उत्तर व्यावहारिक उदाहरण देकर समझाया गया। व्यवसाय प्रबंध के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने अपने सन्देश में कहा कि ऐसे भ्रमण से व्यवसाय प्रबंध के विद्यार्थियों को अलग अलग उद्योगों का तुलनात्मक अनावरण करने में मदद मिलती है। समरीन तबस्सुम ने कंपनी के प्रबंध निदेशक नुरुल होदा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया एवं डॉ. विकास कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इसके बाद विद्यार्थियों को मानेसर स्थित फाइन कोट्स कंपनी का दौरा कराया गया जहाँ उन्हें कंपनी के प्रबंधक के.के. मिश्रा ने मैटेलिक पेंटिंग का विभिन्न प्रक्रिया से अवगत कराया।

# सड़क दुर्घटना में मृत युवक का शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**दु:खद**

**पंचतत्व में विलीन हुये पहलवान आशीष सिंह, साथियों ने दिया अन्तिम विदाई**

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा हुरहुरी निवासी युवा पहलवान आशीष सिंह 28 वर्ष पुत्र विनोद सिंह की विगत सोमवार को दोपहर रांची में सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर साथियों ने भावभीनी अन्तिम विदाई दिया। वहीं बुधवार की दोपहर गोमती किनारे पुश्तैनी सिहौली घाट पर पंचतत्व में विलीन हो गये।

गौरतलब है कि अपनी बेहतरीन पहलवानी और मिलनसार आचारण के चलते आशीष कम वक़्त में लोगों के चहेते बन गये थे और परिवार का भरण पोषण करने के लिये गेल इण्डिया गैस कम्पनी में कार्यरत थे। सोमवार को कम्पनी के किसी कार्य को करने के लिये इनोवा कार से निकले थे। अनियंत्रित होकर कार साइन बोर्ड को उखाड़ते हुए पेड़ में जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे के परखचे उड़ गये जिसके चलते मौके पर उनकी मौत हो गयी। वही कार में सवार उनके एक साथी अरशद अली की भी मौत हो गयी। ड्राइवर विजय सिंह घटना में घायल हो गया। सूचना पर परिजनों ने शव को उनके गृह गाँव हुरहुरी ले आये और परिवारिजनों के अन्तिम दर्शन के उपरान्त उनकी अन्त्येष्टि कर दिया गया। आशीष सिंह चार भाईयों में सबसे छोटे थे। साथी की मौत से दु:खी पहलवानों ने शोक व्यक्त कर भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर चन्द्रजीत यादव पहलवान, दिनेश यादव पहलवान, आदेश यादव, मयंक यादव, किसन यादव, सभाजीत यादव, अतुल, काजू, आदर्श यादव, मंतोष यादव समेत भारी संख्या में साथी पहलवान और ग्रामीण उपस्थित रहे।



मृतक पहलवान की फाइल फोटो

## किशोरी का अपहर्ता युवक गिरफ्तार

**बदलापुर।** सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर मोड़ के पास से बुधवार को किशोरी का अपहरण करने के आरोप में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। इस संबंध में सिंगरामऊ पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की अपहरण करने के आरोप में वांछित चल रहे शिवकुमार पुत्र संजय गौतम निवासी ग्राम जमऊपट्टी थाना सिंगरामऊ को इनामीपुर बछाड़ी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बकाया राजस्व वसूली में खराब प्रदर्शन के चलते दो एक्सईएन निलंबित

**कार्रवाई**

**बदलापुर डिवीजन और मछलीशहर के एक्सईएन पर गिरी गाज**

**अभी और दर्जनों बिजली कर्मियों के खिलाफ निलंबन की होगी कार्रवाई**

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** बिजली के बकाया राशि की वसूली में खराब प्रदर्शन के कारण बदलापुर एवं मछलीशहर के एक्सईएन बिजली को निलंबित कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल की समीक्षा बैठक के बाद राजस्व वसूली में खराब प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। जिले के बदलापुर डिवीजन में तैनात रमेश चंद्र और मछलीशहर डिविजन में तैनात राम सनेही यादव को निलंबित किया गया है। विभागीय सूत्रों की माने तो अभी और दर्जनों बिजली कर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई किए जाने की तैयारी शुरू है। मंगलवार को समीक्षा बैठक के दौरान चेयरमैन ने राजस्व वसूली तथा एकमुश्त समाधान योजना में लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने का आदेश प्रबंध निदेशकों को दिया था। निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्युत वितरण कंपनी में खराब प्रदर्शन करने वाले एक अधीक्षण अभियंता और चार अधिशासी अभियंता के खिलाफ प्रबंध निदेशक कार्रवाई होनी थी। मुख्य अभियंता ने क्षेत्र में खराब प्रदर्शन के मामले में 40 कार्मिकों को चेतावनी देने का निर्देश दिया है। चेयरमैन ने बिल वसूली के साथ ही एकमुश्त समाधान योजना की समीक्षा भी की। अ

धिकारियों को निर्देश दिया है कि बिजली बिल के एक-एक बकायेदार से संपर्क कर उनसे बकाया बिल जमा कराने का निर्देश जारी किया है। सूत्रों की मानें तो जिन क्षेत्रों में विद्युत राजस्व वसूली और ओटीएस में प्रगति नहीं है, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की जानी है। इस समीक्षा बैठक में खराब प्रदर्शन करने के मामले में मुख्य अभियंता सहित अनेक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया। एक-दो दिन में इन सभी के खिलाफ सक्षम स्तर से कार्रवाई की जाएगी। मामले में मछलीशहर के एक्सईएन बिजली आरएस यादव का कहना है कि जेई और संविदा कर्मियों के स्तर से लापरवाही हुई थी किंतु वसूली कार्य में निरन्तर सुधार हो रहा है। अन्य विभागीय अधिकारियों को भी मातहतों द्वारा की गई लापरवाही का खामियाजा निलंबन के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

# संक्षेप

## सुशासन सप्ताह में छात्र छात्राओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र

**भदोही।** भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की सौवीं जयंती के अवसर पर काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में सुशासन सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री जी के लाइव प्रसारण को देखा व सुना व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य किए जाने हेतु कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिले अध्यक्ष दीपक कुमार मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ.शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुँवर वीरेंद्र मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, परियोजना निदेशक डीआरडीए एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य अपने अधीनस्थों के साथ उपस्थित रहे।

## सहकार से समृद्धि मेगा इवेन्ट का विकास भवन में हुआ आयोजन

**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग द्वारा बुधवार को विकास भवन सभागार में "सहकार से समृद्धि" मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री भारत सरकार के "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना के अनुरूप भारत सरकार, नाबार्ड, एनडीडीबी (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड) एनएफडीबी (नेशनल फिशरीज डेवलपमेंट बोर्ड) और राज्य सरकारों के सहयोग से आवश्यकतानुसार देश की सभी पंचायतों और गांवों को समितियों को सहकारिता से आच्छादित करने के उद्देश्य से दो लाख नई पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना की महत्वाकांक्षी योजना को लागू कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री भारत सरकार द्वारा 19 सितंबर को मार्गदर्शिका (एसओपी) लांच की गयी थी। मार्गदर्शिका के शुभारम्भ के बाद इस अल्प समय में दस हजार से अधिक नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का गठन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के सरकार के प्रयास में एक प्रमुख मील का पत्थर है। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, मत्स्य विभाग एवं दुग्ध विभाग के अधिकारी व उनकी समितियों के सचिव एवं सहकारिता विभाग से जुड़े अन्य विभिन्न सहचार बन्धु उपस्थित रहे।

## 28 दिसम्बर तक सभी छात्र छात्राए जमा करें छात्रवृत्ति फार्म

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 28 दिसम्बर निर्धारित की गई हैं। प्रेस नोट के माध्यम प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने बताया कि महाविद्यालय में जिन छात्रों ने अभी तक छात्रवृत्ति का फॉर्म नहीं भरा है, वह सभी छात्राएं अविलंब फॉर्म भर लें एवं जिन्होंने फार्म भर लिया है, लेकिन महाविद्यालय कार्यालय में अभी तक उसे जमा नहीं किया है, वह अनिवार्य रूप से शनिवार तक कार्यालय में अवश्य जमा कर दें। अन्यथा उनका आवेदन छात्रवृत्ति पोर्टल से निरस्त कर दिया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित छात्रा की होगी।

## पैदल जा रहे व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत

**भदोही।** थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत पैदल जा रहे अधेड़ की मोटरसाइकिल की चपेट में आने से मौत हो गयी।सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई। मृतक की शिनाख्त श्यामा प्रसाद पाल पुत्र झींगुरी पाल निवासी रमईपुर थाना चौरी के रूप में की गई। श्यामा प्रसाद पाल बुधवार की सुबह पैदल जा रहे थे। रास्ते में अचानक जानवर आ जाने से एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे श्यामा प्रसाद को चोट लग गई। ईलाज हेतु ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जाम का झाम बनता जा रहा सिर दर्द, आम जन परेशान

**गोपीगंज।** नगर में नियमित जाम लगता है। जाम की हालत यह होती है कि राहगीर पैदल भी नहीं निकल पाते। जाम न लगे इसके लिए पुलिस जाम से निजात दिलाने के दावे करते हैं, लेकिन उनके दावे हर बार फेल हो जाते हैं। नगर में जाम न लगे, इसके लिए नगर के मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस के जवान की नियुक्ति है। ट्रैफिक पुलिस के सिपाहियों के सहयोग के लिए होमगार्डो की ड्यूटी भी लगाई जाती है, किंतु इसके बावजूद मुख्य चौराहों पर जाम लगना आम बात है। सड़क पर ई-रिक्शा, चार पहिया वाहन, दुपहिया वाहन आड़े-तिरछे खड़े होना। अक्सर ई-रिक्शा चालक सड़कों पर कहीं खड़े होकर सवारियां बैठाने का काम करने लगते हैं। ड्यूटी पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के हटाने के बावजूद भी खड़े रहते है उनके अंदर किसी का खौफ नहीं। वहीं बाजारों में सड़क के दोनों ओर स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण भी जाम का एक मुख्य कारण है। नगरीय क्षेत्र में सुबह शाम अगर आपको तुलसी सिनेमा मोड़ से कस्बे के अंदर जाना हो तो पैदल नही निकल पाएंगे। नगर खड़हट्टी मोहाल, अंजहि मोहाल,सदर मोहाल से निकलना मुश्किल हो जाता है। जीटी रोड पर बड़े दुकानदारों ने अस्थाई अतिक्रमण कर रखे है। आम नागरिकों ने जिला प्रशासन से जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

## असहायों की मदद पुनीत कार्य : दुर्गेश सिंह

**खेतासराय।** देवदूत हेल्पिंग हैंड्स द्वारा असहायों गरीब, जरूरतमंदों में कम्बल वितरित कर उनको ठंड से बचाने के लिए सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल आमगांव, फुलेश में बुधवार कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें 500 असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रबन्धक दुर्गेश सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गरीब और बेसहारा की मदद करना समाज का दायित्व है इससे पुण्य अर्जित होता है। इस तरह के प्रयास से समाज में भाईचारे और मानवता को बढ़ावा मिलता है। हमारी यह संस्था समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े लोगों की सेवा करने के अग्रणी भूमिका निभाती है। यह कार्य विगत पाँच-छः वर्षों से करते चले आ रहे है और आगे भी अनवरत चलता ही रहेगा। इस दौरान 500 जरूरमंद लोगों को कम्बल वितरित किया गया। वही कम्बल वितिरत कार्यक्रम में दूर-दराज से आये लोगों के चेहरे पर मुस्कान छा गयी। इस अवसर दौरान सत्या सिंह, मनोज सिंह, रमेश सिंह, रामा, एडवोकेट बलवंत सिंह, संदीप बिन्द, विकास यादव, हरेन्द्र यादव, गौरव पाण्डेय, नारायण सिंह व नेहा सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रधानाचार्य विनोद यादव ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम और व्यापक स्तर पर किए जाएंगे।

## चोरी की मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**खेतासराय।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने बुधवार को एक आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा करते हुए आवश्यक कार्यवाही कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर बुधवार को चोरी के मोबाइल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अपना नाम अब्दुला पुत्र शफीक अहमद निवासी ढढंवाराकलां थाना शाहगंज बताया। तलाशी के दौरान इसके पास से चोरी की एक नारजो रियलमी कम्पनी का काला रंग का बरामद हुआ। जिसको थाने लाकर विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उपनिरीक्षक मोहम्मद तारिक अंसारी, हेड कांस्टेबल संजय पाण्डेय, कास्टेबल बृजेश पाण्डेय शामिल रहे।

## प्रधान अढ़नपुर के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज

**सुइथाकला।** विकास कार्यों में व्यापक पैमाने पर धांधली पाए जाने पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने ग्राम प्रधान अढ़नपुर मनोज प्रजापति के समस्त वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दी है। जिसे लेकर प्रधानों में हड़कंप मचा है। तेलीतारा निवासी शिशिनजीत यादव ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि अढ़नपुर में विभिन्न मदों से कराए जाने वाले विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। गांव में बंधे पर बिना कार्य के ही धन का भुगतान किया गया है। पंचायत भवन के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। दो दर्जन इंडिया मार्का हैंडपंप का फर्जी रिबोर दिखाकर भुगतान निकाला गया। इतना ही गांवमें एक व्यक्ति के खेत का समतलीकरण भी फर्जी ढंग से दिखाकर भुगतान लिया गया जब कि उक्त समतलीकरण का कार्य काश्तकार द्वारा स्वयं कराया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज झा द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही को जांच सौंपी गई थी। जिसके क्रम में शिकायकर्ता द्वारा लगाए गए सभी आरोप सही पाए गए। जब कि आरोपित प्रधान द्वारा अपने बचाव में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।






# महामना की बगिया में पुष्पों का अलौकिक 'महाकुंभ'

## महामना की जयंती पर मालवीय भवन में तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी शुरू

**वाराणसी।** भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की की जयंती पर मालवीय भवन में आयोजित तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन बुधवार को बीएचयू के कुलगुरु प्रो. संजय कुमार व विशिष्ट अतिथि वन संरक्षक (आईएफएस) रवि कुमार सिंह ने किया। महामना की बगिया में पुष्पों से बनी विश्वनाथ धाम व महाकुंभ की अद्भुत अनुकृति दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। देसी-विदेशी पुष्पों की अलौकिक छटा लोग निहारते ही रह गए। देर शाम मालवीय भवन को दीपों से आकर्षक ढंग से सजाया गया।

पुष्प प्रदर्शनी के सचिव प्रो. सरफराज आलम ने प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनी में मुख्य रूप से गुलदाउदी के गमले व फूलों के संग्रह, कोलियस, विभिन्न

**प्रदर्शनी**

**दो घंटे में ही हजारों ने फूलों से सजाई अद्भुत अनुकृतियों को निहारा**

तरह के शोभाकारी पौधे एवं रंगीन पत्तियों के समूह लगाए गए थे। गुलदाउदी के कटे फूल, कुलाब के कटे फूल, लीलियम, जरबेरा, कार्नेशन, ग्लैडियोलस, रजनीगंधा, बर्ड आफ पैराडाईज, गेंदा, गुलाब आदि पुष्पों के गमले रिफ्लेक्सड, इनकवर्ड, इनकर्विंग, स्पाइडर पोममैन, स्पून, एनिमोन आदि प्रारूपों में प्रदर्शित किए गए थे। साथ ही विभिन्न प्रकार के फल व सब्जियों, कलात्मक पुष्प सज्जा, मंडप, विश्वविद्यालय मुख्यद्वार का पारूप, पुष्पों से सुसज्जित शिवलिंग तथा रंगोली, सुकर्तन कला, बोनसाई और

**गुलाब के ये फूल रहे चर्चित**

- किंग आफ द शो- सोलेयर
- क्वीन आफ द शो- नारंगा
- प्रिंस आफ द शो- पीच हवाइट
- प्रिंसेस आफ द शो- टोपाज

हरी पत्तियों के संग्रह, मालवीय जी पर आधारित वास्तुकला के नमूने, मानव, पक्षी व जल प्रपात आदि आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे। प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के अन्य विभाग, छात्रावास, उद्यानों के साथ ही जनपद की विभिन्न संस्थाओं, 39जीटीसी, छावनी परिषद, उप निदेशक उद्यान वाराणसी, जिला उद्यान अधिकारी, आजमगढ़, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, संत रविदास नगर,



चंदौली, मऊ, बरेका, केंद्रीय कारागार वाराणसी, पूर्वोत्तर रेलवे, जिला कारागार, धीरेंद्र कन्या महाविद्यालय समेत अन्य संस्थाओं के लोगों ने प्रतिभाग किया। इस प्रदर्शनी की मुख्य विशेषता आर्गेनिक रूप से गमलों में उगाई गईं सब्जियां, औषधीय पौधे व मसाले आदि रहे। इसके अलावा महाकुंभ-2025, बाबा विश्वनाथ का शिवलिंग, प्राकृतिक मालवीय उद्यान, बोतल गार्डेन आकर्षण के केंद्र रहे। प्रदर्शनी में आगंतुकों की गणना के लिए



इत्र से सुगंधित स्वागत कार्ड दिया गया, जिसमें केवल दो घंटे में दस हजार नौ सौ लोगों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में कुल 786 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो विभिन्न समूहों लगभग 7452 प्रदर्शों को प्रदर्शित किया गया, जो गत वर्ष से अधिक है। यह प्रदर्शनी 27 दिसंबर को शाम छह बजे तक खुली रहेगी। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. अरुण कुमार सिंह, डा. कल्याण बर्मन, छात्र अधिष्ठाता प्रो. एके नेमा, प्रो. एसबीएस राजू, प्रो. एसएन संखवार, अश्विनी कुमार देशवाल व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# क्रिसमस की धूम देर रात तक वाराणसी में नजर आई




# एसएसआई पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न



**चौबेपुर।** स्थानीय एस. एस. आई. पब्लिक स्कूल प्रांगण में सूबेदार सिंह ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूशन्स का वार्षिकोत्सव समारोह बुधवार को उमंग-2024 का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डा महेंद्र नाथ पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर राहुल सिंह सचिव संत अतुलानन्द कॉन्वेंट स्कूल की गरिमामयी उपस्थिति रही। चेयरमैन अमित कुमार सिह सन्नी ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. आर. पी. शाही ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों को प्रस्तुत करते हुए संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ महेंद्र पांडेय ने अपने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निदेशिका माधवीलता सिंह, प्राचार्या डॉ. पुष्पा सिंह, कॉलेज के निदेशक डॉ. स्वतंत्र सिंह, सचिव अनुज सिंह और ए. एम. डी. अतुल सिंह सहित सभी शिक्षक, शिक्षिका, बच्चे व कर्मचारी-गण ने अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# केपीआई उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

**ठेकेदारों को चेतावनी**

**सही कारण और जानकारी पर चूक से बचें**

**वाराणस।** वायोलेशन का सहीं कारण संबंधित जनपद की जानकारी और ठेकेदारों के नाम में चूक से केपीआई वायोलेशन पर ठेकेदारों पर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष एवं खाद्य नियंत्रक (मंडल) पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में चार जिलों से उपलब्ध कराए गए ठेकेदारों के छोटे वाहनों के सूची की बखूबी जानकारी की गई,वहीं उसके रूटचार्ट की स्थिति पर भी चर्चा हुई। जिसमें वाराणसी, चंदौली, जौनपुर और गाजीपुर के ठेकेदार शामिल रहे।बैठक में केपीआई वायोलेशन (रेड फ्लैग, इन-रूट स्टॉपेज, रूट डेविएशन, फोर्स क्लोजर, अनऑथराइज्ड लोकेशन) की स्थिति पर गहन समीक्षा की गई। इस



दौरान जौनपुर और गाजीपुर जनपदों में केपीआई वायोलेशन की स्थिति खराब पाए जाने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताई,और प्रतिदिन वायोलेशन की विस्तृत रिपोर्ट केएमएल फाइल के साथ प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने वायोलेशन का सहीं कारण संबंधित जनपद की जानकारी और ठेकेदार के नाम स्पष्ट रूप से सूची तत्काल उपलब्ध नही कराए जाने पर सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि इस मामले में लापरवाहीं किए जाने पर ठेकेदारों पर प्रत्येक वायोलेशन पर लगभग 500 से 2000 तक रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने संबधित डीएफएमओ को निर्देशित किया है कि वायोलेशन की रोकथाम सुनिश्चित करें ,अन्यथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर आरएमओ प्रदीप कुमार कुशवाहा, डीसी फूड राजन गोयल, डीएसओ, आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिवरानी की कहानियों से गुजरना एक सुखद अहसास

**वाराणसी।** मुंशी प्रेमचंद मार्गदर्शन केंद्र ट्रस्ट लमही एवं स्त्री दर्पण मंच के संयुक्त तत्वावधान में शिवरानी देवी : लेखन के सौ वर्ष विषयक ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ रामसुथार सिंह ने कहा कि शिवरानी की कहानियों से गुजरना एक सुखद अहसास जैसा है। इन्होंने नारी चरित्रों में एक अलग उष्मा भरी है। प्रेमचंद की बड़ी छाया में शिवरानी जी का सही मूल्यांकन नहीं हो सका । विशिष्ट वक्ता के रूप में बेंगलुरु से डॉ उषा रानी राव ने कहा कि शिवरानी देवी स्वतंत्र चेता व्यक्तित्व थीं । उनकी कहानी 'साहस ' स्त्री चेतना का प्रतीक है। वास्तव में रामप्यारी की चेतना शिवरानी देवी की चेतना है। मुंशी प्रेमचन्द जैसे कथा साहित्य के



बरगदी व्यक्तित्व की छत्र- छाया में रहते हुए भी स्त्री संघर्ष के प्रति सचेत थीं। स्वतंत्रता आंदोलन में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर अनेक के लिए प्रेरणा बनीं । संगोष्ठी में डॉ शुभा श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिवरानी के लेखन से गुजरना वास्तव में नवजागरण के स्त्री मानस के अंतद्वंदों से गुजरना है। शिवरानी की कहानियां भारतीय परंपरा और अपनी तीव्र आधुनिकता के साथ पगी हुई हैं। संगोष्ठी का संचालन डॉ अलका तिवारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन राजीव गोंड ने किया।

# पांच दिनी वार्षिक खेलकूद का समापन



**पिंडरा।** गांगकला क्षेत्र स्थित त्रिपदा पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन दीप प्रज्वलित मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व राष्ट्रगान के साथ बड़े उत्साह एवं जोश के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरपी सिंह ने कहा कि खेलकूद से बच्चें स्वस्थ तो रहते हैं उनका मानसिक विकास भी होता है। खेल जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है । पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद के समापन पर कबड्डी ,खो खो दौड मैं विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार का वितरण भी किया गया इस मौके पर विद्यालय के निदेशक कन्हैया लाल पटेल, प्रबंध निर्देशिका श्रीमती प्रमिला देवी, प्रेमचंद मौर्या, अशोक पांडे के द्वारा अतिथि गणों का अंग वस्त्रम देकर स्वागत किया गया।

# घर-घर में सजा इमाम हसन का दस्तरख्वान

**की दुआएं**

**रोजी में बरकत व खुशहाली की हुईं दुआएं, 1450 साल पहले शुरू हुई थी परंपरा**

**वाराणसी।** घर-घर में इमाम हसन का दस्तरख्वान सजा। 25 दिसम्बर को शहर में भी इमाम हसन का दस्तरख्वान सजाया गया। शिया बहुल इलाकों में शाम की नमाज के बाद ये सिलसिला शुरू हुआ। रामनगर, शिवाला, बजरडीहा, मदनपुरा, चौक, दालमंडी, काली महल, लल्लापुरा, शिवपुर, अर्दली बाजार, दोषीपुरा ,राजापुरा, पठानीटोला आदि क्षेत्रों में नबी के बड़े नवासे अली और फातमा के बड़े बेटे इमाम हसन द्वारा स्थापित परंपरा का पालन करते हुए दस्तरख्वान सजाया गया। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी फरमान हैदर ने बताया कि 1450 साल पहले मदीने में हजरत अली की प्रेरणा से इमाम हसन ने गरीब और मस्कीन लोगों के लिए मदीने में ये परंपरा शुरू की थी। जो मुसाफिर दूसरे



शहरों से मदीने में आते थे उन्हें मेहमान के रूप में इमाम हसन के दस्तरख्वान पर खाना खिलाया जाता था। ताकि गरीबों की मदद हो सके। श्री हैदर ने बताया कि दस्तरख्वान का सिलसिला 22 दिसंबर से शुरू हो चुका है जो 28 दिसंबर तक चलेगा। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर फल , मिठाई, मेवा आदि के साथ दावत में शिरकत की। इस अवसर पर घर घर में देश में बरकत, खुशहाली के लिए दुआएं की।

# महालक्ष्मी आराधना से मिलेगा सर्वांगीण सुखः राघव ऋषि

**वाराणसी।** श्री ऋषि आश्रम सेवा समिति, वाराणसी के तत्वावधान में नुआंव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठें दिन बुधवार को राघव ऋषि ने कहा गोवर्धन लीला भक्ति बढ़ाने वाली लीला है। भक्ति को बढ़ाने के लिए कुछ समय पवित्र स्थल पर जाकर महालक्ष्मी की आराधना करनी चाहिए। तभी वे हमारी रक्षा करेंगी क्योंकि यह सम्पूर्ण संसार गोवर्धन प्रभु के ही सहारे है। जीवन मे जब भी दुख, विपत्ति आये तो सिर्फ प्रभु के नाम का आश्रय लेना चाहिए। भगवती महालक्ष्मी भोग व मोक्ष दोनों प्रदान करने वाली देवी है। प्रत्येक जीव को महालक्ष्मी आराधना करना अपेक्षित है। लक्ष्मीनारायण भगवान का मिलन ही श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह- कथा क्रम में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए राघव ऋषि ने कहा कि यह लीला लक्ष्मी नारायण भगवान के मिलन की कथा है। कन्यादान की रस्म मुख्य यजमान राजेंद्र गोयनका, राहुल गोयनका एवं तनय गोयनका ने सपत्नीक निभाई। इस अवसर पर सौरभ ऋषि ने ₹आजा आजा रे सांवरिया₹, 'आजा प्यारी सखिया तुझे मेहंदी लगा दूँ' भजन गाया तो श्रद्धालुजन भावविभोर हो झूमने लगे।

